वर्ष : 02
अंक : 314
पृष्ठ : 08
मूल्य : तीन रुपये

RNI No. : UPHIN/2023/84879

# परिवर्तन दूत

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

वाराणसी, शुक्रवार, 01 मार्च, 2024



4 लोकसभा चुनाव में तमिलनाडु में हो सकता...
Email : pdnewsvns@gmail.com e-paper:www.parivartandoot.com
आखरी टेस्ट भी नहीं खलेंगे के एल राहुल... 7

# हिमाचल : सुक्खू का संकट टला, बने रहेंगे मुख्यमंत्री

## कांग्रेस ने कहा- सभी मतभेद दूर किए,ऑपरेशन लोटस फेल रहा

### अयोग्य करार दिए छह विधायक हाईकोर्ट पहुंचे

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में सरकार की स्थिति और क्रॉस वोटिंग पर कांग्रेस ने 29 फरवरी की शाम प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इसमें कर्नाटक के डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार, हरियाणा के पूर्व सीएम भूपेंद्र हुड्डा और हिमाचल सीएम सुखविंदर सुक्खू शामिल थे। प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि पार्टी और विधायकों के बीच सारे मतभेद सुलझा लिए गए हैं। सुक्खू सीएम बने रहेंगे। ऑपरेशन लोटस फेल हो गया है। हमारे लिए अब लोकसभा चुनाव प्राथमिकता है।



इससे पहले राज्यसभा चुनाव के दौरान क्रॉस वोटिंग करने वाले 6 कांग्रेस विधायकों को अयोग्य ठहराए जाने के बाद धर्मशाला में मुख्यमंत्री सुखविंदर सुक्खू और बागी विधायक सुधीर शर्मा के समर्थकों में झड़प हो गई थी। उधर, पूर्व सीएम वीरभद्र की पत्नी प्रतिभा सिंह ने विधानसभा स्पीकर कुलदीप सिंह पठानिया की सस्पेंशन की कार्रवाई पर नाराजगी जताई थी। उन्होंने कहा कि ये फैसला हाईकमान को लेना था। भाजपा ने भी अपने सभी विधायकों से कहा कि वे शिमला में ही रुके रहें। नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि अयोग्य ठहराए गए विधायक जाहिर तौर पर हमारे होंगे। अगर प्रतिभा सिंह भाजपा में आती हैं तो उनका स्वागत है।

वहीं, कांग्रेस के छह बागी विधायकों ने स्पीकर के फैसले को हाईकोर्ट में चुनौती दे दी है। बजट सेशन के दौरान सदन में मौजूद न रहने पर स्पीकर पठानिया ने गुरुवार सुबह इन्हें विधानसभा सदस्यता से अयोग्य ठहराया था। बागी विधायकों ने अपनी सदस्यता रद्द करने के फैसले को चैलेंज किया है। कांग्रेस के इन विधायकों के क्रॉस वोटिंग से कांग्रेस उम्मीदवार अभिषेक मनु सिंघवी हार गए थे।

## लोकसभा चुनाव के लिए सेंट्रल फोर्स की तैनाती शुरू

**नयी दिल्ली।** देश में आगामी लोकसभा चुनाव और कुछ राज्यों में विधानसभा चुनावों के लिए 3.4 लाख से अधिक सेंट्रल फोर्स के जवानों को तैनात किया जाएगा। जवानों का पहला बैच 1 मार्च को देश के अति संवेदनशील इलाकों के लिए रवाना होगा। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, अति-संवेदनशील निर्वाचन क्षेत्रों में चुनाव पूर्व तैनाती के हिस्से के रूप में लगभग 2,000 कंपनियों को तैनात किया जाएगा। जिसमें करीब 1.5 लाख जवान होंगे। सेंट्रल फोर्स की पहली टुकड़ी इस सप्ताह के अंत में पश्चिम बंगाल और जम्मू-कश्मीर के अलावा वामपंथी उग्रवाद प्रभावित राज्यों में पहुंचना शुरू कर देंगी। सूत्रों के मुताबिक, जवानों की तैनाती का दूसरा चरण 7 मार्च से शुरू किया जाएगा, इसके बाद कुछ टुकड़ियां मार्च के दूसरे और तीसरे सप्ताह में अपने निर्धारित स्थानों पर भेजी जाएंगी। एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि इन इकाइयों के कमांडिंग अधिकारियों को आदेश जारी किए गए हैं।

## अखिलेश ने सीबीआई को लिखित जवाब भेजा

### बोले- सभी जानते हैं कौन भिजवा रहा है

**लखनऊ।** सपा प्रमुख अखिलेश यादव आज सीबीआई के सामने पेश नहीं हुए। सीबीआई ने 5 साल पुराने अवैध खनन केस में उन्हें दिल्ली में बतौर गवाह पूछताछ के लिए बुलाया था। हालांकि, उन्होंने लिखित में सीबीआई को जवाब भेज दिया है। लखनऊ में पार्टी मुख्यालय पर उन्होंने कहा कि सभी जानते हैं कि समन कौन भिजवा रहा है। उन्होंने कहा कि 2019 के बाद यानी पिछले 5 सालों में कोई जानकारी क्यों नहीं मांगी गई? मैं समझता हूं कि जब चुनाव आएगा, तब नोटिस भी आएगा। भाजपा इस समय सबसे ज्यादा कमजोर है। वह घबराई हुई है।



अखिलेश यादव ने तंज कसते हुए कहा कि भाजपा को मनोज पांडेय को डिप्टी सीएम बना देना चाहिए। बीजेपी तो एक्सचेंज के थीम पर चलती है। दिनेश शर्मा हटे तो कोई और आया। अब इनकी बारी है। अखिलेश यादव ने कहा कि जिस सरकार ने दावा किया है कि 60 लाख बच्चों की परीक्षा नौकरी देंगे। उसने जानबूझकर क्वेश्चन पेपर लीक कराया है। सरकार की नीयत ठीक नहीं है। नौकरी देंगे तो आरक्षण देना पड़ेगा। आरक्षण देना पड़ेगा तो पीडीए मजबूत होगा। अखिलेश ने कहा कि अग्निवीर इसलिए लाई गई है कि सरकार ढळ्ळ परिवार को आर्थिक रूप से कमजोर करना चाहती है। आप विधायकों को पैकेज दे सकते हैं। मगर जनता को पैकेज नहीं दे सकते हैं। हमने किसी को नहीं रोका दर्शन करने मत जाओ। वह लोग गलत बयानबाजी कर रहे हैं।

### सरकारी एजेंसियों का दुरुपयोग कर रही है सरकार- डिंपल



मैनपुरी सांसद डिंपल यादव ने कहा, लोकसभा चुनाव में जनता उनके साथ है। इस चुनाव में जनता भाजपा को सबक सिखाएगी। इस समय भाजपा 'इंडिया' गठबंधन की ताकत को महसूस कर रही है। उन्होंने भाजपा सरकार को घेरते हुए कहा, इस समय पूरे देश में सीबीआई-ईडी का दुरुपयोग लगातार होता जा रहा है। हमारा कांग्रेस से गठबंधन है। चुनाव को देखते हुए यह समन आया है। इस प्रकार के समन और ईडी के नोटिस लोगों को भी जाते हैं।

## संक्षिप्त

### साथ चुनाव लड़ेंगी कांग्रेस, पीडीपी-नेशनल कांफ्रेंस

**जम्मू।** लोकसभा चुनाव के लिए जम्मू-कश्मीर में नेशनल कॉन्फ्रेंस (एनसी) और पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) और कांग्रेस एक साथ आ गई हैं। जम्मू-कश्मीर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ने कहा, 'इंडिया' ब्लॉक अपनी पूरी ताकत से चुनाव लड़ेगा। जम्मू-कश्मीर में आपको आने वाले कुछ दिनों में अच्छी खबर मिलेगी कि कांग्रेस, एनसी और पीडीपी ने सीटों का बंटवारा कर लिया है और हम संयुक्त रूप से चुनाव लड़ेंगे।

### पेशी के दौरान आरोपी पर फायरिंग

**आरा।** बिहार के आरा सिविल कोर्ट में बदमाशों ने गुरुवार को एक नामजद आरोपी गोपाल चौधरी (62) को गोली मार दी। अपराधियों ने ताबड़तोड़ 5 राउंड फायरिंग की। इसमें से एक गोली उसके कान के पास लगी। गंभीर हालत में उसे प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई है।

### पूर्व विधायक और पत्नी को सात साल की सजा

**नयी दिल्ली।** दिल्ली के राउज एवेन्यू कोर्ट ने पूर्व विधायक रणबीर सिंह खरब और उसकी पत्नी अनीता को 7 साल की सजा सुनाई है। इसके अलावा कोर्ट ने 44 लाख 50 हजार रुपए का फाइन भी लगाया। मामला एक 17 साल की लड़की से धोखाधड़ी से जुड़ा है।

## मोदी-जगन्नाथ ने मॉरीशस में विकास परियोजनाओं का उद्घाटन किया




**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मॉरीशस के उनके समकक्ष प्रविंद जगन्नाथ ने गुरुवार को मॉरीशस के अगालेगा द्वीप पर भारत की सहायता से कई सामुदायिक विकास परियोजनाओं का डिजिटल तरीके से उद्घाटन किया। परियोजनाओं से मुख्य भूमि मॉरीशस और अगालेगा के बीच बेहतर संपर्क की मांग पूरी होगी, समुद्री सुरक्षा को मजबूती मिलेगी और सामाजिक-आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलेगा। मॉरीशस में भारत की यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस प्रणाली और रुपे कार्ड सेवाओं की शुरूआत के कुछ हफ्तों बाद इन परियोजनाओं का उद्घाटन किया गया। विदेश मंत्रालय के अनुसार जगन्नाथ ने वर्चुअल कार्यक्रम में कहा, हम आज अगालेगा द्वीप पर एक नई हवाई पट्टी, एक नई जेटी और कई अन्य विकास परियोजनाओं के उद्घाटन के साथ इतिहास बना रहे हैं।

## अपराधी राज खत्म होना चाहिए: बोस

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सी.वी. आनंद बोस ने संदेशखालि मामले में तृणमूल कांग्रेस नेता शाहजहां शेख की गिरफ्तारी का गुरुवार को स्वागत किया और कहा कि बंगाल के कई इलाकों में राज कर रहे अपराधियों को सलाखों के पीछे डालने का वक्त आ गया है। फरार तृणमूल नेता शाहजहां शेख को गुरुवार तड़के संदेशखालि से लगभग 30 किमी दूर मिनाखान में एक घर से गिरफ्तार किया गया। राज्यपाल ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, यह एक अंत की शुरूआत है। हमें बंगाल में हिंसा के चक्र को समाप्त करना होगा। बंगाल के कुछ हिस्सों में गुंडे राज कर रहे हैं। यह समाप्त होना चाहिए और गैंगस्टर को सलाखों के पीछे डाला जाना चाहिए।

## पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना को कैबिनेट की मंजूरी

### एक करोड़ घरों को 300-300 यूनिट मुफ्त मिलेगी बिजली

**नई दिल्ली।** मोदी कैबिनेट ने गुरुवार 29 फरवरी को पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना को मंजूरी दे दी। इस योजना के तहत 1 करोड़ घरों को 300-300 यूनिट मुफ्त बिजली मिलेगी। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर और अश्विनी वैष्णव ने कैबिनेट के फैसलों की जानकारी दी। अनुराग ठाकुर ने सूर्यघर योजना के बारे में बताते हुए कहा कि इसके तहत रूफ टॉप सोलर पैनल लगाने वाले एक करोड़ परिवारों को 15 हजार रुपए की सालाना आमदनी भी होगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 13 फरवरी 2024 को इस योजना को लॉन्च किया था।



इस योजना में हर परिवार के लिए 2 ङ्ख तक के सोलर प्लांट की कॉस्ट का 60% पैसा सब्सिडी के रूप अकाउंट में आएगा। वहीं अगर कोई 3 ङ्ख का प्लांट लगाना चाहता है तो अतिरिक्त एक 1के डब्ल्यू के प्लांट पर 40% सब्सिडी मिलेगी। 3 केवी का प्लांट लगाने में करीब 1.45 लाख रुपए की लागत आएगी। उसमें से 78 हजार रुपए की सब्सिडी सरकार देगी। बचे हुए 67,000 रुपए के लिए सस्ते बैंक लोन की व्यवस्था सरकार ने की है। बैंक रेपो रेट से केवल 0.5% ज्यादा ही ब्याज वसूल सकेंगे। योजना के लिए सरकार ने नेशनल पोर्टल लॉन्च किया है। इसे लगवाने के लिए कंज्यूमर पोर्टल पर जाकर आवेदन कर सकते हैं। यहां आपको अपना कंज्यूमर नंबर, नाम, पता और कितनी कैपेसिटी का प्लांट लगाना है जैसी जानकारियां भरनी होंगी।

डिस्कॉम कंपनियां इन डिटेल्स को वैरिफाई करेंगी और प्रोसेस आगे बढ़ाएंगी। पोर्टल पर कई सारे वेंडर पहले से रजिस्टर्ड हैं जो सोलर पैनल लगाते हैं। आप अपने हिसाब से कोई भी वेंडर चुन सकते हैं। पैनल लगने के बाद डिस्कॉम नेट मीटरिंग इंस्टॉल करेगी। जब सोलर प्लांट लग जाएगा और डिस्कॉम नेट मीटरिंग इंस्टॉल कर देगी तो इसका प्रमाण और सर्टिफिकेट पोर्टल पर अपलोड किया जाएगा।

## आईपीएस अभिषेक सिंह का पांच महीने बाद इस्तीफा मंजूर


**लखनऊ।** यूपी कैडर के 2011 बैच के क्अ्अर अधिकारी अभिषेक सिंह का इस्तीफा स्वीकार हो गया है। केंद्र सरकार से मंजूरी मिलने के बाद यूपी सरकार ने इस्तीफे को स्वीकार किया। उन्होंने सस्पेंशन के 8 महीने बाद इस्तीफा दिया था। इसके करीब पांच महीने बाद उनका इस्तीफा स्वीकार हुआ। वह फरवरी 2023 से सस्पेंड चल रहे थे। इस्तीफा स्वीकार होने के बाद अब अभिषेक सिंह की राजनीति में एंट्री के कयास लगाए जा रहे हैं। जौनपुर सीट से लोकसभा चुनाव लड़ सकते हैं। अभिषेक की पत्नी दुर्गा शक्ति नागपाल बांदा की डीएम हैं। आईपीएस अभिषेक सिंह को 2015 में 3 साल के लिए दिल्ली सरकार में प्रतिनियुक्ति दी गई थी।

## भाकपा, माकपा को द्रमुक ने दो-दो सीट की पेशकश

**चेन्नई।** तमिलनाडु में सत्तारूढ़ द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) ने लोकसभा चुनाव के लिए गुरुवार को वाम दलों के साथ अपने सीट बंटवारे समझौते को अंतिम रूप दिया, जिसके तहत भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) और मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) को दो-दो सीट की पेशकश की गई है। द्रमुक की ओर से एक आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा गया है कि सीट-बंटवारे की बातचीत को आज अंतिम रूप दिया गया और उसके आधार पर निर्णय लिया गया है। द्रमुक राज्य में बहुदलीय धर्मनिरपेक्ष प्रगतिशील गठबंधन (एसपीए) का नेतृत्व करता है।

## गरीबों को प्रताड़ित करना भाजपा के 'अन्यायकाल'की सच्चाई: प्रियंका

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) के अतिक्रमण विरोधी अभियान में 'रैट होल माइनर' वकील हसन का मकान तोड़े जाने को लेकर गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर निशाना साधा और आरोप लगाया कि गरीबों को प्रताड़ित एवं अपमानित करना भाजपा के 'अन्यायकाल' की सच्चाई है। कांग्रेस नेता ने यह भी कहा कि जनता इस अन्याय का जवाब जरूर देगी। डीडीए ने बुधवार को दिल्ली के खजूरी खास इलाके में अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाया जिसमें कई घरों को ढहा दिया गया। डीडीए के इस अभियान से बेघर होने



वाले लोगों में वकील हसन भी शामिल हैं, जिन्हें पिछले साल नवंबर में अपनी टीम के साथ उत्तरकाशी की सिल्कयारा सुरंग में फंसे 41 श्रमिकों को बचाने के लिए सम्मानित किया गया था। वकील हसन पेशे से 'रैट होल माइनर' (सुरंग खोदने वाले) हैं। प्रियंका गांधी ने वकील हसन की पत्नी का वीडियो साझा करते हुए 'एक्स' पर पोस्ट किया, वकील हसन ने अपनी जान जोखिम में डालकर उत्तरकाशी में सुरंग में फंसे मजदूरों की जान बचाई थी। तब अपने प्रचार के लिए भाजपा के बड़े-बड़े नेताओं ने उनके साथ तस्वीरें खिंचवाईं थीं। जब प्रचार खत्म हो गया तो आज उसी वकील हसन को थाने में बंद कर दिया और उनका घर तोड़कर उनके बच्चों के सिर से छत छीन ली।

कांग्रेस नेता ने कहा, ह्यह्यगरीबों का घर तोड़ना, उन्हें कुचलना, प्रताड़ित और अपमानित करना- यह अन्याय ही भाजपा के 'अन्यायकाल' की सच्चाई है। कांग्रेस नेता ने कहा कि जनता इस अन्याय का जवाब जरूर देगी।

## राम रहीम को बार-बार पैरोल पर हाईकोर्ट सख्त

**चंडीगढ़।** साध्वियों के यौन शोषण और दो कत्ल केस में सजा काट रहे राम रहीम को पैरोल देने पर पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट ने सख्ती दिखाई है। गुरुवार को हाईकोर्ट ने राम रहीम को बार-बार पैरोल दिए जाने को लेकर हरियाणा सरकार को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। साथ ही यह भी कहा है कि बिना इजाजत डेरा प्रमुख को आगे पैरोल न दें। इस मामले की अगली सुनवाई 13 मार्च को होगी। इससे पहले भी सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने हरियाणा सरकार को फटकार लगाते हुए कहा था कि वह इस मामले में जवाब देने से क्यों बच रही है।

## किसानों के दिल्ली कूच पर ऐलान अभी नहीं:किसान शुभकरण का

**अंबाला।** पंजाब-हरियाणा के शंभू और खनौरी बॉर्डर पर टरढ पर खरीद के गारंटी कानून समेत अन्य मांगों को लेकर चल रहे किसान आंदोलन का आज 17वां दिन है। आज किसानों ने दिल्ली कूच का ऐलान करना था लेकिन अभी कोई फैसला नहीं आया है। इसको लेकर बुधवार शाम को किसान मजदूर मोर्चा के कोऑर्डिनेटर सरवण पंधेर और संयुक्त किसान मोर्चा (गैर राजनीतिक) के जगजीत डल्लेवाल की अगुआई में संयुक्त मीटिंग हुई। इससे पहले मंगलवार को दोनों ने अपने-अपने संगठनों से इस बारे में मीटिंग की थी। वहीं एफआईआर दर्ज होने के बाद देर रात पटियाला के राजिंदरा अस्पताल में बोर्ड ने खनौरी बॉर्डर पर मारे गए किसान शुभकरण का पोस्टमॉर्टम किया। इसके बाद शुभकरण का शव खनौरी बॉर्डर पर लाया गया। जहां किसानों ने श्रद्धांजलि दी। इसके बाद शव का बठिंडा में अंतिम संस्कार कर दिया।

इससे पहले खनौरी बॉर्डर पर 21 फरवरी को किसान शुभकरण की मौत के बाद किसानों ने दिल्ली कूच का फैसला 29 फरवरी तक टाल दिया था। किसानों के कूच टालने के बाद हरियाणा-दिल्ली के टिकरी और सिंघु बॉर्डर अस्थाई तौर पर खोल दिए गए।

## डिंडोरी में खाई में गिरी वाहने 14 की मौत, 20 घायल

### मृतक परिजनों को छह-छह लाख अनुग्रह राशि देने की घोषणा

**डिंडोरी।** मध्य प्रदेश के डिंडोरी जिले में एक वाहन पलटने से 14 लोगों की मौत हो गई और 20 अन्य घायल हो गए। एक पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी। यह दुर्घटना बुधवार देर रात करीब डेढ़ बजे बड़झर घाट के पास हुई। उन्होंने बताया कि चालक ने वाहन पर से नियंत्रण खो दिया, जिसके बाद वाहन 40-50 फुट गहरी घाटी में गिर गया। अधिकारी ने बताया कि इस हादसे में 14 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि 20 अन्य घायल हो गए।

पुलिस के अनुसार मृतकों में सात पुरुष, छह महिलाएं और एक नाबालिग लड़का शामिल है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने घटना पर शोक व्यक्त किया है। प्रधानमंत्री मोदी ने प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष (पीएमएनआरएफ) से मृत व्यक्तियों के परिजनों को दो लाख रुपये और घायलों के लिए 50,000 रुपये अनुग्रह राशि के तौर पर देने की घोषणा की। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने घटना पर शोक व्यक्त



किया है और उन्होंने मृतकों के परिजन को चार-चार लाख रुपये अनुग्रह राशि के तौर पर देने की घोषणा की। पुलिस उपमंडल अधिकारी मुकेश अविंद्र ने बताया कि वाहन पर सवार लोग जिले के शाहपुरा ब्लॉक के मसूरघुघरी गांव में एक कार्यक्रम में शामिल होने के बाद अमहाई देवरी गांव वापस लौट रहे थे, तभी यह हादसा हुआ।

घटना की जानकारी मिलते ही डिंडोरी के जिलाधिकारी विकास मिश्रा और पुलिस अधीक्षक अखिल पटेल घटनास्थल पर पहुंचे। घायलों को उपचार के लिए शाहपुरा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया गया,जिनमें से छह की हालत गंभीर बताई गई है। एक अधिकारी ने बताया कि गंभीर रूप से घायलों में से दो को इलाज के लिए जबलपुर स्थानांतरित किया गया है।

मुख्यमंत्री यादव ने राज्य की कैबिनेट मंत्री संपतिया उइके को राहत कार्य के लिए डिंडोरी जाने का भी निर्देश दिया। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने घटना पर शोक व्यक्त किया है।

## बम विस्फोट मामले में मुख्य आरोपी टुंडा बरी

**जयपुर।** अजमेर की एक अदालत ने लगभग तीन दशक पहले देश भर में पांच ट्रेन में हुए सिलसिलेवार बम धमाकों के मामले में मुख्य आरोपी अब्दुल करीम टुंडा को बृहस्पतिवार को बरी कर दिया। आतंकवाद और विघटनकारी गतिविधियां अधिनियम (टाडा) अदालत ने दो अन्य आरोपियों इरफान और हमीदुद्दीन को इस मामले में उम्रकैद की सजा सुनाई है। याचिकाकर्ता के वकील सुल्तानी ने अजमेर में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा, अब्दुल करीम टुंडा को सभी आरोपों से बरी कर दिया गया है। अभियोजन पक्ष आरोपों को साबित करने के लिए पर्याप्त सबूत पेश नहीं कर सका। टुंडा पर छह दिसंबर 1992 को बाबरी मस्जिद विध्वंस की पहली बरसी पर कई ट्रेन में बम विस्फोट करने का आरोप है। टाडा अदालत ने 30 सितंबर 2021 को मामले के मुख्य आरोपी और दाऊद इब्राहिम के करीबी 81 वर्षीय अब्दुल करीम टुंडा कई शहरों में सिलसिलेवार विस्फोटों की साजिश रचने के आरोप तय किए थे।

## शेख की गिरफ्तारी पर संदेशखालि में लोगों ने मनाया जश्न

**संदेशखालि (पश्चिम बंगाल)।** पश्चिम बंगाल के संदेशखालि में महिलाओं के यौन उत्पीड़न और जमीन हड़पने के आरोपी तृणमूल कांग्रेस के नेता शाहजहां शेख को 55 दिन बाद बृहस्पतिवार सुबह गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने बताया कि शेख को उत्तर 24 परगना जिले के संदेशखालि से लगभग 30 किलोमीटर दूर मिनाखान में एक घर से गिरफ्तार किया गया।

महिलाओं का यौन शोषण करने और इलाके में जमीन हड़पने के आरोपी टीएमसी नेता शाहजहां शेख की गिरफ्तारी का जश्न मनाते हुए गुरुवार को एक-दूसरे को मिठाइयां बाटीं। संदेशखालि इलाके के लोग पिछले कुछ दिनों से शाहजहां शेख के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन कर रहे थे। पिछले 55 दिनों से फरार तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) नेता शेख की गिरफ्तारी के बाद लोगों ने जश्न मनाया, मिठाइयां बांटीं और खुशी में नृत्य भी किये। एक



स्थानीय व्यक्ति ने कहा, हमें बहुत खुशी है कि आखिरकार उसे गिरफ्तार कर लिया गया। हम बस यही आशा करते हैं कि उसे सलाखों के पीछे डाल दिया जाए और वह इस इलाके में कभी लौटकर न आ सके। उसने इलाके के कई लोगों की जिंदगियां बर्बाद की है। इसी तरह की भावनाएं व्यक्त करते हुए एक महिला ने कहा, हमें उम्मीद है कि उसके अन्य सहयोगियों को भी सलाखों के पीछे डाला जाएगा। कोलकाता से लगभग 100 किलोमीटर दूर, सुंदरबन की सीमा पर स्थित संदेशखालि क्षेत्र के लोग शाहजहां शेख और उसके समर्थकों के खिलाफ यौन शोषण और जमीन हड़पने के आरोपों को लेकर एक महीने से अधिक समय से विरोध प्रदर्शन कर रहे थे। पुलिस ने बताया कि गुरुवार की सुबह संदेशखालि से 30 किलोमीटर दूर स्थित मिनाखान में एक घर से शाहजहां शेख को गिरफ्तार किया गया। शेख कुछ साथियों के साथ उस घर में छिपा था।

### अदालत ने 10 दिन की पुलिस हिरासत में भेजा

**बशीरहाट (पश्चिम बंगाल)।** पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले की एक अदालत ने संदेशखालि से तृणमूल कांग्रेस नेता शाहजहां शेख को बृहस्पतिवार को 10 दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया। मिनाखान से तड़के गिरफ्तारी के बाद शेख को सुबह 10 बजकर 40 मिनट पर बशीरहाट की अदालत में पेश किया गया। राज्य पुलिस ने शेख को 14 दिन की हिरासत में भेजे जाने का अनुरोध किया था लेकिन अदालत ने 10 दिन की पुलिस हिरासत की मंजूर दी।

## काशी से अयोध्या के लिए जल्द शुरू हो सकती है उड़ान

**वाराणसी (परिवर्तन दूत)।** रामलला के भव्य धाम तक जाने के लिए काशी से अयोध्या के बीच हवाई सफर अप्रैल से शुरू हो सकता है। 72 सीटर विमान सेवा के प्रस्ताव पर डीजीसीए की अनुमति का इंतजार है। इसके अलावा समर शेड्यूल में पटना, पंत नगर, खजुराहो और जयपुर के हवाई सफर को शामिल किया गया है। डीजीसीए ने वाराणसी-इंदौर विमान सेवा को मंजूरी दी है। बाकी प्रस्तावों पर 15 मार्च को मुहर लगने की उम्मीद है। वाराणसी से अयोध्या और पंतनगर के लिए विमान सेवा 31 मार्च से शुरू करने के लिए विमानन कंपनियों ने प्रस्ताव दिया है। इस प्रस्ताव पर मार्च के पहले सप्ताह तक अनुमति की उम्मीद जताई जा रही है। एयरपोर्ट निदेशक पुनीत गुप्ता ने बताया कि अभी समर शेड्यूल के लिए जारी नहीं हुआ है। लगभग 15 मार्च तक शेड्यूल जारी कर दिया जाएगा।

# होलियाना अंदाज में निकलेगी बाबा की बारात

### छह राज्यों से आई टीम बिखेरेगी होली के रंग
### नर-मुंड लिये शामिल होंगे भूत-पिशाच

परिवर्तन दूत

**वाराणसी (सं.)।** बनारस की मौज मस्ती की प्रतीक काशी की अड़भंगी बाबा की शिव बारात इस बार भी अनूठी और अद्भुत होगी। इस बार होलियाना मौज-मस्ती के साथ बाबा की शिव बारात निकाली जायेगी। इस बार शिव बारात में मदारी, सपेरे, भिखारी, भूत-पिशाच, योगिनी के साथ ही भंग की तरंग में झूमते हुए शिव भक्त रहेंगे। वहीं लाग-विमान के साथ ही छह राज्यों की होली की टीम भी दिखेगी। खास बात यह कि शिव बारात में सभी राज्यों से आये लोग अपने-अपने ढंग से होली का रंग बिखेरते हुए चलेंगे। शिव बारात समिति की ओर से निकाली जा रही शिव बारात का इस वर्ष 43वां वर्ष है। यह बारात पिछले 43 सालों से अनवरत निकाली जा रही है। यह सच है कि जिस दिन महाशिवरात्रि पर अड़पबंगी बाबा की शिव बारात निकाली जाती है उस दिन ऐसा आभास होता है कि भगवान शिव खुद इस बारात में शामिल हो गये हैं। नर-मुंड लिये हुए भूत-पिशाचों की नृत्य करती हुई टोली, बड़े वाहन पर स्थापित विशाल शिवलिंग, दर्जनों बैंड बाजा, जगह-जगह ठंडई व भांग का वितरण यह सब देख कर लगता है कि बाबा विश्वनाथ खुद इस बारात में चल रहे हैं। शिव बारात हमेशा की तरह वृद्धकाल (दारानगर) से प्रांभ होकर मैदागिन, नीचीबाग, बुलानाला, चौक, काशी विश्वनाथ धाम, बांसफाटक, गोदौलिया होती हुई डेढ़सी पुल (दशाश्वमेधघाट) तक पहुंचती है। जहां पर पहल सले ही तैयार शिव भक्त ठंडई के साथ शिव बारात में शामिल भक्तों का स्वागत करते हैं। इसके साथ ही खूब अबीर गुलाल उड़ायी जाती है। पूरा माहौल होलियाना हो जाता है। खास बात यह है कि इस शिव बारात में बग्घी पर दूल्हा-दुल्हन व सहउल्ला भी रहते हैं। उनके पीछे-पीछे बाराती रहते हैं।

**गंगा जमुनी तहजीब रहेगी बरकरार**

शिव बारात समिति के संयोजक दिलीप सिंह बताते हैं कि शिव बारात समिति का मूल उद्देश्य काशी की पहचान व काशी की



मौज मस्ती तथा बनारसीपन जिंदा रहे। इसके साथ ही गंगा जमुनी तहजीब बरकरार रहे। इसीलिए यह शिव बारात निकाली जाती है। वे बताते हैं कि काशी की जनता विभिन्न राज्यों में होली कैसे खेलते हैं, यह देखने को मिलेगा। वे बताते हैं कि भगवान शंकर व पार्वती का विवाह शिवरात्रि पर हुआ था। काशी के लोगों का संबंध भगवान एवं भक्त का नहीं है। बल्कि पिता एवं पुत्र का है। हम सभी काशीवासी भगवान शिव के पुत्र हैं। इसलिए उनकी शादी की वर्षगांठ को प्रतिवर्ष मनाते हैं। साथ ही उनको यादगार बनाने का प्रयास करते हैं।

**शिव बारात में एकभाव से शामिल होते हैं भक्त**

शिव बारात समिति के संयोजक दिलीप सिंह बताते हैं कि काशी का शिव बारात कोई विवाह यात्रा नहीं है। बल्कि बाबा की शादी की वर्षगांठ है। जो हर साल मनाया जाता है। इस देश में या तो जगन्नाथपुरी के रथयात्रा मेले में राजा हो या रंक सभी एक भाव से चलते हैं। अथवा लगभग उसी तरह काशी के शिव बारात में सभी श्रद्धालु शिव भक्त एक ही भाव में चलते हुए दिखायी पड़ते हैं। यहां पर किसी को ऊंचा पीढ़ा नहीं मिलता। यहां पर काशी की गंगा जमुनी तहजीब है, जिसमें हिंदू-मुस्लिम , सिख ईसाई सभी एक समान भाव में रहते हैं। दिलीप सिंह बताते हैं कि जिस समय शिवजी थे, उस समय कोई जाति धर्म नहीं था। सिर्फ दो वर्ग था। पहला सद्जात (अच्छे लोग) दूसरा बदजात (खराब लोग) थे। शिव बारात समिति जाति या धर्म को नहीं मानती है।

**1983 से निकाली जा रही है शिव बारात**

काशी में शिव बारात समिति की ओर से वर्ष 1983 से शिव बारात निकाली जा रही है। बताते हौं कि जब काशी विश्वनाथ मंदिर में सोने की चोरी हुई थी। उसकी बरामदगी के बाद शिव बारात उत्सव के रूप में मनाया जाने लगा। जो कालांतर में शिव बारात का स्वरूप ले लिया। काशी की शिव बारात दुनिया की पहली शिव बारात है जिसे लोगों ने यह दर्जा प्रदान किया है। वैसे तो देश भर में लगभग 20 शिव बारात निकलती है लेकिन जो शिव बारात काशी से निकाली जाती है उसके मुकाबले कोई भी शिव बारात नहीं रहती है।

**सांड़ बनारसी बनते हैं दूल्हा, बदरुद्दीन अहमद दुल्हन**

शिव बारात में शिव भक्तों के साथ ही अलग-अलग बग्घी पर दूल्हा व दुल्हन भी रहते हैं। इनके साथ ही सहउल्ला भी रहते हैं। पहले दूल्हा वरिष्ठ साहित्यकार व रचनाकार पं. धर्मशील चतुर्वेदी बनते थे। जबकि सहउल्ला वरिष्ठ हास्य कवि सांड़ बनारसी बनते थे। अब दूल्हा हास्य कवि सांड़ बनारसी बनते हैं। जबकि सहउल्ला जगद्म्बा तुलस्यान व अमर नाथ शर्मा बनते हैं। दुल्हन के रूप में बदरूद्दीन अहमद बनते हैं।

# शासनादेश के विरोध में सेंट्रल-बनारस बार की कलमबंद हड़ताल

### रामनगर रजिस्ट्रार कार्यालय में स्थानांतरित करने के विरोध में अधिवक्ता हड़ताल पर

परिवर्तन दूत

**वाराणसी (सं.)।** नगर निगम के 22 मुहल्लों की रजिस्ट्री और राजस्व क्षेत्र को रामनगर रजिस्ट्रार कार्यालय में स्थानांतरित करने के विरोध में अधिवक्ता गुरुवार को हड़ताल पर रहे। सेंट्रल बार के आह्वान पर वकील कलम बंद हड़ताल पर हैं और शासन के फैसले का विरोध कर रहे हैं। वहीं कचहरी में वकीलों ने जुलूस निकालकर प्रदर्शन भी किया और प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। सेंट्रल बार सभागार में बनारस बार के अध्यक्ष अवधेश सिंह ने कहा कि प्रशासन वकीलों के कार्यों को नई व्यवस्था में बांटकर मनमानी कर रहा है। केवल



वकीलों का ही नहीं जनता की भी परेशानियां बढ़ा रहा है। शहर के 22 मोहल्लों के रजिस्ट्री का काम रामनगर उपनिबंधक कार्यालय शिफ्ट करने का शासनादेश न्याय संगत नहीं है। हम अधिवक्ता इसका घोर विरोध करते हैं और इस आदेश को तत्काल वापस लेने की मांग करते हैं। गुरुवार कोवकीलों की बैठक में निर्णय लिया गया कि बार एसोसिएशन इस शासनादेश के विरोध में काम नहीं करेंगे। आदेश वापस नहीं होने तक निबंधन कार्यालय के सामने रोजाना क्रमिक अनशन भी करेंगे। बैठक में सेंट्रल बार अध्यक्ष मुरलीधर सिंह , अधिवक्ता प्रेम प्रकाश सिंह गौतम, सतीश तिवारी और विपिन शुक्ला ने भी फैसले का विरोध करते हुए आक्रोश जताया। इस दौरान सेंट्रल बार महामंत्री सुरेन्द्र नाथ पाठक ने किया।बैठक में बनारस बार के महामंत्री कमलेश सिंह यादव, मानबहादुर सिंह, राम प्रवेश सिंह, राम जन्म सिंह, अशोक सिंह दाढ़ी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## वंदे भारत पर पथराव करने वाले को जेल



**वाराणसी।** रेलवे सुरक्षा बल ने वंदे भारत ट्रेन पर पथराव करने वाले एक युवक को पड़कर जेल भेज दिया। इस युवक के खिलाफ आरपीएफ पोस्ट बनारस पर बीते 2 फरवरी को मुकदमा दर्ज किया गया था। उप निरीक्षक जयप्रकाश यादव ने मुखबिर की सूचना पर बनारस हरदत्तपुर रेलवे स्टेशन के बीच कच्ची सड़क लाइन के किनारे से आरोपी को रात 8 बजे गिरफ्तार किया। रेलवे पुलिस की पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह रोहनिया के मड़ाव का निवासी है। उसका नाम राजन प्रजापति है। बताया कि 2 फरवरी को वंदे भारत ट्रेन से बछड़े को कटने से बचने के लिए पत्थर मारा था। जो ट्रेन के सामने वाले शीशे में जाकर लग गया।

# अब गंगा में चलेंगे सिर्फ 'हरित जलयान'

### 2033 के बाद प्रदूषण फैला रहे जहाज-नौकाओं का संचालन लगेगा रोक

### प्रयागराज से हल्दिया के मध्य काम धरातल पर भी दिखने लगा

परिवर्तन दूत

**वाराणसी सं.।** वाराणसी। देश के 111 जलमार्गों पर प्रदूषण मुक्त पर्यटन की सुविधा देने की कोशिश है। बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्रालय की ख्वाहिश है कि नदियों में क्रूज, जहाज और नौका का संचालन डीजल से नहीं बल्कि हरित ऊर्जा से किया जाए, इसके लिए ह्यहरित नौकाह्न परियोजना प्रभावी की गई है। सरकार का लक्ष्य है कि वर्ष 2033 के बाद नदियों में प्रदूषण फैला रहे जहाज और नौकाओं का संचालन रोक दिया जाए। सिर्फ सीएनजी (कंप्रेस्ड नेचुरल गैस), एलएनजी (लिक्विफाईड नेचुरल गैस),



इलेक्ट्रिक, हाईड्रोजन और मेथनाल से ही बोट संचालित किए जाएं। देश के सबसे बड़े जलमार्ग प्रयागराज से हल्दिया (1620 किमी), ब्रह्मपुत्र (891 किमी), ब्रह्माणी (623 किमी) व कृष्णा-गोदावरी (588 किमी) को प्राथमिकता पर रखा गया है। प्रयागराज से हल्दिया के मध्य काम धरातल पर भी दिखने लगा है। बनारस और अयोध्या में 36 करोड़ से एक-एक इलेक्ट्रिक कैटामरान का संचालन शुरू हो रहा है, यहां पर जून तक दो और कैटामरान मिलेंगे। मथुरा को भी दो ई-बोट जल्द मिलेंगे, निर्माण अंतिम दौर में है। बनारस में हाईड्रोजन जलयान का संचालन होगा। कोचीन शिपयार्ड में ट्रायल चल रहा है। हल्दिया में देश का पहला हाईड्रोजन स्टोरेज प्लांट स्थापित करने पर सहमति बनी है, प्रोजेक्ट को धरातल पर उतारने के लिए आइडब्ल्यूएआइ (इनलैंड वाटरवेज अथारिटी आफ इंडिया) कार्ययोजना तैयार करेगा।

## संक्षिप्त खबरे...

### काशी से श्रीलंका पहुंची राम पगयात्रा

**वाराणसी (परिवर्तन दूत)।** अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में ब्रह्मराष्ट्र एकम द्वारा निकाली गई राम पगयात्रा बुधवार को श्रीलंका पहुंची। यहां यात्रियों का भव्य स्वागत किया गया। श्रीलंका में यह यात्रा मुन्नेश्वरम मंदिर, मानवारी कोविल, कोंनेश्वरम मंदिर, हनुमान कोविल, सीता अम्मन मंदिर, रावन गुफा और अंजनायर मंदिर का भ्रमण करेगी। यह 45 दिवसीय यात्रा 2 फरवरी को काशी से रवाना हुई थी।

### अपर नगर आयुक्त ने काम संभाला

**वाराणसी (परिवर्तन दूत)।**नगर निगम में नए अपर नगर आयुक्त ने पदभार ग्रहण किया। पीसीएस 2014 बैच की सविता यादव को शासन ने अपर नगर आयुक्त के पद पर तैनात किया है। अपर नगर आयुक्त प्रथम दुष्यंत कुमार मौर्य ने उनको पदभार ग्रहण कराया। इससे पहले वह अमेठी में एसडीएम के पद पर तैनात थीं।

### फाइब्रो स्कैन से लिवर जांच आसान

**वाराणसी (परिवर्तन दूत)।**बरेका केंद्रीय अस्पताल में लिवर क्लीनिक व फाइब्रो स्कैन जांच शिविर लगाया गया। इसमें डॉ. देवेश कुमार ने कहा कि फाइब्रो स्कैन से लिवर के लचीलेपन का मापन कर अल्कोहल व पित्त से जुड़ी बीमारी, हेपेटाइटिस तथा फैटी लिवर का सही समय पर पता चलता है। इसमें डॉ. एसके मौर्या, डॉ. सुनील, गीता, अंजना आदि का सहयोग रहा।

### काशी द्वार के विरोध में प्रदर्शन आज

**वाराणसी (परिवर्तन दूत)।** काशी द्वार योजना के विरोध में स्थानीय किसान एक मार्च से पिंडरा तहसील पर धरना-प्रदर्शन करेंगे। किसान मजदूर मोर्चा के अध्यक्ष फतेहनारायन सिंह व मंत्री संतोष पटेल ने कहा कि गत दिनों तहसील पर क्रमिक अनशन के दौरान एसडीएम के आश्वसन पर अनशन समाप्त हुआ था। एक सप्ताह बाद भी जब आवास विकास परिषद के अधिकारियों से मिलने पहुंचे तो उन्हें लौटा दिया गया। इससे नाराज किसानों ने एक मार्च से फिर तहसील पर प्रदर्शन का निर्णय लिया है।

### रोजगार मेले में चुने गए 210 अभ्यर्थी

**वाराणसी (परिवर्तन दूत)।**करखियांव स्थित श्रीनारायण पूर्व माध्यमिक विद्यालय में बृहद रोजगार मेला लगा। इसमें डेढ़ दर्जन से अधिक नामी कंपनी के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। मेले में 450 युवाओं ने पंजीकरण कराया। पहले चरण में इंटरव्यू के जरिये 210 युवाओं का चयन किया गया। मेले में वाराणसी, जौनपुर, गाजीपुर, चंदौली और भदोही के युवक-युवतियां ने उत्साह के साथ हिस्सेदारी की। मेले का संचालन धनंजय सिंह ने किया। इस दौरान राजेन्द्र, कमला, अवधेश, अशोक, प्रवीण, गुड्डू आदि मौजूद रहे।

### खेल मेला में बच्चों ने दिखाई अपनी प्रतिभा

**वाराणसी (परिवर्तन दूत)।**विकास खंड के प्राथमिक विद्यालय जमापुर के प्रांगण में खेल मेला का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों का मानसिक स्तर बढ़ाने वाले विविध खेल आयोजित किये गए। एचडीएफसी बैंक व अम्बुजा फाउंडेशन के तत्वावधान में हुई स्पधाओं में बच्चों ने प्रतिभा दिखाई। इसमें हैंडबॉल, खो-खो, बैडमिंटन, हैंडबाल, क्रिकेट समेत कई खेल हुए। जीतने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया गया। शुभारंभ कार्यक्रम समन्वयक अजय सिंह, खेल संचालन ऋतु पांडेय तथा धन्यवाद ममता देवी ने दिया। इस दौरान प्रधानाध्यापक विनोद कश्यप, अरविंद वर्मा, डॉ. राजीव गौतम, सरिता देवी, तेजबहादुर व लालबहादुर समेत कई अभिभावक रहे।

### खाद्य सामग्री विक्रेता से तीन लाख का गबन

**वाराणसी (परिवर्तन दूत)।**लालपुर निवासी खाद्य सामग्रियों के थोक व फुटकर विक्रेता सुधीर साहू ने दशाश्वमेध क्षेत्र के फैजान अहमद के खिलाफ लालपुर-पांडेयपुर थाने में गबन का मुकदमा दर्ज कराया है। बताया कि फैजान उनके यहां काम करता था। वह दुकानों पर माल सप्लाई कर रुपये की वसूली करता था। बीते साल 13 अप्रैल को 41 दुकानदारों को माल पहुंचाया। बिक्री के तीन लाख सात हजार 641 रुपये रख लिए।

## स्कूटी की बैटरी फटने से तीन घायल



**वाराणसी (परिवर्तन दूत)।** मंडुवाडीह क्षेत्र के बरेका के क्वार्टर न. 551/जी मे गुरुवार की सुबह स्कूटी चार्ज करते समय धमाका होने से वहीं समीप में कार्य कर रहे प्लम्बर मजदूर समेत 3 घायल हो गये। जिन्हें इलाज हेतु बरेका हॉस्पिटल में एडमिट कराया गया। बरेका कर्मी सोमेश्वर दास के क्वार्टर में प्लम्बर पाइप का कार्य कर रहे थे। उसी वक़्त समीप खड़ी स्कूटी जो कि चार्ज हो रही थी उसमें धमाके के साथ आग लग गयी जिससे समीप में कार्य कर रहे। मजदूर महेंद्र राजभर 45 वर्ष तथा अतुल 18 वर्ष निवासी बेटावर थाना रोहनिया, बरेका कर्मी सोमेश्वर दास घायल हो गए उन्हें बरेका के केंद्रीय हॉस्पिटल ले गए और उन्हें एडमिट कराया। अतुल 18 वर्ष का हालत नाजुक होने के कारण बरेका अस्पताल से बीएचयू ट्रामा सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया है।

# डीसीपी वरुणा ने परखी लोकसभा चुनाव की तैयारियां



परिवर्तन दूत

**वाराणसी (सं.)।** आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारियों में पुलिस अधिकारी जुट गए हैं। लोक सभा को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन श्याम नारायण सिंह ने अधीनस्थों के साथ बैठक की। चुनाव आयोग के निदेशों से एडीसीपी, एसीपी समेत सभी पुलिसकर्मियों को अवगत कराया। डीसीपी वरुणा जोन श्याम नारायण सिंह ने पुलिस लाइन स्थित नवीन सभागार में वरुणा जोन की बैठक की। राजपत्रित अधिकारी, प्रभारी निरीक्षक, थानाध्यक्ष व चुनाव कार्य में नामित अधिकारियों और चुनाव मुंशियों के साथ संवाद किया। डीसीपी ने कहा कि सभी थानेदार अपने क्षेत्र में चुनावी तैयारियों व कानून व्यवस्था को लेकर अलर्ट रहें। चुनाव को स्वच्छ, निष्पक्ष एवं भयमुक्त वातावरण मे सम्पन्न कराने हेतु जनपदीय अभिसूचना इकाई से समन्वय स्थापित करें।सभी संवेदनशील व अतिसंवेदनशील मतदान केंद्रों का भ्रमण कर एरिया डोमिनेशन व चेकिंग कर स्थलीय वस्तु स्थिति के आधार पर अराजक तत्वों व चुनाव को प्रभावित करने वाले अन्य कारकों का चिह्नीकरण कर विशेष कार्य योजना बनाएं। अंतर्जनपदीय सीमाओं पर नियमित रूप से चेक पॉइंट बनाकर गहन चेकिंग सुनिश्चित की जाए, किसी भी संदिग्ध गतिविधि के दृष्टिगोचर होने पर उच्चाधिकारीगण को तत्काल अवगत कराया जाए। विगत 05 वर्षों मे चुनावों के दौरान चुनाव संबंधित पंजीकृत अभियोगों का अवलोकन कर चिन्हित कर। आवश्यकतानुसार निरोधात्मक कार्यवाही की जाए।

## मालगाड़ी की चपेट में आने से महिला घायल

**वाराणसी।** कपसेठी थाना क्षेत्र के कपसेठी उत्तर रेलवे स्टेशन के पश्चिमी छोर पर पश्चिम सिग्नल के पास मालगाड़ी ट्रेन की चपेट में आने से लगभग 40 वर्षीय एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। वहीं घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची कपसेठी पुलिस ने घायल महिला को इलाज के लिए एम्बुलेंस की सहायता से बीएचयू ट्रामा सेंटर वाराणसी में भर्ती कराया। जहां उसका इलाज जारी है। बताते चलें कि भदोही के सुरियावा थाना क्षेत्र के खड़कपुर गांव निवासिनी लगभग 40 वर्षीय शकुंतला देवी पत्नी संतलाल यादव सुरियावा स्टेशन से कपसेठी जाने के लिए प्रतापगढ़ से वाराणसी जाने वाली पैसेंजर ट्रेन पर सवार होकर कपसेठी रेलवे स्टेशन पर उतरी। जहां कपसेठी रेलवे स्टेशन पर उतरकर रसूलहा गांव में शिव चर्चा में शामिल होने के लिए जा रही थी कि भदोही की तरफ से आ रही मालगाड़ी की चपेट में आ गई, जिससे महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। वहीं कपसेठी स्टेशन मास्टर की सूचना पर पहुंची कपसेठी पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से घायल महिला को बीएचयू ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया।

# बच्चों को पुरस्कार वितरण किया गया



परिवर्तन दूत

**वाराणसी (सं.)।** मंडुवाडीह क्षेत्र के शिवदासपुर में सी आर के विद्या संस्थान में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता व कक्षा में प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को पुरस्कार देकर पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का संचालन पूनम गौतम ने किया। मुख्य अतिथि के रूप में आए वाराणसी जिलाध्यक्ष व एमएलसी हंसराज विश्वकर्मा ने बच्चों को पुरस्कार वितरण किए। प्रधानाचार्य समलेश चंद्र पटेल ने बच्चों को बताया कि आप लोग पढ़ लिख कर अच्छे मुकाम तक पहुंचे, जिससे स्कूल के नाम से लेकर अपने माता-पिता व प्रदेश का नाम रोशन करें। मुख्य रूप से सुरेंद्र कुमार ,गौरव कुमार प्रजापति ,सोनाली विश्वकर्मा ,स्नेहा गुप्ता, आरडी यादव ,उदय प्रताप सिंह, घनश्याम प्रजापति, रंजीत कुमार पटेल ,आदि लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन रीतिका विश्वकर्मा ने किया।

# छोड़ दिया सीवर और नाली गलियों में भर रहा पानी

परिवर्तन दूत

**वाराणसी (सं.)।** रविदास जयंती के अवसर पर लोक निर्माण विभाग की ओर से सीर गोवर्धन में ताबड़तोड़ सड़क का निर्माण कराया गया। पीएम के आगमन के मद्देनजर आननफानन में बीएचयू ट्रामा सेंटर से रविदास मंदिर तक सड़क का चौड़ीकरण कराया गया। हालांकि इस दौरान जहां-जहां नाली औ़र सीवर मिला, उसको उसी तरह से ढंक दिया गया। उसकी सफाई नहीं कराई गई। इसकी वजह से सीर गोवर्धन में अब गलियों में पानी भरने लगा है। इसको लेकर लोगों में आक्रोश है।दरअसल, सीर गोवर्धन में रविदास जयंती पर देश भर से श्रद्धालु आए थे। वहीं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी संत शिरोमणि की जन्मस्थली पहुंचे। पीएम के आगमन के मद्देनजर सीर गोवर्धन में युद्ध स्तर पर निर्माण कार्य कराए गए। हालांकि



हड़बड़ी में कराए गए कार्यों में नाली व सीवर का ध्यान नहीं दिया गया। इसकी वजह से इलाके में जलजमाव की समस्या पैदा हो गई है।समस्या को लेकर क्षेत्रीयजनों ने सीवर के पानी में बैठकर विरोध दर्ज किया था। इसके बावजूद पीडब्ल्यूडी के जिम्मेदार ऑफिसर्स मौके पर नहीं देखने आए और न ही नगर निगम के किसी अधिकारी ने जाकर मौके पर देखा कि गली में कैसा पानी लगा हुआ है। रोड ऊंचा होने के कारण इस सीवर के पानी में महिलाएं बुजुर्ग व बच्चे स्कूल जाते हैं। वहीं क्षेत्रीय लोग काफी नाराज हैं। लोगों का कहना है कि अगर यही हाल रहा तो धरना

# बारिश से फसलें हो रही बर्बाद

### वैज्ञानिक नरेंद्र रघुवंशी बोले- फसल को नुकसान से बचाने के लिए किसानों को किया सचेत

परिवर्तन दूत

**वाराणसी (सं.)।** तापमान में गिरावट आने से सरसो के फसल को नुकसान हुआ है। जिससे किसानों की मेहनत पर कुदरत ने पानी दे फेर दिया है। वहीं कुछ फसल पर संकट भी खड़ा हो गया है। अगर लगातार तापमान गिरा और बारिश होती रही तो सरसों,आलू, चना, मटर की फसल के लिए यह नुकसानदायक साबित होगा। हालांकि कृषि विभाग वैज्ञानिक नरेंद्र रघुवंशी ने फसल को नुकसान से बचाने के लिए किसानों को सचेत किया है और फसलों को बचाने के उपाय सुझाए हैं। इस साल वाराणसी में सरसों की फसल का रकबा करीब अच्छी पैदावार माना जा रहा है। वही, सर्दी में होने वाली इस फसल की बुवाई के बाद तापमान का गिरना इसके लिए घातक सिद्ध होता है। पिछले दो दिनों में बारिश



से इस पर असर पड़ सकता है। अगर बूंदाबांदी जारी रही तो सरसों पर कीट आदि लग जाएंगे। जिससे फसल को नुकसान होगा। सरसों की फसल में चेंपा किट, तुलासिता रोग, अंगमारी रोग आदि हो जाते हैं। हालांकि जिला कृषि अधिकारी अमित जायसवाल ने बताया कि चेंपा किट सरसों की खेती पर सबसे ज्यादा प्रभाव डालता है। चेंपा फसलों का रस चूसने वाली श्रेणी का कीट है। यह कीट बहुत छोटा होता है।

पत्तियों और टहनियों में बढ़ रोगवही बढ़ जाता है। तुलासिता रोग एक कवकजनित रोग है। जो शुरूआती अवस्था में पौधों की पत्तियों व टहनियों पर मटमैले चूर्ण के रूप में दिखाई देता है। बाद में यह पूरे पौधे में फैल जाता है। इससे पत्तियां पीली होकर गिरने लगती है। अंगमारी रोग में सरसों की पत्तियों पर भूरे रंग के उभरे हुए धब्बे दिखाई देते हैं। उनके किनारे पीले रंग होते हैं। इसके धब्बे आपस में मिलकर बड़े हो जाते हैं। जिसके चलते पत्तियां पीली होकर झड़ने लगती है। जिला कृषि अधिकारी के मुताबिक समय पर यदि कीटनाशक का छिड़काव करते रहेंगे तो फसल को रोग, कीट से बचाया जा सकता है। वही किसान मोतीलाल मौर्य ने कहा कि एक बीघा में मैं सरसों लगाया था जो कि दो दिनों में मौसम ने करवट लेने की वजह से फसल को काफी नुकसान हुआ है। ना तो मेहनत का फल मिला ना ही उतना पैसे की आमदनी हुई अगर ऐसे ही चला रहा तो हम लोगों को काफी नुकसान होगा।

# हत्या में वांछित पच्चीस हजार का ईनामी गिरफ्तार

परिवर्तन दूत

**मिर्जामुराद (वाराणसी) (सं.)।** मिजार्मुराद। **मिर्जामुराद** पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर गुरुवार की तड़के पूरे गांव में बीते 22 नवंबर को हुई महिला की हत्या में फरार चले रहे पच्चीस हजार के ईनामी चौथे अभियुक्त को गिरफ्तार करते हुए जेल भेज दिया।




**मिर्जामुराद** थाना परिसर में एसीपी राजातालाब अजय श्रीवास्तव ने गिरफ्तार इनामिया को मीडिया के सामने पेश किया। मिजार्मुराद थानाध्यक्ष आनंद चौरसिया ने बताया कि बीते 22 नवंबर 2023 को **मिर्जामुराद** क्षेत्र के पूरे गांव में कलावती देवी उर्फ लक्ष्मीना उम्र (45) वर्ष पति रणजीत पटेल उर्फ बिलखू के साथ खेत में काम कर रही थी उसी समय किसी बात को लेकर पति-पत्नी में विवाद हुआ और गुस्से में आकर पति रणजीत ने फावड़े से वार कर पत्नी को मौत के घाट उतार दिया था।वही परिजन बिना पुलिस को सूचना दिये शव का मिर्जापुर स्थित बरैनी घाट का दाह संस्कार भी कर दिये थे।महिला के भाई बड़ागांव थाना क्षेत्र के चिलबिला गांव निवासी गणेश पटेल के तहरीर पर **मिर्जामुराद** थाने में महिला के पति रणजीत पटेल उर्फ बिलखू, पुत्र जुगनू पटेल उर्फ अनिरुद्ध, देवर भुलई पटेल उर्फ वीरेंद्र व मान सिंह के खिलाफ हत्या व हत्या के बाद शव गायब कर के जला देने का मुकदमा दर्ज किया था। **मिर्जामुराद** पुलिस घटना के दो दिन बाद महिला के पति, पुत्र व एक देवर को गिरफ्तार कर जेल भेज दी थी।वही घटना के बाद से चौथा आरोपी मान सिंह फरार चल रहा था जिसपर पुलिस द्वारा पच्चीस हजार का इनाम भी घोषित किया गया था। मिजार्मुराद पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर गुरुवार की तड़के पूरे गांव से मान सिंह को गिरफ्तार करते हुए लिखा पढ़ी करने के बाद जेल भेज दिया। गिरफ्तार करने वाले पुलिस टीम में **मिर्जामुराद** थानाध्यक्ष के साथ कछवांरोड चौकी प्रभारी राजकुमार वर्मा, एसआई दिगम्बर उपाध्याय, कांस्टेबल वैभव त्रिपाठी, कमलेश यादव व रत्नेश राय रहे।

## डीसीएफ पर 45 वर्षो बाद भाजपा का कब्जा

**वाराणसी (परिवर्तन दूत)।** जिला सहकारिता फाउंडेशन के चेयरमैन पद के लिए बीजेपी प्रत्याशी राकेश सिंह अलगू ने नामांकन किया। नामांकन के बाद 2:00 बजे उनको निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया है। नामांकन के बाद प्रधानमंत्री, गृह मंत्री, मुख्यमंत्री, सहकारिता विभाग के मंत्री जेपीएस राठौर, राज्यमंत्री रविंद्र जायसवाल, भाजपा क्षेत्रीय अध्यक्ष दिलीप पटेल, जिला अध्यक्ष हंसराज विश्वकर्मा का आभार व धन्यवाद व्यक्त करते हुए कहा कि आज भाजपा के सहयोग से 45 वर्षों बाद आज विजय हासिल हुई है। चेयर बनने के बाद उन्होंने पहले बोर्ड की बैठक की। चेयरमैन राकेश सिंह अलगू ने कहा कि सहकारिता को गुजरात मॉडल की तरह बनाया जाएगा और सभी बोर्ड मेंबर के हितों की रक्षा की जाएगी। नामांकन जलूस में हंसराज विश्वकर्मा, चेतनारायण सिंह, अरुण सिंह, आरपी कुशवाहा, सोमनाथ विश्वकर्मा, अवधेश सिंह, सुजीत सिंह डाक्टर आदि शामिल रहे।

# वाराणसी में 3404 स्टूडेंट्स ने छोड़ी यूपी बोर्ड परीक्षा

## 12वीं की छात्राएं बोलीं- टफ था बायोलॉजी का पेपर

परिवर्तन दूत

**वाराणसी (सं.)।** यूपी बोर्ड परीक्षा में वाराणसी के 3404 छात्र और छात्राओं ने एग्जाम छोड़ दिए। पहली पाली में दसवी में 2878 और 12इँ के 81, तो वहीं दूसरी पाली में दसवी के 39 और 12इँ के 806 छात्र और छात्रा अबसेंट रहे। हाईस्कूल में पहली पाली में विज्ञान विषय की परीक्षा थी। इस पेपर में कुल एनरोल्ड 52241 में से 49363 छात्र और छात्राओं ने ही एग्जाम दिया। वहीं, पहली पाली में इंटरमीडिएट में लेखाशास्त्र, पाली, अरबी और फारसी की परीक्षा थी। जिसमें 81 अबसेंट और 2603 छात्र और छात्राओं ने परीक्षा में भाग लिया। दूसरी पाली में 10इँ के कृषि के पेपर में 821 एनरोल्ड में से 782 स्टूडेंट्स उपस्थित हुए। 12इँ गणित और बायोलॉजी के पेपर में 22613 में से 21807 परीक्षार्थियों ने एग्जाम दिया। सेंटर्स से परीक्षा देकर निकले



छात्र और छात्राओं ने बताया कि हाईस्कूल में फिजिक्स ने थोड़ा उलझाया, तो वहीं इंटरमीडिएट में बायोलॉजी का पेपर थोड़ा लंबा रहा। सुरक्षा की लिहाज से कुल 8 स्टैटिक मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई थी। वाराणसी के कुल 128 सेंटर्स पर ये एग्जाम हुए। इंटरमीडिएट में कल उर्दू, गुजराती, पंजाबी, बंगाली, मराठी, असमिया, भारतीय, कन्नड़, हिंदी, तमिल, तेलुगु, मलयालम, नेपाली, दूसरी पाली में मानव विज्ञान, 2 मार्च को संगीत स्वर, संगीत वाद्यन, नृत्यकला और दूसरी पाली में अंग्रेजी, 4 मार्च को कंप्यूटर, कृषि और दूसरी पाली में फिजिक्स और एजुकेशन, 5 मार्च को स्पेशिफिक सब्जेक्ट्स और दूसरी पाली में भूगोल, एग्रीकल्चर, जंतु विज्ञान के एग्जाम होंगे।

# बीएचयू में आज से शुरू होंगे तीन इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस

## क्वांटम फिजिक्स, वेद-वेदांग और अंतरराष्ट्रीय कानून पर मंथन

परिवर्तन दूत

**वाराणसी (सं.)।** बीएचयू में 1 मार्च को तीन इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस की शुरूआत होगी। अगले 3 दिन तक कैंपस में अलग-अलग वेन्यू पर 500 से ज्यादा वैज्ञानिक, कानूनविद्, प्रोफेसर्स और वैदिक विद्वान जुटेंगे। इन तीन दिनों में क्वांटम फिजिक्स, वेद-वेदांग और अंतरराष्ट्रीय कानून पर मंथन होगा। 'वेद-वेदांग और इंडियन नॉलेज सिस्टम में उपवेद' थीम पर 2 दिन का कॉन्फ्रेंस शुरू होगा। मालवीय मूल्य अनुशीलन केंद्र के महामना सभागार में दोपहर 3 बजे से शाम 6 बजे तक कार्यक्रम चलेगा। अगले दिन दो मार्च कॉन्फ्रेंस की शुरूआत सुबह 9 बजे से होगी। इसमें आने वाले मेहमानों में कलबुर्गी के कुलपति प्रोफेसर श्रीनाथ मूर्ति इनॉगरल स्पीच देंगे। भारत अध्ययन



केंद्र, बीएचयू के कोआर्डिनेटर प्रो. सदाशिव द्विवेदी, हिंदी के प्रो. अवधेश प्रधान, श्रीरामानंद संस्कृत विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. युगल किशोर मिश्रा, बंगलुरु के पूर्व कुलपति प्रो. रामचंद्र भट्ट आदि आएंगे। दूसरा इंटरनेशनल इवेंट फैकल्टी ऑफ लॉ का महामना सभागार में शुरू होगा। इसमें 200 से ज्यादा मेहमान और विद्वान आएंगे। इस कॉन्फेंस की थीम है "वर्तमान समस्याओं को निपटारे के लिए अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं की भूमिका पर चर्चा।

## छात्रों ने सीखा मिट्टी ने टेराकोटा म्यूरल खिलौना बनाना

**वाराणसी(परिवर्तन दूत)।** महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के ललित कला विभाग की ओर से आयोजित मिट्टी द्वारा टेराकोटा म्यूरल खिलौना बनाने का 25 दिवसीय कार्यशाला गुरुवार को सम्पन्न हुई। 05 से 29 फरवरी तक चले इस कार्यशाला में छात्र-छात्राओं ने लगभग 200 म्यूरल एवं खिलौने का निर्माण किया। इसमें बी.एफ.ए. प्रथम वर्ष के लगभग 50 छात्र- छात्राओं ने भाग लिया।

कार्यशाला के प्रशिक्षक मशहूर चित्रकार रातेद्र विश्वकर्मा एवं शुचिता सिंह ने 25 दिनों तक मिटटी द्वारा टेराकोटा म्यूरल खिलौने बनाने की कला का प्रशिक्षण दिया। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने टेराकोटा म्यूरल 105 अलग-अलग चौकोर फ्रेमो में बांधने का प्रयास किया है। इसी तरह ट्रेडिशनल म्यूरल 50 तथा 50 खिलौने रिलीफ तकनीक द्वारा बनाए गए।

# नए मतदाताओं के साथ भाजयुमो की नमो-युवा चौपाल

परिवर्तन दूत

**वाराणसी (सं.)।** लोकसभा चुनाव 2024 की तैयारियों में जुटी भाजपा ने भाजयुमो के बैनर तले नए मतदाताओं तक दस्तक देना शुरू कर दिया है। गुरुवार को वाराणसी के 20 मंडल में दस हजार युवाओं के साथ भाजयुमो ने संवाद किया। ग्रामीण इलाकों में नमो युवा चौपाल के जरिए भाजपा सरकारों की उपलब्धियां गिनाई गईं। दस वर्ष के भाजपा शासन काल में परिवर्तन पर सवाल पूछे। सरकार को लेकर युवाओं से उनके विचार जाने और 2024 के मेनीफेस्टो यानि संकल्प पत्र के लिए सुझाव लिया।

गुरुवार को भाजयुमो के जिला प्रभारी प्रियांशु तिवारी ने कार्यकताओं और युवाओं के साथ संवाद किया। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तीसरी बार पुनः देश का नेतृत्व दिया जाएगा। इसके लिए भाजपा ही नहीं जनता भी संकल्पित है। धारा-370, कश्मीर शांति, राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा और कई जनोपयोगी कानून भाजपा सरकार में आए। देश के बड़े परिवर्तन के लिए भाजपा सरकार हमेशा जानी जाएगी औ भारतीय जनता युवा मोर्चा जनसंपर्क अभियान के जरिए इन्हें घर घर पहुंचा रही है। नए मतदाताओं के साथ संवाद में वाराणसी जिलाध्यक्ष अमन सोनकर ने कहा कि काशी के सांसद और देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में दस साल में बनारस की तस्वीर बदल गई है। सड़कों से लेकर हाईवे और रेलवे समेत सभी जगह परिवर्तन आया है। काशी की तुलना




हाईटेक सिटी और मैट्रो सिटी से हो रही है। देश में सर्वाधिक पर्यटक काशी आ रहे हैं और यहां के पर्यटन कारोबार को चार चांद लग रहे हैं। जिलाध्यक्ष ने बताया कि देशव्यापी नमो युवा चौपाल में अब तक नए मतदाताओं, युवा मतदाताओं के साथ संवाद किया जा रहा है। 20 मंडलों के 400 स्थानों पर चौपाल लगाई जा रही है। आज लगभग 20 से अधिक चौपाल लगाई जा रही है जिसमें 10 हजार से अधिक नए मतदाता जुटे हैं। पूरे जिले में लगभग 50 हजार युवाओं के जोड़ने का लक्ष्य है। भाजपा के 2024 संकल्प पत्र यानी मैनिफेस्टो के लिए सुझाव भी मिले, जिसमें युवाओं ने अपनी आगामी भूमिकाओं और सरकार से अपेक्षाओं को रखा है।

# कुंडों-सरोवरों के संरक्षण की कामना से उतारी चक्र पुष्करिणी कुंड की आरती

परिवर्तन दूत

**वाराणसी (सं.)।** काशी खंड के अनुसार गंगा अवतरण से पहले अस्तित्व वाले मणिकर्णिका तीर्थ व चक्र पुष्करणी कुंड पर नमामि गंगे ने गुरुवार को स्वच्छता की अलख जगाई। भूगर्भ जल के दिव्य स्रोत कुंडों - सरोवरों के संरक्षण की कामना से चारों धाम के पुण्य का लाभ प्रदान करने वाले चक्र पुष्करणी कुंड की महर्षि योगी विद्याश्रम के वेदपाठी बटुकों के साथ आरती उतारी। गंगा किनारे व चक्र पुष्करणी कुंड में श्रद्धालुओं द्वारा विसर्जित किए गए कपड़े व अन्य प्रदूषण कारक सामग्रियों को बाहर निकालकर कूड़ेदान तक पहुंचाया गया। काशी तीर्थ पुरोहित सभा व कुंड के प्रधान तीर्थ पुरोहित पं. मनीष नंदन मिश्र के संयोजन में चल रही मिट्टी की सफाई में भी हाथ बंटाया। जल संरचनाओं के रूप में हमें मिली



समृद्धशाली धरोहरों को सहेजने के उद्देश्य से ' सबका साथ हो - गंगा साफ हो ' का संदेश दिया गया। नमामि गंगे काशी क्षेत्र के संयोजक राजेश शुक्ला ने कहा कि मणिकर्णिका तीर्थ और चक्र पुष्करणी कुंड की महिमा पृथ्वी के सभी तीर्थों की तुलना में श्रेष्ठ है। काशी खंडोंक्त में वर्णित यह क्षेत्र धार्मिक आस्था और पर्यटन का भी केंद्र बिंदु है इसलिए साफ सफाई बहुत जरूरी है। आयोजन में प्रमुख रूप से, महर्षि योगी विद्याश्रम के प्रभारी सीसंत केसरी स्वाइं, सुनील श्रीवास्तव व वेद पाठी बटुक शामिल रहे।

## संक्षिप्त खबरे...

### राज्यपाल का काशी में आगमन आज

**वाराणसी (परिवर्तन दूत)।** राज्यपाल आनंदी बेन पटेल एक मार्च को आएंगी। आईसीडीएस की ओर से कमिश्नरी सभागार में दोपहर तीन बजे से आयोजित कार्यक्रम में भाग लेंगी। गेल इंडिया की ओर से सीएसआर फंड के तहत पांच सौ आंगनबाड़ी केंद्रों को किट वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ करेंगी। राज्यपाल इस दौरान समूह की पांच डिजिटल दीदी व प्रेरणा कैफे से जुड़ी तीन महिलाओं को प्रमाण पत्र देंगी।

### विद्यापीठ में नौ को पुनः वितरित होंगे स्मार्टफोन

**वाराणसी (परिवर्तन दूत)।** महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के जिन विद्याथीर्यों का नाम उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण हेतु स्मार्टफोन/टैबलेट वितरण योजना सूची में है और वो स्मार्टफोन नहीं ले पाए, ऐसे विधार्थी 9 मार्च, 2024 को स्मार्टफोन ले सकते हैं। विद्यार्थीगण उक्त तिथि को प्रशासनिक भवन-01 के भूतल स्थित परीक्षा सामान्य के काउन्टर से पूर्वाह्न 11 बजे से अपना स्मार्टफोन ले सकते हैं। उक्त जानकारी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड है।

### मार्केटिंग और सेल्समैनशिप की परीक्षा आज

**वाराणसी (परिवर्तन दूत)।** महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के बी.ए., बी.सी.ए. एवं बी.कॉम. प्रथम व तृतीय सेमेस्टर सत्र 2023-24 के छात्रों का कौशल विकास/माइनर वोकेशनल पाठ्यक्रम के तहत ई-टैक्सेशन/मार्केटिंग और सेल्समैनशिप की परीक्षा 01 मार्च, 2024 को दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक वाणिज्य विभाग में होगी। वाणिज्य विभाग के अध्यक्ष प्रो. अजीत कुमार शुक्ल ने बताया कि मुख्य परिसर के प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर के छूटे हुए परीक्षार्थी भी इस परीक्षा में सम्मिलित हो सकते हैं।

# सेक्स रैकेट संचालक समेत तीन आरोपियों की जमानत मंजूर



परिवर्तन दूत

**वाराणसी (सं.)।** सेक्स रैकेट संचालक समेत तीन आरोपितों को कोर्ट से राहत मिल गई। प्रभारी जिला जज अनिल कुमार पंचम की अदालत ने लाइन बाजार, जौनपुर निवासी संचालक कवलजीत सिंह (सरदार), भुल्लनपुर, मंडुआडीह निवासी सागर सेठ व उसके पिता प्रकाश सेठ को 50-50 हजार रुपए की दो जमानतें एवं बंधपत्र देने पर रिहा करने का आदेश दिया। अदालत में बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता अनुज यादव, कृष्णा यादव ईलू व रोहित यादव ने पक्ष रखा। अभियोजन पक्ष के अनुसार लंका थाना प्रभारी को मुखबिर से सूचना मिली कि लंका थाना क्षेत्र में स्थित एक गेस्ट हाउस में सेक्स रैकेट चल रहा है। सूचना पर थाना प्रभारी ने एसीपी भेलूपुर को घटना की जानकारी देकर उक्त गेस्ट हाउस पर छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान गेस्ट हाउस के एक कमरे की तलाशी ली गई तो उसमें एक महिला व पुरुष आपत्तिजनक स्थिति में मिले। वहीं दो अन्य कमरों की तलाशी लेने पर चार अन्य लड़कियां बरामद हुई। तलाशी में उनके पास से मोबाइल फोन, नशीली दवाएं, गर्भनिरोधक समेत शक्तिवर्धक दवाएं बरामद हुई। पूछताछ में उन्होंने बताया कि कावलजीत सिंह उन्हे बाहर से बुलाकर शहर के विभिन्न क्षेत्रों में स्थित होटल में भेजते हैं और ग्राहक से मिलने वाली धनराशि में से कमीशन लेते है। जिसके बाद पुलिस ने इस मामले में तीनों आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने के बाद गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था।

## महाशिवरात्रि के पूर्व स्वच्छता की बयार चली शिव के द्वार

**वाराणसी।** महाशिवरात्रि के पूर्व नमामि गंगे की ओर से स्वच्छता ही सेवा अभियान चलाया गया। अभियान का प्रारम्भ गायघाट से किया गया। नमामि गंगे महानगर सहसंयोजक शिवम अग्रहरि के नेतृत्व में संस्था के सदस्यों ने द्वादश ज्योतिर्लिंग सहित शिव कचहरी को जल आदि से विधिवत धोकर साफ किया।तदुपरांत गंगाजल से अभिषेख किया।चमेली के तेल से मालिश व भष्म से त्रिपुंड लगाया गया।शिवम ने बताया कि महाशिवरात्रि तक स्वच्छता की यह बयार भगवान शिव के गंगातट पर बसे प्रत्येक द्वार तक ले जाएंगे।सप्ताहभर में अनवरत गंगा किनारे के अधिकांश शिवालयों में सेवा की जायेगी। अभियान का प्रमुख उद्देश्य मंदिरों के शहर काशी के प्रत्येक देवालयों में स्वच्छता के प्रति श्रद्धालुओं का ध्यानाकृष्ट करना है। सेवा कार्य में महानगर सहसंयोजक शिवम अग्रहरि, सहसंयोजक रामप्रकाश, जय, सीता घिमिरे, उत्कर्ष, उषा गुप्ता, निधि, रामबाबू, पूजा आदि रहीं।

# विधायक कैन्ट ने की जनसंपर्क कार्यालय में जनसुनवाई



परिवर्तन दूत

**वाराणसी (सं.)।** शिवाजी नगर जनसंपर्क कार्यालय में विधायक कैन्ट सौरभ श्रीवास्तव द्वारा जनसुनवाई कर जनसमस्याओं का निस्तारण किया गया। विधानसभा कार्यालय में विधायक सौरभ द्वारा प्रातः नौ बजे से दोपहर दो बजे तक लगातार जनसुनवाई की गई। जनसुनवाई के दौरान विभिन्न तरह की समस्याओं जैसे पानी, सीवर, बिजली, सड़क, भूमि अधिग्रहण, भूमि विवाद, चिकित्सा आदि के निस्तारण हेतु विधायक द्वारा संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया गया। शिवपुरवा से आई प्रार्थिनी शशिकला द्वारा शिकायत की गई कि उनके पति उन्हें प्रताड़ित करते हैं और उनके द्वारा कोई गुजारा राशि नही दिया जाता है। जिस पर विधायक द्वारा उनके पति से वार्ता कर समझौते का प्रयास किया गया। वार्ता असफल होने पर थाना सिगरा को उचित कार्यवाही करने के लिए निर्देशित किया गया। खोजवाँ से आयी प्रार्थिनी सीता गुप्ता द्वारा विपक्षियों द्वारा जान से मारने की धमकी मिलने व पैसे छीनने का आरोप लगाया गया, जिसपर विधायक द्वारा तत्काल एसीपी भेलूपुर को न्यायोचित कार्यवाही के लिए निर्देशित किया गया।

## विद्यापीठ के डॉ. सुनील कुमार विश्वकर्मा को राष्ट्रपति ने किया सम्मानित

**वाराणसी (परिवर्तन दूत)।** महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के ललित कला विभाग के शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं द्वारा गुरुवार को विभागाध्यक्ष डॉ. सुनील कुमार विश्वकर्मा को अंगवस्त्रम एवं पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया गया। डॉ. विश्वकर्मा को यह सम्मान राष्ट्रपति भवन में आयोजित आर्ट इन रेजिडेंस कार्यक्रम में बतौर अतिथि प्रतिभाग करने के लिए दिया गया। इस कार्यक्रम में राष्ट्रपति ने डॉ. विश्वकर्मा को अंगवस्त्रम एवं प्रमाण पत्र से सम्मानित किया। 21 से 27 फरवरी 2024 तक चित्रों का निर्माण एवं प्रदर्शनी में डॉ. सुनील कुमार विश्वकर्मा सहित देश के जाने-माने 13 कलाकारों को बुलाया गया था। इस दौरान डॉ. विश्वकर्मा ने बताया कि राष्ट्रपति भवन में आयोजित कार्यशाला में सभी कलाकारों को दो-दो चित्र का निर्माण करना था। राष्ट्रपति भवन के लिए सभी कलाकारों को घर से चार-चार चित्र बनाकर लाना भी था। सभी चित्रों को राष्ट्रपति भवन में प्रदर्शित किया गया।

# श्रीकाशी विश्वनाथ धाम पहुंचा संघ विंग मुस्लिम मंच

परिवर्तन दूत

**वाराणसी (सं.)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के अनुसांगिक संगठन मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के पदाधिकारियों ने गुरुवार को ज्ञानवापी का दौरा किया। उन्होंने श्रीकाशी विश्वनाथ जी का विधि-विधान से दर्शन-पूजन भी किए। इस दौरान पदाधिकारियों ने ज्ञानवापी को लेकर हिन्दू-मुस्लिम विवाद की स्थिति को समझा। श्रीकाशी विश्वनाथ मंदिर के बगल में मंदिर ध्वस्त करके बनाई गई मस्जिद को औरंगजेब के आतंक का परिणाम बताते हुए उसके काम की निंदा की। मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के ठाकुर राजा रईस ने कहा कि भारत के मुसलमानों को ये तय करना होगा की उनके असली पूर्वज कौन थे। इस्लाम धर्म का उदय सातवीं शताब्दी में हुआ था।इससे पहले भारत में सिर्फ हिन्दू, जैन और बौद्ध धर्म के लोग ही रहा करते थे। हमारे 100 करोड़ से ज्यादा सनातनी भाईयों की आस्था को श्रीकाशी विश्वनाथ धाम के बगल में बनी ज्ञानवापी मस्जिद से ठेस पहुंच रही है। इसलिए मुस्लिम समाज से जुड़े बुद्धिजीवियों को चाहिए कि वे आकर इस स्थान को देखें और खुद ही निर्णय ले कि यह मस्जिद श्रीकाशी विश्वनाथ मंदिर के बगल में सही तरीके से बनाई गई है या गलत। जो सच दिख रहा है, उससे दूसरों को भी अवगत कराए। आपसी सहयोग और सद्भाव से इस विवाद का हल निकाला जा सकता है। ठाकुर राजा रईस ने कहा कि हिन्दुस्तान पीर फकीर और ऋषि-मुनियों का देश है। 1600 साल पूर्व भारत में इस्लाम आया और शिव अनादि काल से अस्तित्व में हैं। श्रीकाशी विश्वनाथ धाम को देखकर अफसोस होता है। इसके बगल में मंदिर को ध्वस्त कर ज्ञानवापी मस्जिद बनाई गई है। जो आक्रमणकारियों के आतंक की याद दिलाता है।

# विदेशों में चखी जाएंगी समूह महिलाओं की उपज

## खेती करने वाली महिलाओं को सरकार विशेषज्ञों से दिलाएगी प्रशिक्षण

परिवर्तन दूत

**वाराणसी (सं.)।** वाराणसी की स्वयं सहायता समूह की महिलाओं की उपज जल्दी ही विदेशों में चखी जाएगी। स्वयं सहायता समूह की महिलाएं सिंघाड़ा और केले की खेती करेंगी जिसे निर्यात करने की योजना है। वाराणसी में विभिन्न विभागों द्वारा तैयार कराए गए 511 तालाब है इन तालाबों में सिंघाड़ा और केले की खेती की जाएगी। खेती करने वाली महिलाओं को योगी सरकार विशेज्ञों से प्रशिक्षण भी दिलाएगी जिससे अच्छी गुणवक्ता वाली फसल पैदा हो सके। योगी सरकार महिलाओं को सभी क्षेत्रों में आय के साधन उत्पन्न करके आत्मनिर्भर बनाना चाहती है। इसके लिए सरकार स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के लिए तालाब तैयार करवा रही है।इसमें सिंघाड़े और केले की खेती की जाएगी।



मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु नागपाल ने बताया कि जिले में अलग-अलग विभागों द्वारा पिछले 5 वर्षो में कुल 511 तालाब बनाए गए हैं। इनमे सिंघाड़े की खेती के लिए उपयुक्त तालाबों का चयन किया जा रहा है। विशेष तौर पर इस बात का ध्यान रखा जा रहा है कि चयन किये गए तालाब में पानी उपलब्ध हो, चयनित तालाब समूह की महिला के घर के आस -पास हो, तालाब पूजा के लिए न इस्तेमाल हो रहा हो, तालाब के पास मंदिर न हो, तालाब के आस पास बैठने, टहलने, योगा आदि की व्यवस्था न हो। ऐसे तालाब जो किसी कार्य से नही जुड़े है और जो सिंघाड़े की खेती के लिए उपयुक्त हो उनका खेती के लिए चयन किया जायेगा।मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि खेती के लिए स्वयं सहायता समूह की महिलाओं का चयन करके विशेषज्ञों द्वारा उनको प्रशिक्षित भी किया जाएगा। सिंघाड़ा और केला दोनों ही पूजा में चढ़ाने, व्रत में फल के रूप में खाने और सब्जी बनाने में इनका इस्तेमाल किया जाता है। इसके लिए भी सरकार कार्य योजना तैयार कर रही है ताकि स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा तैयार किए गए सिंघाड़ों और केलों को विदेश निर्यात किया जा सके।

# प्रेग्नेंट महिलाओं के खाते में पहुंचे 31 करोड़ रुपए

## पीएमएमवीवाई रजिस्ट्रेशन में यूपी का 7वां जिला बना वाराणसी

परिवर्तन दूत

**वाराणसी (सं.)।** प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना (पीएमएमवीवाई) - 2.0 रजिस्ट्रेशन में वाराणसी यूपी में सातवें स्थान पर रहा। यहां पर 19,667 महिलाओं ने इस योजना के लिए अपना नाम दर्ज कराया है। यह राज्य सरकार से मिले टारगेट से करीब साढ़े 13% कम रहा। वाराणसी ने टारगेट का 86.34% पूरा किया है। वहीं, पहली और दूसरी बार बच्चे की डिलीवरी करा चुकीं 5 हजार महिलाओं के अकाउंट में कुल 31 करोड़ से ज्यादा रुपए भेजे गए। वाराणसी के सीएमओ डॉ. संदीप चौधरी ने कहा कि ये योजना पिछले साल सितंबर में शुरू हुई थी। तब से 6 महीने में ये अचीवमेंट आए हैं। पहले और दूसरा बच्चा लड़की होने पर लाभ दिए जाने के लिए ज्यादा से ज्यादा रजिस्ट्रेशन पर जोर दिया गया। जिला और ब्लॉक लेवल पर योजना के रजिस्ट्रेशन फॉर्म भराए जाने का काम किया जाता है। सरकार द्वारा



पीएमएमवीवाई 2.0 पोर्टल पर अपलोड किए गए फॉर्म की जांच के बाद पैसा सीधे महिला के अकाउंट में लगा दिया जाता है। योजना के नोडल अधिकारी और डिप्टी सीएमओ डॉ. एचसी मौर्य ने बताया कि गर्भ होने के 570 दिन के अंदर ही रजिस्ट्रेशन जरूरी होता है। पहली बार मां बनने वाली गर्भवती के लिए मिलने वाला पैसा 2 किश्तों में दिया जाएगा।

## ज्योतिष व अमरजीत मिस्टर फ्रेशर और अंजली व अंकिता बनी मिस फ्रेशर

**वाराणसी (परिवर्तन दूत)।** महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के शिक्षा संकाय में शारीरिक शिक्षा विभाग द्वारा गुरुवार को बी.पी.एड. एवं एम.पी.एड. के नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं के लिए फ्रेशर पार्टी का आयोजन किया गया। फ्रेशर पार्टी में बीपीएड से अमरजीत यादव को मिस्टर फ्रेशर व अंकिता सिंह को मिस फ्रेशर और एमपीएड से ज्योतिष मौर्य को मिस्टर फ्रेशर व अंजली पाल को मिस फ्रेसर चुना गया। कार्यक्रम का शुभारंभ शिक्षा संकाय के अध्यक्ष प्रो. संतोष कुमार गुप्ता ने दीप प्रज्वलित कर किया। संचालन निर्भय सिंह व अंकु शर्मा ने किया। इस अवसर पर विभागध्यक्ष प्रो. सुशील कुमार गौतम, डॉ. कुंदन सिंह, डॉ. बालरूप यादव, डॉ. सुनील यादव, डॉ. निशा, डॉ. देवेश सिंह, रवि यादव, मुर्शिद जमाल, अजय यादव, आशुतोष, मुरली, नीरज, लोकेन्द्र, रवि आदि उपस्थित रहे।

# संपादकीय

## निताशा कौल को लौटाना लोकतंत्र विरोधी आचरण

यूनाइटेड किंगडम की भारतीय मूल की प्रोफेसर निताशा कौल को जबरिया उनके देश लौटाकर एक बार फिर से भारत सरकार ने साफ कर दिया है कि यहां लोकतंत्र और संवैधानिक मूल्यों की बात करने वालों को बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। निताशा कर्नाटक सरकार की ओर से आयोजित एक सम्मेलन में भाग लेने के लिये सम्मानित वक्ता के रूप में आमंत्रित की गई थीं परन्तु उन्हें बेंगलुरु हवाईअड्डे से वापस लंदन भेज दिया गया। वहां के वेस्टमिंस्टर विश्वविद्यालय में अध्यापन करने वाली निताशा 24-25 को कर्नाटक सरकार द्वारा संविधान व राष्ट्रीय एकताश् सम्मेलन में भाग लेने के लिये आई थीं। वे कश्मीर के मामलों में अपने बेबाक विचारों के लिये जानी जाती हैं। वे नरेंद्र मोदी सरकार की कश्मीर मामले में नीतियों की विरोधी के रूप में प्रसिद्ध हैं। उन्होंने जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाये जाने का तो विरोध किया ही था, द कश्मीर फाइल्स फिल्म पर भी सरकार की आलोचना की थी।वैसे तो उन्हें वापस भेजने का कोई स्पष्ट कारण भारत सरकार की ओर से नहीं बतलाया गया है लेकिन स्पष्ट है कि उन्हें प्रधानमंत्री मोदी, भारतीय जनता पार्टी एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ विरोधी होने का खामियाजा भुगतना पड़ा है। फिर, यह कार्यक्रम कर्नाटक की कांग्रेस सरकार की ओर से आयोजित किया गया था, सो मोदी सरकार द्वारा ऐसा करना लाजिमी ही था। अपने एक्स हैंडल पर निताशा ने इस बाबत लिखी पोस्ट में बतलाया है कि उन्हें कर्नाटक सरकार ने आमंत्रित किया था। उनके यात्रा सम्बन्धी सभी दस्तावेज सही थे तो भी उन्हें आव्रजन अधिकारियों की ओर से बेंगलुरु एयरपोर्ट पर हिरासत में रखा गया। उन्हें रोके जाने का किसी ने कोई कारण नहीं बताया। अधिकारी केवल यही कहते रहे कि श्वे कुछ नहीं कर सकते क्योंकि उन्हें दिल्ली से ऐसा करने के आदेश मिले हैं।श् निताशा का यह भी आरोप है कि उन्हें सोने के लिये तकिया तक नहीं दिया गया और उन्हें अखबारों को ही तकिया बनाकर सोना पड़ा था। खाने-पीने तक नहीं दिया गया। वे यह भी कहती हैं कि उन्हें न आने के लिये केन्द्र सरकार की ओर से कोई आदेश भी नहीं मिला। शुक्रवार को सुबह वे बेंगलुरु हवाईअड्डे पर उतरीं और शनिवार की सुबह वापस लंदन भेज दी गईं। राजनीति शास्त्र एवं अंतरराष्ट्रीय मामलों की प्रोफेसर निताशा का जन्म गोरखपुर में हुआ था। वे एक ऐसे कश्मीरी पंडित के घर में जन्मी थीं जो घाटी छोड़कर आया था। उन्होंने दिल्ली के श्रीराम कॉलेज ऑफ कॉमर्स से अर्थशास्त्र में स्नातक एवं दिल्ली विवि से उच्च शिक्षा हासिल की है। 1997 में 21 वर्ष की आयु में वे इंग्लैंड चली गयीं। वहां के हल विवि से अर्थशास्त्र व दर्शनशास्त्र में डॉक्टरेट करने के बाद वे वेस्टमिंस्टर विवि में पढ़ाने लगीं। भारत में राष्ट्रवाद, लैंगिक असमानता तथा नागरिक अधिकारों आदि से सम्बन्धित विषयों पर उनके विचार सुर्खियों में आये थे। भाजपा व संघ के विचारों के खिलाफ वे बोलतीं तथा लिखती रहती हैं। वे एक उपन्यासकार तथा कवयित्री के रूप में भी पहचान रखती हैं। हालांकि सोशल मीडिया पर भाजपा समर्थक उनसे खिलाफ कई तरह के आरोप लगा रहे हैं। उन्होंने निताशा को भारत विरोधी बतलाते हुए कहा है कि वे कश्मीर में हिन्दुओं के नरसंहार की बात से इंकार करती हैं और कश्मीर पर भारत द्वारा कब्जा किया जाना बतलाती हैं।

आरोप-प्रत्यारोपों को दरकिनार कर दिया जाये तो भी लोकतंत्र का तकाजा तो यही होता है कि उन्हें अपनी बात कहने का अवसर दिया जाता। उन्हें इस प्रकार से वापस भेज दिया जाना एक लोकतांत्रिक देश होने का दावा करने वाली सरकार के लिये शोभनीय नहीं कहा जा सकता। यह वाकया ऐसे वक्त पर हुआ है जब एक बार फिर से राहुल गांधी कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय में अपना व्याख्यान देने पहुंच चुके हैं। पिछले वर्ष जब वे इसी विश्वविद्यालय एवं अमेरिका के शिक्षण संस्थानों में गये थे तब उन्होंने यही आरोप लगाये थे कि मोदी सरकार द्वारा विरोधी विचारों का गला घोंटा जाता है। निताशा को वापस भेजकर सरकार उनके इन आरोपों की पुष्टि ही कर रही है। वे जिस देश से आई हैं, उसके समेत तमाम पाश्चात्य देशों में मुक्त संवाद की परम्परा है। अपने घोर विरोधियों को तक धैर्यपूर्वक सुनने का उन देशों में चलन है। मोदी सरकार का आचरण इसके विपरीत है जो अक्सर वहां के पत्रकारों की रिपोर्टों एवं लेखों में प्रतिध्वनित होता है। यह भी होता है कि ऐसी खबरें आने पर बौखलाई केन्द्र सरकार, उसका सोशल सेल एवं भाजपा के समर्थक यह कहकर टूट पड़ते हैं कि मोदी की लोकप्रियता एवं भारत की तरक्की से घबराए हुए वे देश दुष्प्रचार कर रहे हैं। वे इसे भारत पर पश्चिमी देशों का हमला बतलाने से तक नहीं चूकते।निताशा के साथ जो व्यवहार हुआ है, उसका संदेश खराब जायेगा। चूंकि वे एक सक्रिय तथा प्रसिद्ध लेखिका और अध्यापक हैं, , वे लोगों से यह कहने में बिलकुल पीछे नहीं हटेंगी कि जो वे कहती रही हैं, उन्होंने भारत सरकार का व्यवहार ठीक वैसा ही पाया है। इस घटना को उसी कड़ी में देखा जा सकता है कि प्रधानमंत्री मोदी भारत को चाहे श्लोकतंत्र की जननीश् कहते हों परन्तु वे खुद एवं उनकी सरकार का आचरण घोर लोकतंत्र विरोधी होता है। इसलिए वे आलोचना को देश पर हमला बतलाते हैं। नरेन्द्र मोदी स्वयं भी उनकी आलोचना को गालियां समझते हैं। नरेन्द्र मोदी एवं केन्द्र सरकार को अपने खिलाफ कही गई बातों व आरोपों के तार्किक जवाब देने चाहिये। निताशा को यूं भेजकर उन्होंने लोकतंत्र विरोधी होने का सबूत दिया है।

## लोकसभा चुनाव में तमिलनाडु में हो सकता है त्रिकोणीय मुकाबला

के आर सुधामन

2024 के लोकसभा चुनावों के लिए तमिलनाडु में राजनीतिक सीटों की साझेदारी के संबंध में अभी तक विभिन्न पार्टियों के बीच समझौते पूरे नहीं हुए हैं। राज्य में आधी सदी या उससे भी अधिक समय से राजनीति दो द्रविड़ पार्टियों द्रमुक और अन्नाद्रमुक के इर्द-गिर्द घूमती रही है। कुछ साल पहले द्रमुक के संरक्षक एम करुणानिधि और अन्नाद्रमुक सुप्रीमो जे जयललिता की मृत्यु के बाद से दोनों दलों, जिनके पास लगभग 30 से 35 प्रतिशत वोट शेयर थे, निश्चित रूप से कम हो गये हैं। तब से दोनों द्रविड़ पार्टियों का व्यक्तिगत वोट शेयर घटकर 20-25 प्रतिशत रह गया है और जैसा कि हमने पिछले कुछ चुनावों में देखा था, जो भी पार्टी बेहतर गठबंधन बनाती है, वह जीतती है, चाहे वह तमिलनाडु विधानसभा का चुनाव हो या लोकसभा का। तमिलनाडु में सत्ता में आने वाले पार्टी संयोजन को लगभग 40 प्रतिशत वोट हासिल करने होते हैं, इसलिए चुनाव जीतने के लिए आवश्यक अतिरिक्त 15 से 20 प्रतिशत वोट गठबंधन सहयोगियों से आना होता है, जिसमें से कोई भी पार्टी शामिल हो जाती है। राष्ट्रीय पार्टियों ने अतीत में किसी न किसी द्रविड़ पार्टियों के साथ गठबंधन किया है, जिससे उनके प्रति कोई वैचारिक बाधा नहीं होने का संकेत मिलता है। हर चुनाव में एक तीसरा मोर्चा भी होता है, जिसे लगभग 15-20 प्रतिशत वोट मिलते हैं क्योंकि तमिलनाडु की आबादी का एक प्रतिशत ऐसा है, जो द्रविड़ पार्टियों या उनके संयोजन में से किसी को वोट नहीं देता है। पिछले कुछ समय से तमिलनाडु के चुनावों का यही गणित रहा है। हालांकि कांग्रेस के 1967 में राज्य की सत्ता से बाहर होने पर भी हर निर्वाचन क्षेत्र में उसके कुछ प्रतिबद्ध मतदाता हैं और वे लगभग 8-12 प्रतिशत वोट बनाते हैं, जो इस बात पर निर्भर करता है कि हवा किस तरफ है। इसलिए कांग्रेस जिस द्रविड़ पार्टी के साथ गठबंधन करती है, उसे वर्तमान परिस्थितियों में चुनाव जीतने में बढ़त हासिल होती है।हाल ही में, अन्नामलाई के नेतृत्व में, भाजपा तमिलनाडु में



एक बड़ी ताकत बनकर उभर रही है, खासकर युवाओं के बीच, जो दो द्रविड़ पार्टियों के बढ़ते भ्रष्टाचार और जाति-आधारित राजनीति से तंग आ चुके हैं। पिछले 2021 के विधानसभा चुनाव में भाजपा का वोट शेयर करीब 4-5 फीसदी था, इस बार 14-15 फीसदी तक जाने की उम्मीद है। भाजपा, जिसने यह स्पष्ट कर दिया है कि वह किसी भी द्रविड़ पार्टी के साथ गठबंधन का हिस्सा नहीं होगी, दिवंगत फिल्मस्टार से राजनेता बने विजयकांत की पार्टी जैसी कुछ छोटी पार्टियों के साथ गठबंधन कर सकती है और इससे अतिरिक्त 10-12 सीटें मिल सकती हैं। फिलहाल डीएमके इंडिया गठबंधन का हिस्सा है, लेकिन कांग्रेस के साथ सीटों की साझेदारी पर चर्चा अभी शुरू नहीं हुई है। अगर राज्य में बड़ा साझेदार होने के नाते डीएमके सीट बंटवारे की कवायद में सख्त रुख अपनाती है, तो कांग्रेस के सख्त रुख अपनाने की संभावना हमेशा बनी रहती है। एआईएडीएमके ने कुछ समय पहले भाजपा के साथ अपना गठबंधन तोड़ दिया है और बार-बार यह स्पष्ट किया है कि वह कम से कम 2024 के लोकसभा चुनावों के लिए भाजपा से हाथ नहीं मिलायेगी। अन्नाद्रमुक को भाजपा का कनीय साझेदार होने मंजूर नहीं है क्योंकि उसे डर है कि अंततरू पार्टी भाजपा द्वारा हाशिए पर धकेल दी जायेगी जैसा कि महाराष्ट्र और बिहार जैसे राज्यों में शिवसेना और जद (यू) के साथ हुआ है। पूर्व मुख्यमंत्री ओ पन्नीरसेल्वम और शशिकला के भतीजे टीटीवीदिनाकरन के नेतृत्व वाले अन्नाद्रमुक के अलग-अलग समूहों के भाजपा के साथ जाने की संभावना के संकेत हैं। तमिलनाडु में गठबंधन को लेकर अभी साफ तस्वीर सामने आना बाकी है। परंपरागत रूप से द्रमुक के साथ रहने वाली कुछ छोटी पार्टियों ने द्रविड़ पार्टी के साथ जाने का अपना फैसला दोहराया है। अब तक डीएमके ने इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग को 1 लोकसभा सीट दी है। दूसरी सीट कोंगुनाडुमक्कलदेसियाकाची को दिए गए। ये डीएमके के दो छोटे साझेदार हैं, जिन्होंने पिछली बार भी गठबंधन का हिस्सा बनकर चुनाव लड़ा था। इस हफ्ते कांग्रेस से बातचीत होने की उम्मीद है।आई यूएमएल रामनाथपुरम संसदीय सीट से लोकसभा चुनाव लड़ेगी। तमिलनाडु में 39 लोकसभा सीटें हैं तथापुडुचेरी से एक। अभिनेता से नेता बने कमल हासन, जो मक्कलनीदिमय्यम (एमएनएम) के प्रमुख हैं, ने संकेत दिया है कि वह गठबंधन के लिए बातचीत कर रहे हैं। वह खुद इस बार लोकसभा सीट से चुनाव लड़ सकते हैं और संकेत हैं कि वह डीएमके गठबंधन के साथ जायेंगे। जाहिर तौर पर वह निर्णय लेने से पहले द्रमुक-कांग्रेस सीट साझाकरण वार्ता के नतीजे का इंतजार कर रहे हैं।फिलहाल डीएमकेकांग्रेस, विदुथलाईचिरूथैगलकाची (वीसीके), मारुमलारची द्रविड़ मुनेत्रकड़गम (एमडीएमके), वाम दल समेत अन्य पार्टियों को एकजुट रख रही है और उनके साथ सीट-बंटवारे की बातचीत शुरू कर रही है। राज्य की मुख्य विपक्षी पार्टी, अन्नाद्रमुक, जो राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) से बाहर हो गई है, द्रमुक के विकल्प के रूप में पेश करने के लिए एडप्पादी के पलानीस्वामी के तहत अधिक से अधिक पार्टियों को लाने का प्रयास कर रही है। हाल ही में, एडप्पादी ने सोशलडेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ इंडिया (एसडीपीआई) की बैठक में भाग लिया और भाजपा की आलोचना करते हुए कहा कि वे अल्पसंख्यकों के लिए खड़े हैं। उन्होंने दोहराया था कि वे लोकसभा चुनाव या 2026 में होने वाले तमिलनाडु विधानसभा चुनाव में भाजपा से हाथ नहीं मिलायेंगे। अन्नाद्रमुक के प्रमुख नेताओं में से एक सी वीशनमुगम ने पट्टालीमक्कलकाची के संस्थापक डॉ. एस रामदास के साथ बातचीत की और इस बैठक को महत्व दिया जा रहा है क्योंकि राज्य की प्रमुख पार्टियों में से एक पीएमके ने अभी तक गठबंधन पर अपने फैसले की घोषणा नहीं की है। पिछले हफ्ते, विशेष कार्यकारी बैठक के दौरान, पीएमके ने राज्य और देश दोनों के कल्याण की परवाह करने वाली पार्टियों के साथ गठबंधन में आगामी लोकसभा चुनाव लड़ने के अपने फैसले सहित कई प्रस्ताव पारित किये थे। एआईएडीएमके के ये कदम उठाने के साथ ही भाजपा भी गैर-द्रविड़ नेताओं से बातचीत कर रही है। जबकि अन्नाद्रमुकपीएमके और प्रेमलताविजयकांत के नेतृत्व वाली देसियामुरपोक्कू द्रविड़ कड़गम (डीएमडीके) के साथ भी बातचीत कर रही है, सूत्रों ने कहा कि बाद वाले के भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए में शामिल होने की संभावना है। डीएमडीके की कार्यकारी और सामान्य परिषद की बैठक के दौरान, प्रेमलता ने कहा था कि वे किसी भी पार्टी के साथ बातचीत करने के लिए तैयार हैं, लेकिन इससे पहले, उन्हें लिखित रूप में राज्यसभा सीट का वायदा करना होगा। डीएमडीके के अलावा, टीटीवीदिनाकरन की अम्मा मक्कलमुनेत्रकड़गम, टीआरपारीवेंधर की इंडिया जननायगाकाची (आईजेके), और के कृष्णास्वामी की पुथियातमिड़गम जैसी अन्य पार्टियां हैं जिनके एनडीए का हिस्सा बनने की संभावना है। पूर्व मुख्यमंत्री और अन्नाद्रमुक से निष्कासित नेता ओ पन्नीरसेल्वम संभवतरू भगवा पार्टी के लिए प्रचार करेंगे। जी के मूपनार के बेटे जी के वासन की अगुवाई वाली तमिल मनीला कांग्रेस भी भाजपा के साथ जा सकती है। वह एआईएडीएमके के साथ भी जा सकते हैं।फिलहाल गठबंधन को लेकर तस्वीर अभी भी साफ नहीं है और सभी संभावनाएं अभी भी खुली हैं। उन्हें आकार लेने में कुछ सप्ताह या उससे भी अधिक समय लग सकता है। लेकिन एक बात तो साफ है कि लोकसभा चुनाव में तमिलनाडु में त्रिकोणीय मुकाबला होगा। एक का नेतृत्व द्रमुक, दूसरे का नेतृत्व अन्नाद्रमुक और तीसरे का नेतृत्व भाजपा करेगी।अगर डीएमके कांग्रेस के साथ जाती है, तो कई छोटी पार्टियां भी उसके साथ चली जायेंगी, जिससे यह एक मजबूत गठबंधन बन जायेगा। उस स्थिति में, अन्नाद्रमुक को मुख्य नुकसान होने की संभावना है। लेकिन तमिलनाडु में द्रमुक शासन के खिलाफ नाराजगी भी बढ़ रही है और यह मुख्य रूप से 2026 के राज्य विधानसभा चुनावों में दिखाई देगी। हालांकि, भाजपा राज्य में एक उभरती हुई ताकत होगी, भले ही उसे लोकसभा सीटें न मिलें। लेकिन आगामी विधानसभा चुनावों में तस्वीर अलग हो सकती है, अगर यही रुझान जारी रहा और द्रविड़ पार्टियों में से एक हाशिए पर चली जायेगी।

## अधिकतम मतदान के जरिये ही देश की राजनीति को सुधारा जा सकता है

ललित गर्ग

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम से तीन माह के लिए विराम लेते हुए लोकतंत्र के महाकुंभ चुनाव में पहली बार वोटर बने युवाओं से रिकार्ड संख्या में मतदान का आग्रह किया। अधिकतम संख्या में मतदान लोकतंत्र की जीवंतता का प्रमाण होने के साथ लोकतंत्र के बलशाली होने का आधार हैं और जनता की सक्रिय भागीदारी का सूचक है। इस बार लोकसभा चुनाव में मतदाताओं की संख्या लगभग 97 करोड़ है, इनमें बड़ी संख्या युवाओं की है। इसीलिये मोदी ने मतदान में युवाओं की सक्रिय भागीदारी का आह्वान करके एक जागरूक, सक्षम एवं जुझारु राजनेता का परिचय दिया है। अधिकतम मतदान भारतीय लोकतंत्र को अधिक स्वस्थ, सुदृढ़ एवं पारदर्शी बनाने की एक सार्थक मुहिम है। सभी मतदाताओं को मतदान के प्रति वैसा ही उत्साह दिखाना चाहिए जैसा कुछ समय से महिलाएं दिखा रही हैं। प्रधानमंत्री ने युवाओं से यह भी अपील की कि वे राजनीतिक गतिविधियों का हिस्सा बनें और राजनीतिक-चर्चाओं को लेकर जागरूक भी रहें। विशेषतः विभिन्न राजनीतिक दलों की लोकलुभावन घोषणाओं एवं चुनावी घोषणा पत्रों पर युवाओं को गहराई से जानकारी हासिल करना चाहिए कि इन घोषणाओं का आधार क्या है, इनके लिये धन कहां से आयेगा? चुनावी तैयारियों का जायजा लेने चेन्नई गए मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने इसी बात को उठाते हुए कहा है कि यदि राजनीतिक दलों को अपने घोषणापत्रों में लोकलुभावन वादे करने का अधिकार है तो मतदाताओं को यह जानने का हक भी है कि क्या वे वादे व्यावहारिक हैं और उन्हें लागू करने के लिए धन का प्रबंध कहां से किया जाएगा।अगले माह लोकसभा चुनाव की संभावित घोषणा और उसके चलते आचार संहिता लागू हो जायेगी। अधिकतम मतदान लोकतंत्र में जन-भागीदारी का अवसर मात्र ही नहीं हैं, बल्कि देश की दशा-दिशा तय करने में आम आदमी के योगदान का भी परिचायक है। अधिकतम मतदान के लिए माहौल बनाने की आवश्यकता इसलिए है, क्योंकि देश के कुछ हिस्सों में मतदान प्रतिशत अपेक्षा से कहीं कम होता है। विडंबना यह है कि आमतौर पर कम प्रतिशत महानगरों में अधिक देखने को मिलता है। इसका कोई मतलब नहीं कि सरकारों अथवा राजनीतिक दलों के तौर-तरीकों की आलोचना तो बढ़-चढ़कर की जाए, लेकिन मतदान करने में उदासीनता दिखाई जाए। आमतौर पर मतदान न करने के पीछे यह तर्क अधिक सुनने को मिलता है कि मेरे अकेले के मत से क्या फर्क पड़ता है? एक तो यह तर्क सही नहीं, क्योंकि कई बार दो-चार मतों से भी हार-जीत होती है और दूसरे, अगर सभी यह सोचने लगें तो फिर लोकतंत्र कैसे सबल एवं सक्षम होगा?

इस दृष्टि से प्रधानमंत्री मोदी का अधिकतम मतदान को प्रोत्साहन देने का उपक्रम एवं आह्वान एक क्रांतिकारी शुरुआत कही जा सकती है। इसका स्वागत हम इस सोच और संकल्प के साथ करें कि हमें अपने मतदान से आगामी आम चुनाव में भ्रष्टाचार, राजनीतिक अपराधीकरण एवं राजनीतिक विसंगतियों पर नियंत्रण करना है।अधिकतम मतदान के संकल्प से हमें मतदान का औसत प्रतिशत 55 से 90-95 प्रतिशत तक ले जाना चाहिए, ताकि इस लक्ष्य को हासिल करके हम भारतीय राजनीति की तस्वीर को नया रुख दे सके। मतदान करना हर नागरिक का मौलिक अधिकार है और कर्तव्य भी है, लेकिन विडम्बना है हमारे देश की कि आजादी के 77 वर्षों बाद भी नागरिक लोकतंत्र की मजबूती के लिये निष्क्रिय है। ऐसा लगता है जमीन आजाद हुई है, जमीर तो आज भी कहीं, किसी के पास गिरवी रखा हुआ है। अधिकतम मतदान की दृष्टि से नरेन्द्र मोदी ने गुजरात में मुख्यमंत्री रहते हुए एक अलख जगाई थी। अनिवार्य वोट के लिये कानून लागू करना ही होगा और इस पहल के लिये सभी दलों को बाध्य होना ही होगा, क्योंकि भारतीय लोकतंत्र में यह नई जान फूंक सकती है। अब तक दुनिया के 32 देशों में अनिवार्य मतदान की व्यवस्था है लेकिन यही व्यवस्था अगर भारत में लागू हो गई तो उसकी बात ही कुछ और होगी और वह दुनिया के लिये अनुकरणीय साबित होगी। यदि ऐसा हुआ तो अमेरिका और ब्रिटेन जैसे पुराने और सशक्त लोकतंत्रों को भी भारत का अनुसरण करना पड़ सकता है, हालांकि भारत और उनकी परिस्थितियां एक-दूसरे के बिल्कुल विपरीत है। भारत में अमीर लोग वोट नहीं डालते और इन देशों में गरीब लोग वोट नहीं डालते।भारत इस तथ्य पर गर्व कर सकता है कि जितने मतदाता भारत में हैं, दुनिया के किसी भी देश में नहीं हैं और लगभग हर साल भारत में कोई न कोई ऐसा चुनाव अवश्य होता है, जिसमें करोड़ों लोग वोट डालते हैं लेकिन अगर हम थोड़ा गहरे उतरें तो हमें बड़ी निराशा भी हो सकती है, क्या हमें यह तथ्य पता है कि पिछले 77 साल में हमारे यहां एक भी सरकार ऐसी नहीं बनी, जिसे कभी 50 प्रतिशत वोट मिले हों। कुल वोटों के 50 प्रतिशत नहीं, जितने वोट पड़े, उनका भी 50 प्रतिशत नहीं। गणित की दृष्टि से देखें तो 140 करोड़ की जनसंख्या वाले देश में सिर्फ 20-25 करोड़ लोगों के समर्थन वाली सरकार क्या वास्तव में लोकतांत्रिक सरकार है? क्या वह वैध सरकार है? क्या वह बहुमत का प्रतिनिधित्व करती है? आज तक हम ऐसी सरकारों के आधीन ही रहे हैं, इसी के कारण लोकतंत्र में विषमताएं एवं विसंगतियों का बाहुल्य रहा है, लोकतंत्र के नाम पर यह छलावा हमारे साथ होता रहा है। इसके जिम्मेदार जितने राजनीति दल है उतने ही हम भी है। यह एक त्रासदी ही है कि हम वोट महोत्सव को कमतर आंकते रहे हैं। जबकि आज यह बताने और जताने की जरूरत है कि इस भारत के मालिक आप और हम सभी हैं और हम जागे हुए हैं। हम सो नहीं रहे हैं। हम धोखा नहीं खा रहे हैं।प्रधानमंत्री ने मतदान प्रतिशत बढ़ाने की अपील करते हुए यह सही कहा कि अधिक से अधिक मतदान का मतलब एक मजबूत लोकतंत्र है और मजबूत लोकतंत्र से ही विकसित भारत बनेगा, लेकिन अब ऐसी व्यवस्था एवं तकनीक विकसित करने का भी समय आ गया है जिससे अपने गांव-शहर से दूर रहने वाले वहां जाए बगैर मतदान कर सकें। ध्यान रहे कि ऐसे लोगों की संख्या करोड़ों में है। रोजी-रोटी के लिए अपने गांव-शहर से दूर जाकर जीवनयापन करने वाले सब लोगों के लिए यह संभव नहीं कि वे मतदान करने अपने घर-गांव लौट सकें। यदि सेना और अर्धसैनिक बलों के जवानों के साथ-साथ चुनाव ड्यूटी में शामिल लोगों के लिए वोट देने की व्यवस्था हो सकती है तो अन्य लोगों के लिए क्यों नहीं हो सकती? इस बार ऐसी किसी व्यवस्था के निर्माण के लिए निर्वाचन आयोग के साथ सरकार का भी सक्रिय होना समय की मांग है। इसी से हम अधिकतम मतदान के लक्ष्य को हासिल कर सकेंगे।अधिकतम वोटिंग का वास्तविक उद्देश्य है, जन-जन में लोकतंत्र के प्रति आस्था पैदा करना, हर व्यक्ति की जिम्मेदारी निश्चित करना, वोट देने के लिए प्रेरित करना।

## देश जो सब का था, अब कुछ का होकर रह गया है

डॉ. दीपक पाचपोर

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा जनवरी की 22 तारीख को तमाम वीआईपियों की मौजूदगी में अयोध्या के राम मंदिर में रामलला की प्राणप्रतिष्ठा के जरिये देश में रामराज्य की स्थापना किये अभी एक महीना ही हुआ है और उधर कर्नाटक के राजाजीनगर मेट्रो स्टेशन पर जो कुछ हुआ उसने बता दिया है कि देश अब किसका है। इस स्टेशन पर एक किसान को इसलिये मेट्रो ट्रेन में चढ़ने नहीं दिया गया क्योंकि उसने गंदे कपड़े पहन रखे थे और सिर पर एक गठरी थी। यह घटना बताती है कि जो देश कभी हर किसी का हुआ करता था अब थोड़े से लोगों का होकर रह गया है। कहने को तो बेंगलुरु मेट्रो रेल कार्पोरेशन लिमिटेड ने यह कहकर उक्त पर्यवेक्षक को नौकरी से बर्खास्त कर दिया है कि श्मेट्रो एक समावेशी सार्वजनिक परिवहन है।श् हालांकि निगम ने उक्त यात्री से माफी मांग ली है पर यह घटना बतलाती है कि कई तरह की गैरबराबरियों वाले इस देश में किसी की माली हालत देखकर भेदभाव करने की प्रवृत्ति भी बढ़ चली है। समाज की यह बदलती मानसिकता इसलिये घातक है क्योंकि इससे एक और प्रकार के सामाजिक विभाजन की जमीन तैयार होती दिखती है।अगर एक मोटा अंदाजा लगाएं तो यह पर्यवेक्षक सम्भवतरू उस वर्ग का प्रतिनिधित्व करता है जिसे जाहिर है कि मोटी तनख्वाह मिलती होगी। यह उस खाये-पिये-अघाये वर्ग का बंदा है जिसके पास होम लोन के जरिये अपना मकान होना चाहिये, अपने वाहन की किश्तें पटाने के लिये पैसे होंगे ही। पत्नी भी कमाती होगी, बच्चे अंग्रेजी स्कूलों में पढ़ते होंगे। यह वह वर्ग है जिसके पास बैंक बैलेंस भी होगा, कर्मचारी प्राविडेंट फंड का पैसा जमा हो रहा होगा। सम्भव है कि शेयरों में भी जरूर कुछ निवेश कर रखा होगा। वैसे इसमें कोई बुराई नहीं है। होना भी चाहिये। ये सारे कयास ही हैं परन्तु जो बात साफ है वह यह कि उसने हाल के वर्षों में अपने जैसों या कुछ ऊपर-नीचे वाली स्थिति के लोगों से घृणा करना सीख लिया है। बेशक, यह मानसिकता पिछले 10 वर्षों की देन है। मोदी ने जनसामान्य को भी आडंबर और दिखावे की आदत लगा दी है। भव्यता एवं विलासिता में डूबे लोग अब इस देश को भाने लगे हैं। वे अब सादगी पसंद लोगों को देश के कर्णधार नहीं मानते बल्कि उनकी पसंद के लोग धन्ना सेठ, सिने कलाकार और लकदक ढंग से रहने वाले नेता हैं। यही वह वर्ग है जिसे कोरोना काल में सैकड़ों किलोमीटर धूप में भूखे-प्यासे पैदल चलने वाले मजदूरों व गरीबों की परेशानियां नहीं दिखी थीं बल्कि उन्हें इनकी गंदगी चिंतित करती थी। यह वर्ग मोदी का इसलिये मुरीद है क्योंकि वे किसानों के आंदोलन को कुचलना जानते हैं, श्रम कानूनों को कारखानेदारों और बड़े व्यवसायियों के पक्ष में बदल रहे हैं।भारत को 5 ट्रिलियन इकानॉमी वाला देश बनने का बेसब्री से इंतजार करने वाला यह वर्ग मानता है कि गरीबों, किसानों, मजदूरों, महिलाओं को मिलने वाली सब्सिडी को खत्म कर देना चाहिये क्योंकि ये खैरात, मुफ्तखोरी और रेवड़ियां हैं। वे इस तरह की बातें अपने प्रेरणा स्रोत यानी नरेन्द्र मोदी के श्रीमुख से हमेशा सुनते आए हैं। इसी भरोसे पर उन्होंने मोदी को वोट दिया था कि वे ये सारे बेकार के खर्च बन्द कर देंगे। अलबत्ता उन्हें इस बात से कोई उज्र नहीं है कि बड़े फ्रॉडस्टर सरकारी बैंकों का पैसा लेकर भाग जाते हैं। उनके लिये यह भी कोई मसला नहीं है कि लोगों के पास रोजगार नहीं है। पेट्रोल-डीजल, गैस, उपभक्ता वस्तुओं के बढ़ते दाम उन्हें कतई परेशान नहीं करते। वे मानते हैं कि कीमतें बढ़ना समृद्धि की निशानी है। जब बात प्याज, लहसुन की बढ़ती कीमतों पर आ जाती है तो वे यह कहकर दूसरा रास्ता पकड़ लेते हैं-मैं तो प्याज नहीं खाता (ती) जी!मोदी ने दरअसल यही हिन्दुस्तान बनाया है। 85 करोड़ लोगों को 5 किलो राशन पर निर्भर करते मोदी का रहन-सहन देखें तो रईसजादों से कम नहीं है। वे दिन में तीन-चार बार कपड़े बदलते हैं. करोड़ों की कार और हवाई जहाज में घूमते हैं। महंगे चश्मे और पेन से सुसज्जित मोदी ने कभी कहा था कि वे ऐसा देश बनाएंगे, जिसमें हवाई चप्पल वाले हवाई जहाजों में घूमते हुए दिखेंगे। ऐसा तो हो नहीं पाया, उल्टे अब हवाई चप्पल वालों को मेट्रो में भी चढ़ने नहीं दिया जा रहा है। यह मामला ट्रेन का है, तो उसी की बात कर ली जाये। मोदी ने ट्रेन यात्राओं को इस कदर महंगा कर दिया है कि उससे यात्रा करने के पहले कोई सौ बार सोचता है। मोदी की दिलचस्पी ट्रेन में सुधार करने और लोगों की सहूलियतें बढ़ाने में नहीं वरन महंगी ट्रेनें चलाने में है। बुलेट ट्रेन, तेजस, वंदे भारत ट्रेनों का हाल देखा जा सकता है। रेलवे के सारे संसाधन यदि ऐसी ट्रेनों में लगा दिये जायें तो जाहिर है कि सामान्य ट्रेनों के लिये उसके पास पैसे नहीं रह जायेंगे। वैसे भी रेल प्रशासन की वरीयता अब पैसेंजर नहीं बल्कि मालवाही ट्रेनें हो गई हैं। कोयला लादकर चलने वाली ट्रेनों को पहले रास्ता दिया जाता है ताकि निजी पावर प्लांट बंद न हो जायें और उनके मालिकों को घाटा न हो।

## आज का राशिफल

मेषः- आपकी महत्वाकांक्षाए सफलता की राह पर संघर्ष हेतु प्रेरित करेंगी। अच्छी भावनाऐं आपके मकसद सफलता दिलाऐंगी। कार्य क्षेत्र में अपनें बौद्धिक क्षमता का लाभ उठाऐंगे।

बृषभः- परिश्रम द्वारा आर्थिक क्षेत्र में सफलता अर्जित करेंगे। समय बड़ा मूल्यवान है। अतः इसे व्यर्थ न गंवायें। किसी नए सम्वेदना का प्रभाव नए रिश्ते को जन्म देगा। अभिभावकों का सहयोग प्राप्त होगा।

मिथुनः- परम्पराओ व संस्कारों कें प्रति आस्था बढ़ेगी। निर्थक हीनभाव एवं कुछ साथ के प्रगतिशील व्यक्तियों से ईष्या भाव ठीक नही। अस्थिर मन लक्ष्य के प्रति केन्द्रित होने मे असमर्थ होगा।

कर्कः- किसी महत्वपूर्ण कार्य वश घर से दूर रहना अरुचिकर लगेगा। आपका मिलनसारिता के कारण सम्बन्धो का बिस्तार होगा। कमजोर मनोबल के कारण लक्ष्य के प्रति दृढ़ता का अभाव रहेगा।

सिंहः- किसी महत्वपूर्ण कार्य में थोड़ी कठिनाई का अभास होगा। संवेदनशील मन पूरानी मर्मस्पर्शी घटनाओं से ओत-प्रात होगा। परिवारिक दायित्वों को समयानुकूल पूर्ति हेतु मन चिन्तित होगा।

कन्याः- प्रयासरत क्षेत्रों में अवरोध तथा दाम्पत्य जीवन में कष्ट संभव। परन्तु ईरीय आस्था हर परीस्थिती पर बिजय प्राप्त करेंगे। धैर्यपूर्वक महत्वपूर्ण योजनाओं को क्रियान्वित करें।

तुलाः- घर-परिवार में खुशी का वातावरण रहेगा। पिछले दिनों उत्पन्न को व्यवसायिक अवरोध के हल ढूंढने में मन केद्रित होगा। किसी पुराने मित्र की मध्यस्तता से बिगड़े हुए सम्बन्धो में सुधार होगा।

वृश्चिकः- मनोवांछित सफलता न मिलने से उत्साह में कमी होगी। भौतिक चका-चैंद से प्रभावित मन अभाव की अनुभूति से दुखित होगा। धैर्यहीनता व परिवर्तनशीलता लक्ष्य से दिग्भ्रमित करेगा।

धनुः- परिजनो व मित्रों का सनिध्य से मन प्रसन्न रहेगा। कार्य-पेशे में कोई अवरोधित कार्य सार्थक होने के आसार है। मांगलिक एव सास्कृतिक आयोजनों में सम्मलित होंगे। महत्वपूर्ण कायरे में आलस्य ना करे।

मकरः- कुछ नये सम्बन्द बनेगें। जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद सम्भव। कर्तव्य व जिम्मेदारियों से घिरा मन अपनी कल्पनिक आकांक्षाओं से समझौता करने में सक्षम होगा। किसी नई दिशा में रुचि बढ़ेगी।

कुंभः- मन को खराब विचारो से दूर रखते हुए अच्छे कायरे में केन्द्रित करें। नई स्थितियाँ आप मे नई प्रतिभाओं का संचार करेगा। कार्यकुशलता व प्रतिभा का जौहर बिखेरेंगे।

मीनः- अपनी वाणी पर नियंतण्ररखते हुए सम्बन्धों को मधुर बनाने की चेष्टा करें। प्रतिभा व आत्मबल कुछ महत्वपूर्ण सफलताओ के प्रति आशान्वित करेगा। आर्थिक लाभ के आसार हैं।

# एसडीएम चुनार के आदेश को कोर्ट ने किया निरस्त

## एकतरफा निर्णय लेना नैसर्गिक न्याय के सिद्धांतों का उल्लंघन है

**मीरजापुर।** राजस्व कोर्ट ने चुनार एसडीएम के आदेश को रद कर दिया है जिसमें कहा गया था कि ये जमीनें सुरक्षित श्रेणी की हैं। रजिस्ट्री में दर्ज नामों को निरस्त कर पहाड़ व नाला दर्ज करने का आदेश दिया था।चुनार एसडीएम के इस आदेश से वहां के किसान और करोड़ों की प्रॉपर्टी खरीद कर घर-प्रतिष्ठान बनाने वाले लोगों की बेचैनी बड़ गई थी।उनको बेदखली का डर सताने लगा।हिनौता के लतीफपुर गांव की करीब 34 हेक्टेयर जमीन इस आदेश से प्रभावित हो रही थी। एसडीएम चुनार के जांच में साढ़े 16 हेक्टेयर नाला व साढ़े 17 हेक्टेयर पहाड़ मिला था। करीब 130 बैनामा प्रभावित हो रहे थे। यदि एसडीएम का आदेश प्रभावी रहता तो



कटर प्लांट, दोनों वाटर पार्क तथा बेटियों का रेस्टोरेंट भी बेदखली की जद में आ रहा था।

एसडीएम के इस आदेश के विरोध में सुशीला देवी व अन्य ने उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता 2006 की धारा 210 के तहत राजस्व परिषद प्रयागराज में वाद संख्या आरईवी/ 588/ 2024/ मिजार्पुर दायर किया। राजस्व परिषद के सदस्य ओमप्रकाश राय की अदालत ने 22 फरवरी 2024 को पारित आदेश में एसडीएम के आदेश को निरस्त कर दिया। इसका कारण बताते हुए न्यायालय ने आदेश में कहा है कि प्रभावितों को सुने बिना एकतरफा निर्णय ले लेना नैसर्गिक न्याय के सिद्धांतों का उल्लंघन है। लिहाजा उपजिलाधिकारी चुनार द्वारा 31 जनवरी 2024 को पारित आदेश को निरस्त किया जाता है। निर्देश दिया कि उभय पक्षों को सुनवाई व साक्ष्य प्रस्तुत करने का अवसर देते हुए विधिक प्रावधानों का पालन करते हुए दो माह के अंदर आदेश पारित करना सुनिश्चित किया जाए। अहरौरा, हिनौता के लतीफपुर में बाहर से आकर भी उद्यमियों ने जमीनें खरीदी हैं। कई छोटी फैक्ट्रियां भी चल रही हैं। कहा जाए तो यह क्षेत्र पूर्वांचल के बड़े पिकनिक स्पॉट के रूप मुख्य विकास की धारा से जुड़ चुका है। जो निरंतर विकास की दौड़ में आगे बढ़ रहा है। इसके ठीक बगल में अहरौरा बांध भी स्थित है। वाराणसी शक्तिनगर राजमार्ग के साथ ऊंचे पहाड़, उनसे गिरता झरनों का पानी शैलानियो को अपनी ओर लुभाता रहा है।

### नव नियुक्त डीएम विशाल सिंह ने ट्रेजरी में किया कार्यभार ग्रहण

**भदोही परिवर्तन दूत ब्यूरो।** नावनियुक्त जिलाधिकारी विशाल सिंह ने कार्यभार ग्रहण कर लिया है। इसके पहले अयोध्या में



नगर आयुक्त रहे विशाल सिंह ने चार्ज लेने के बाद कहा कि जनपद भदोही के विकास के लिए सदैव प्रतिबद्ध हूं। भदोहीवासियों की सेवा के लिए प्रशासन के द्वार सदैव खुले हैं। वंचितों को जन कल्याणकारी योजनाओं, नीतियों से अच्छादित किया जाएगा। भदोहीवासियों के दिलों में 'लोकसेवक' के रूप में सदैव विराजमान रहेंगे निवर्तमान जिलाधिकारी गौरांग राठी औराई अग्निकांड हादसे में उनकी तत्परता, कुशलता व सूझबूझ ने उन्हें बनाया जननायक अपने नवाचार पहलों - ग्राम ज्ञानालय, खेत तालाब, ग्रामीण स्पोर्ट्स हब, ग्रामीण सफाई महा अभियान, जन संवाद सेल से विकास के नए क्षितिज पर पहुंचाया।

## निपुण बच्चों को प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित

**सकलडीहा,चंदौली।** कस्बा स्थित प्राथमिक विद्यालय नंबर वन पर अध्यनरत बच्चों को प्रशस्ति पत्र के साथ उपहार स्वरूप शिक्षण सामग्री देखकर सम्मानित किया गया। वही अपने शिक्षकों द्वारा शिक्षण सामग्री प्राप्त होने के पश्चात बच्चों के चेहरे खिले हुए पाए गए। जिन बच्चों द्वारा परीक्षण के दौरान व विद्यालयों पर उपस्थित के साथ प्रत्येक कार्यों में अच्छे कार्य किए गए थे उनके साथ उनके अभिभावकों को भी सम्मानित किया गया। चर्चा के दौरान उपस्थित प्राथमिक विद्यालय नंबर वन के प्रधानाध्यापक हिमांशु पांडे ने बताया कि विभाग के अधिकारियों द्वारा गति महापुरुष निपुण कार्यक्रम के तहत बच्चों का विभिन्न माध्यमों से प्रशिक्षण लिया गया था जिसमें हिंदी अंग्रेजी के साथ कई प्रकार की जांच की गई थी। जिसमें बच्चों द्वारा अंग्रेजी के शब्दों को शुद्ध और तिब्र गति से पढ़ना, हिंदी शब्दों का शुद्ध बोलने



व स्वच्छ लिखना तथा विद्यालय के दोनों में अपना शत प्रतिशत उपस्थिति दर्ज करना। आदि के संबंध में विभाग के द्वारा प्राथमिक विद्यालय के कक्षा एक से लेकर कक्षा 5 तक के छात्रों के निपुणता की जांच की गई थी। वहीं जांच के दौरान जिन बच्चों द्वारा जिन विषयों पर प्रथम स्थान प्राप्त करने के साथ अच्छे अंक प्राप्त किए गए थे उन्हें शासन द्वारा प्रोत्साहन करने के साथ उन्हें भविष्य में और अभी प्रेरित करने का कार्य किया गया है। इसी के साथ प्रधानाध्यापक ने बताया कि आने वाली 15 तारीख से 15 से प्रवेश प्रारंभ किया जा रहा हैं। तथा मिसन शारदा के तहत जो बच्चे 6 वर्ष ऊपर होने के बाद भी अभी तक विद्यालय में एडमिसन नहीं कर पाए हैं उनका नामांकन प्रारंभ किया गया है। दिनांक 16 तारीख से 24 तारीख तक परिषदीय विद्यालयों के बच्चों की परीक्षा भी प्रारंभ हो रही है।

## संक्षिप्त खबरे...

### आखिर कब वादा पूरा करेंगे सांसद

**भदोही परिवर्तन दूत ब्यूरो ।** गोपीगंज नगर के ज्ञानपुर रोड स्थित आदर्श अतिथि भवन के दूसरे मंजिल पर सामुदायिक भवन निर्माण की घोषणा सांसद ने कुछ माह पूर्व किया था, लेकिन आज तक कोई भी कार्य न होने पर नगर वासियो ने गहरा दुख व्यक्त किया है। नगर के अन्दर धर्मशाला के नाम पर एकमात्र आदर्श अतिथि भवन है' जहां कमजोर व मध्यम वर्ग के लोग वैवाहिक व अन्य कार्यो के लिए उक्त स्थान का उपयोग करते है' अतिथि भवन मे जगह का अभाव है' बजट न होने के कारण दूसरे मंजिल पर सामुदायिक हाल नही बन पाया है। कुछ माह पहले नगर के व्यापारियों ने सांसद रमेश चंद बिंद का अतिथि भवन में ही नागरिक अभिनन्दन व स्वागत सम्मान समारोह का आयोजन किया था' इस दौरान सांसद से व्यापारियों ने उपरोक्त समस्या को बताया तो सांसद 10 लाख की लागत से दूसरे मंजिल पर एक भव्य सामुदायिक हाल बनवाने की घोषणा तो कर दिए लेकिन आज तक कार्य नही शुरू हो पाया है'जिसको लेकर व्यापारियों ने गहरा दुख प्रकट करते हुए सांसद भदोही से सामुदायिक हाल का शीघ्र निर्माण कराने की मांग की है। मांग करने वालो में रमाकांत गुप्ता,अध्यक्ष जितेंद्र गुप्ता अनुराग कौशल प्रमोद कुमार सिंह रवि प्रकाश पांडेय, महावीर,दीपक मोदनवाल, धर्मराज दुबे संतोष समेत अन्य शामिल रहे।

### गोपीगंज मे दस मार्च को होगी पंजीकृत अमान्यता प्राप्त दलो की बैठक

**भदोही परिवर्तन दूत ब्यूरो।** सर्व समाज जनहित पार्टी के केन्द्रीय कार्यालय घूरीपुर गोपीगंज मे प्रदेश के पंजीकृत अमान्यता प्राप्त राजनीति दलों की बैठक 10 मार्च रविवार को होगी'यह जानकारी पार्टी के जिला अध्यक्ष सिंटू शुक्ला ने दी। बताया कि 10 मार्च को दिन में एक बजे से होने वाली बैठक में अमान्यता प्राप्त दलो के राष्ट्रीय अध्यक्ष अन्य पदाधिकारियो को आमंत्रित किया गया है ' बैठक मे आगामी लोकसभा चुनाव एक जुट होकर लड़ने व अन्य समस्याओं पर चर्चा की जाएगी' बैठक में आम सहमति से एक तीसरे मोर्चा को मूत्र रुप देने पर बिचार विमर्श किया जाएगा' अमान्यता प्राप्त सभी राजनैतिक दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष समय से उपस्थिति सुनिश्चित कर बैठक को सफल बनाए।

### स्टोन प्लांट के मशीन का फैब्रिक गिरने से मजदूर घायल

**अहरौरा, मिर्जापुर।** स्टोन प्लांट के किसी मशीन का फैब्रिक गिरने से मजदूर घायल। प्राप्त जानकारी के अनुसार क्षेत्र मर स्थित किसी अन्य स्टोन प्लांट पर नदिया पाड़ा जनपद नदिया पश्चिम बंगाल निवासी मुन्ना मलिक पुत्र जुगर मलिक (19) वर्ष मजदुर था जिससे प्लांट चलाते समय फैब्रिक गिर गया और वो घायल हो गया। आनन फानन में मौजूद लोगों ने अहरौरा सिएचसी ले जाया गया जहां पर चिकित्सको ने प्राथमिक उपचार कर हाथ फ्रैक्चर होने से रेफर कर दिया।

### नाबालिग को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का आरोपी गिरफ्तार

**भदोही परिवर्तन दूत ब्यूरो।** थाना ऊँज में वादिनी द्वारा सूचना दिया कि मेरी नाबालिग पुत्री उम्र करीब 15 वर्ष को आरोपी द्वारा बहला-फुसलाकर भगा ले गया है। इस घटना के संबंध में तत्समय ही थाना स्थानीय पर धारा 363,366 भादवि का अभियोग पंजीकृत कर विवेचनात्मक कार्यवाही प्रचलित की गई। डॉ मीनाक्षी कात्यायन, पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा महिला सम्बंधित अपराध में त्वरित कार्यवाही हेतु निर्देश के क्रम में स्थानीय पुलिस द्वारा नाबालिग अपहता को तत्समय ही सकुशल बरामद करते हुए उक्त अभियोग से सम्बन्धित वांछित मोनल धईकार पुत्र बंशीधर धईकार निवासी अकोढ़ा रोही थाना ऊँज जनपद भदोही को वहीदा मोड़ से गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के उपरांत चालान न्यायालय किया गया।

### दूल्हे की एक जिद पर दुल्हन ने शादी से किया इनकार

**सोनभद्र।** विवाह मंडप में सिंदूरदान के समय दहेज में बाइक मांगना दूल्हे को भारी पड़ गया। दुल्हन ने लालची दूल्हे के साथ शादी से इनकार कर दिया। घंटों पंचायत के बाद बरात बिन शादी के ही लौट गई। दूल्हा पक्ष को शादी में हुए खर्च के रूप में पांच लाख रुपये भी चुकाने पड़े। मामला सोनभद्र की सीमा से सटे गढ़वा जिले (झारखंड) के एक गांव का है। विंढमगंज से सटे गढ़वा जिले के सगमा ब्लॉक अंतर्गत मकरी गांव से बुधवार की रात बरात 18 किमी दूर भवनाथपुर क्षेत्र में गई थी। बैंड-बाजे पर नाचते-झूमते बराती लड़की के दरवाजे पर पहुंचे। परंपरागत ढंग से द्वारपूजा और जयमाल की रस्में पूरी हुईं। शादी के लिए मंडप में जब सिंदूरदान की बारी आई तो अचानक दुल्हा दहेज में गाड़ी की मांग करने लगा। पहले उसने कार की मांग रखी, फिर समझाने पर बाइक की जिद करने लगा।

### छोटे भाई के स्थान पर परीक्षा देते पकड़ाया

**आजमगढ़।** सगड़ी में छोटे भाई को हाईस्कूल पास कराने के लिए बड़ा भाई गुरुवार को पहली पाली में विज्ञान की परीक्षा देने पहुंच गया। शिकायत मिलने पर डीआइओएस ने सेक्टर मजिस्ट्रेट से जांच कराई तो मामला सही पाया गया। वहीं, दूसरी पाली में दूसरे के स्थान पर जीव विज्ञान की परीक्षा दे रहा छात्र पकड़ा गया। दूसरे की जगह पर परीक्षा दे रहे दोनों आरोपियों को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। केंद्र व्यवस्थापकों की तहरीर पर पुलिस ने पकड़े गए आरोपियों के साथ ही असल परीक्षार्थियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। जिले के गुरुवार को यूपी बोर्ड परीक्षा की पहली पाली में हाईस्कूल के विज्ञान विषय का पेपर था। एसआरएस इंटरनेशनल स्कूल कादीपुर में बलवीर के स्थान पर उसका सगा भाई सुजीत अपनी फोटो लगाकर परीक्षा दे रहा है। सूचना पर जनपदीय कंट्रोल रूम से परीक्षा केंद्र को चेक किया गया।

## ईओ अमिता सिंह ने कार्यभार ग्रहण किया



**अहरौरा, मिजार्पुर।** नगर पालिका में दो माह से खाली चल रही अधिशासी अधिकारी की बीते शनिवार को नियुक्ति हो गई।जिसके बाद नपा कार्यालय में बुधवार को ईओ अमिता सिंह ने पदभार ग्रहण कर लिया। इसके साथ ही नपा के सभी विभागों के कर्मचारियों से परिचय प्राप्त किया।इसके साथ ही शासन की प्राथमिकताओं पर कार्य करने को लेकर मातहतों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया।ईओ अमिता सिंह ने पदभार ग्रहण करने के बाद सफाई, जलकल, निर्माण, टैक्स आदि विभागों के कर्मचारियों के साथ चर्चा किया। इओ ने बताया कि नगर की सफाई व्यवस्था को अधिक प्रभावी बनाया जाए। इसके लिए कार्ययोजना तैयार की जाए। वहीं इओ ने राजस्व वसूली बढ़ाए जाने को कहा और परिसर में सफाई के निर्देश दिया। इसके बाद सभासदों व नपा अध्यक्ष ओमप्रकाश केसरी से मुलाकात करते हुए नगर के विकास कार्यों पर चर्चा किया। इस दौरान सभासद कुमार आनंद, प्रेम केसरी, संजय जायसवाल, लिपिक संजय कुशवाहा, नीतीश कुमार, मृत्यंजय, बबलू सोनकर, प्रेम नाथ, विनोद कुमार सहित अन्य रहें।

## जीएसटी कार्यालय के स्थानांतरण को लेकर वकीलों में रोष

### आज से चरण बद्ध तरीके से आंदोलन करने का निर्णय

**मीरजापुर।** 29 फरवरी गुरुवार को शिवाला महन्त स्थित राज्य कर कार्यालय में तीनों बार के कर अधिवक्ताओं का सामूहिक बैठक आयोजित किया गया और निर्णय लिया गया कि जीएसटी कार्यालय को जिला मुख्यालय से 15 किलोमीटर दूर पर्सिया क्षेत्र (देवरहा बाबा आश्रम के पास) में स्थानांतरित करने का जो निर्णय लिया गया है वो अधिवक्ताओं को बिल्कुल स्वीकार्य नही है। अधिवक्ताओं ने बताया कि अभी वहां पर सिर्फ जमीन का आवंटन किया गया है और निर्माण कार्य शुरू नही किया गया है इसलिए प्रशासन को पुनः विचार करते हुए इस स्थानांतरण प्रक्रिया को रोकने का प्रयास करना चाहिए। अधिवक्ताओं ने कहा कि पूर्व में जीएसटी कार्यालय को नगर पालिका क्षेत्र के अंदर स्थापित करने का निर्णय लिया गया



था पर अब इसे शहर से 15 किलोमीटर दूर जंगल क्षेत्र में ले जाया जा रहा है जो न तो यातायात के दृष्टिकोण से सुविधा जनक है बल्कि सुरक्षा के दृष्टिकोण से भी उचित नही है।

बैठक में तीनों कर बार एसोसिएशन (कर अधिवक्ता एसोसिएशन, टैक्सेशन बार एसोसिएशन और विंध्य टैक्स बार एसोसिएशन) के सदस्य भारी संख्या में उपस्थित थे जिसमें निर्णय लिया गया कि तीनों बार एसोसिएशन वरिष्ठ अधिवक्ता अतुल जायसवाल के नेतृत्व में चरण बद्ध तरीके से आंदोलन करेंगे और इस आंदोलन में व्यापारी संगठनों को भी सम्मिलित होने का आमंत्रण देंगे। बैठक में ये भी निर्णय लिया गया कि आंदोलन की सफलता को दृष्टिगत रखते हुए तीनों बार एसोसिएशन से सक्रिय सदस्यों को सम्मिलित कर एक सामूहिक कमेटी का गठन किया जाएगा जो आंदोलन को दिशा निर्देश देने का कार्य करेगी।

बैठक में ये भी निर्णय लिया गया कि आंदोलन की शुरूआत एक मार्च से ही शुरू हो जाएगी जिसके अंतर्गत प्रथम चरण में एक और दो मार्च को शिवाला महन्त स्थित राज्य कार्यालय पर सामूहिक धरना प्रदर्शन किया जाएगा।

### बहू ने सास-ससुर व पति पर लगाया दहेज का आरोप

**भदोही।** गोपीगंज की बहू ने अपने ससुर, सास, पति व दो अन्य पर दहेज की मांग को लेकर ससुराल से निकाले जाने का आरोप लगाते हुए वाराणसी के एसीपी से मिलकर अपनी फरियाद कर रिपोर्ट दर्ज करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि दहेज के खातिर ससुराल के घर से हमको निकाल दिया गया है। मालूम हो कि वाराणसी के चेतगंज की निवासिनी स्मिता जायसवाल ने एसीपी वाराणसी को शिकायती पत्र देकर लिखा कि उनकी शादी 2 वर्ष पूर्व गोपीगंज मिजार्पुर रोड तुलसी सिनेमा के पास निवासी अवधेश जायसवाल पुत्र शंकर जायसवाल के साथ हुआ था। दहेज में मेरे पिता द्वारा काफी मात्रा में सोने का गहना व नगद रुपया दिया गया था। किंतु मेरे ससुराल के पक्ष द्वारा और दहेज की मांग को लेकर हमको प्रताड़ित किया जाता रहा यहां तक की ससुराल में खाना भी नहीं दिया जाता था। मेरे ससुराल के सास, ससुर, पति ने हमको घर से बाहर निकाल दिया।

### दो शातिर चोर चढ़े पुलिस के हत्थे

**भदोही परिवर्तन दूत ब्यूरो।** सत्येंद्र कुमार त्यागी निवासी भजईपुर खमरिया थाना औराई द्वारा थाना औराई पर सूचना दिया गया रात्रि में अज्ञात चोरों द्वारा उनके बंद पड़े कारखाने का ताला तोड़कर जनरेटर व अन्य सामान चोरी कर लिया गया है। सूचना पर तत्समय ही थाना स्थानीय पर अज्ञात के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही प्रचलित की गई। डॉ मीनाक्षी कात्यायन, पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा अपराधों की रोकथाम व पंजीकृत अभियोगों के त्वरित अनावरण तथा अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु निर्देश के क्रम में प्रभारी निरीक्षक औराई के सच्चिदानंद पांडे नेतृत्व में गठित पुलिस टीम द्वारा ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत लगाए गए सीसीटीवी कैमरों के फुटेज की मदद से आरोपियों की पहचान करते हुए उपरोक्त चोरी की घटना में शामिल 2 शातिर चोरों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारशुदा अभियुक्तों के निशानदेही पर उपरोक्त चोरी की घटना से सम्बंधित एक अदद जनरेटर व वाहन टेंपो लोडर बरामद किया गया।

## प्रभावी पैरवी के फलस्वरुप दोषी अभियुक्तों को मिली सजा

**भदोही परिवर्तन दूत ब्यूरो।** "ऑपरेशन कनविक्शन" के तहत चिन्हित अपराधों में थाना चौरी क्षेत्र अन्तर्गत आपसी विवाद को लेकर दो पक्षों द्वारा आपस में एक राय होकर मारपीट के दौरान प्राण घातक हमला तथा गाली- गलौज व धमकी देने के संबंध में प्रथम पक्ष द्वारा पंजीकृत अभियोग मुअसं- 53/2012 धारा-147, 148, 323, 304, 504,506 भादवि में स्थानीय पुलिस व अभियोजन की प्रभावी पैरवी के फलस्वरुप न्यायालय सत्र न्यायाधीश जनपद भदोही द्वारा मारपीट के दौरान गंभीर चोट पहुंचाने, हत्या के प्रयास, गाली गलौज व धमकी देने के दोषी 7 अभियुक्तों- जग्गू उर्फ पग्गल पाल, मग्गु पाल, घनश्याम पाल झगडू पाल खानू उर्फ मनोज, संजय पाल व राजकुमार निवासीगण साकिनान, सुरहन भगवानपुर थाना चौरी जनपद भदोही प्रत्येक को अंतर्गत भादवि 5



वर्ष सश्रम कारावास व 10,500 अर्थदंड से दंडित किया गया। द्वितीय पक्ष द्वारा पंजीकृत अभियोग मुअस में स्थानीय पुलिस व अभियोजन की प्रभावी पैरवी के फलस्वरुप मा0 न्यायालय सत्र न्यायाधीश जनपद भदोही द्वारा मारपीट के दौरान हत्या के प्रयास, गाली गलौज व धमकी देने के दोषी 6 अभियुक्तों-लालमणि, हरदेव, करिया, शिवराम,पप्पू उर्फ राजदेव व श्याम देव निवासीगण साकिनान, सुरहन भगवानपुर थाना चौरी जनपद भदोही प्रत्येक को अंतर्गत 3 वर्ष सश्रम कारावास तथा 11500 के अर्थ दंड से दंडित किया गया है।

### थानों पर आयोजित की गई पीस कमेटी की बैठक

**भदोही परिवर्तन दूत ब्यूरो।** आगामी पर्व महाशिवरात्रि व लोकसभा निर्वाचन को सकुशल, शांतिपूर्ण सम्पन्न कराए जाने के दृष्टिगत डॉ मीनाक्षी कात्यायन, पुलिस अधीक्षक भदोही के निर्देशन में जनपद के समस्त थानों पर सर्व समुदाय के धर्मगुरुओं, सम्भ्रांत, गणमान्य व्यक्तियों, ग्राम प्रधानों व डिजिटल वॉलिंटियर के साथ पीस कमेटी की बैठक की गई। बैठक में प्रतिभाग करने वाले लोगों के साथ संवाद कर उनकी समस्याओं को सुना गया व उनसे सुझाव भी मांगे गये। उपस्थित लोगों से त्यौहारों को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण ढंग से मनाए जाने की अपील की गई साथ ही अवगत कराया गया कि बिना पूर्व अनुमति के किसी भी प्रकार की शोभायात्रा या धार्मिक जुलूस नहीं निकाला जाएगा। सड़क बाधित कर कोई धार्मिक आयोजन न करने हेतु हिदायत दिया गया। सरकार के गाइडलाइन का पालन करते हुए सभी लोग आपस में मिलजुल कर आपसी सौहार्द व भाईचारे के साथ त्योहार मनाएं।

## बिना नंबर प्लेट व गलत नंबर प्लेट वाले वाहनों पर नजर

**भदोही परिवर्तन दूत ब्यूरो ।** जनपद में स्थित बैंकों, व्यवसायिक प्रतिष्ठानों बाजारों व भीड़भाड़ वाले स्थानों की चाक चौबंद सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत डॉ मीनाक्षी कात्यायन, पुलिस अधीक्षक भदोही के निर्देशन में समस्त थाना/चौकी प्रभारियों द्वारा बैंकों व उसके आसपास सघन चेकिंग हेतु विशेष अभियान चलाया गया। अभियान के क्रम में समस्त थाना व चौकी प्रभारियों सहित चेकिंग हेतु गठित पुलिस टीमों द्वारा थाना क्षेत्र अंतर्गत सभी बैंक,पोस्ट ऑफिस, ग्राहक सेवा केंद्र व व्यवसायिक प्रतिष्ठानों, सरार्फा बाजार व उसके आसपास संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु व वाहनों की सघन चेकिंग की गई। चेकिंग के दौरान बैंकों में लगे अलार्म एवं सीसीटीवी कैमरों को चेक किया गया कि सुचारु रूप से कार्य कर रहे हैं या नही, शाखा प्रबंधक से इस सम्बन्ध में वार्ता की गयी। थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रमुख प्वाइंटों पर संदिग्धों को चिन्हित करते हुए बैरियर लगाकर संदिग्ध बाइक सवारों व वाहनों को चेकिंग किया जा रहा है। दौरान चेकिंग वैध कागजात प्रस्तुत न करने पर सम्बन्धित के विरुद्ध चालान की कार्यवाही की गई। बिना नंबर व गलत नंबर प्लेट वाले वाहनों पर सतर्क दृष्टि रखी जा रही है। बैंक डयूटी में लगे पुलिसकर्मियों को चेक कर सतर्कतापूर्वक डयूटी करने हेतु निर्देश दिये गये।

### गैंगेस्टर एक्ट में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**अहरौरा, मिर्जापुर।** धारा 3 (1) उ.प्र. गिरोहबन्द समाज विरोधी क्रियाकलाप अधिनियम के तहत राजगढ़ थाने में बड़ी कार्यवाही करते हुए 29 फरवरी को प्रभारी निरीक्षक विजय शंकर सिंह मय पुलिस टीम द्वारा मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर थाना राजगढ़ क्षेत्र से वांछित अभियुक्त बच्चा लाल यादव पुत्र रामधनी निवासी मझियार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

## 210 जोड़ों का सामूहिक विवाह सम्पन्न

**भदोही परिवर्तन दूत ब्यूरो।** शासन के अति महत्वांकाक्षी योजना के अन्तर्गत मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार के द्वारा दिये गये निदेर्शों के क्रम में जनपद के समस्त विकास खण्डो में सभी नगरीय निकायों को सम्मिलित करते हुए मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत कुल 210 जोड़ों की शादी सम्पन्न कराई गयी। शादी समारोह के दौरान मुख्य विकास अधिकारी यशवंत कुमार सिंह की देख-रेख व उपस्थिति में विकास खण्ड भदोही में अनुसूचित जाति के 27 व पिछड़ा वर्ग के 05 कुल 32 जोडों की मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह सम्पन्न कराई। विकासखंड औराई में अनुसूचित जाति के 39 पिछड़ा वर्ग के 04 कुल 43, विकासखंड ज्ञानपुर मे अनुसूचित जाति 29 पिछड़ा वर्ग 11 कुल 40, विकासखंड सुरियावां अनुसूचित जाति 15 पिछड़ा वर्ग 09 कुल 24, विकासखंड डीघ में अनुसूचित जाति 26 पिछड़ा वर्ग 12 कुल 38, विकासखंड अभोली में अनुसूचित जाति के 9 पिछड़ा वर्ग के 11 सामान्य वर्ग के 01 कुल 21, नगर पालिका परिषद भदोही में अनुसूचित जाति के 6, नगर पंचायत सुरियावा में अनुसूचित जाति के 1 पिछड़ा वर्ग के 0 अल्पसंख्यक वर्ग के 1 कुल 3, नगर पंचायत घोसिया में अनुसूचित जाति के 2 पिछड़ा वर्ग के 01 कुल 03, जोड़ों की मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह के लाभार्थियों की वर्गवार जनपद में कुल 210 नव दाम्पत्य जोड़ों को मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह की इस पुनीत और पावन बेला पर आशीर्वाद एवं शुभकामना देते हुए उत्तरोत्तर वृद्धि करने की कामना किया गया।

सीडीओ ने कहा कि सभी जातियों के लोग एक मंडप में सबके साथ समानता का व्यवहार करते व सामाजिक रीति रिवाजों, परंपराओं से दाम्पत्य सूत्र में बधते है। इससे सर्वधर्म समाज और सामासिक संस्कृति पर बल मिलता है।

### सीओ द्वारा थाना चौरी का किया गया अर्धवार्षिक निरीक्षण

**भदोही परिवर्तन दूत ब्यूरो।** क्षेत्राधिकारी औराई, श्री चमन सिंह चावड़ा द्वारा थाना चौरी का अर्धवार्षिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान थाना कार्यालय के विभिन्न रजिस्टरों, अभिलेखों के रख-रखाव, माल-खाना, शस्त्रागार, साइबर सेल हेल्प-डेस्क व महिला हेल्प-डेस्क आदि का अवलोकन करते हुए थाना परिसर का भ्रमण कर परिसर, बैरक, मेस व शौचालय आदि की साफ-सफाई का निरीक्षण कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। मुकदमाती मालों के नियमानुसार निस्तारण कराने तथा विवेचकों को लंबित विवेचनाओ के समयबद्ध निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया। इस मौके पर प्रभारी निरीक्षक चौरी सहित थाना चौरी के अधिकारी/ कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## नि:शुल्क शिविर का आयोजन



**अहरौरा, मिजार्पुर।** एलिट मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल रामनगर द्वारा गुरूवार को इमलिया चट्टी मे स्थित श्याम नाथ जूनियर हाईस्कूल में निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया जिसमे लगभग डेढ़ सौ मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। शिविर में सभी रोगों की जांच के साथ निशुल्क दवा का वितरण भी किया गया। क्षेत्र के लोगो ने शिविर में पहुंच कर अपना विपी, सुगर,आंख ,कान जैसे विभिन्न प्रकार की रोगों का इलाज व चेक अप कराया। वही हॉस्पिटल के डारेक्टर नवजात शिशु एवम् बॉल रोग विशेषज्ञ डॉ डी के गुप्ता,स्त्री प्रसुति रोग विशेषज्ञ डॉ बविता गुप्ता , मेडिसिन विभाग प्रशांत सिंह, डा ओ पी,हड्डी रोग विशेषज्ञ, सहित समस्त स्टॉप के लोग उपस्थित रहे।

### सरकारी जमीन पर बना लिया विद्यालय

**आजमगढ़।** रानी की सराय ब्लॉक क्षेत्र के टेंगरपुर में सरकारी जमीन पर स्कूल खोलने का मामला सामने आया है। पूर्व ग्राम प्रधान दुर्ग विजय यादव ने बताया कि मामला 11 वर्ष पुराना है। अपर आयुक्त प्रशासन के आदेश के बावजूद सरकारी जमीन अतिक्रमण मुक्त नहीं कराई जा सकी। पूर्व प्रधान ने बताया कि मुख्यमंत्री, माध्यमिक शिक्षा निदेशक, मंडलायुक्त, संयुक्त शिक्षा निदेशक और डीएम को पत्रक भेजकर अतिक्रमण हटवाने की मांग की गई है। अपर आयुक्त प्रशासन के आदेश के मुताबिक, टेंगरपुर गांव में ग्राम समाज की भूमि सरकारी स्कूल के नाम से दर्ज है। जिस पर टेंगरपुर निवासी सुधीर कुमार श्रीवास्तव ने जालसाजी कर जनता शिक्षा मंदिर इंटर कॉलेज के नाम से स्कूल स्थापित कर लिया है। गांव के पूर्व प्रधान दुर्ग विजय यादव ने वर्ष 2013 में इसकी शिकायत की थी। मामला तहसील से लेकर हाईकोर्ट तक पहुंचा। हर जगह से इस बात की पुष्टि हुई कि सरकारी स्कूल की भूमि पर कूटरचना कर प्राइवेट विद्यालय बनाया गया है।

परिवर्तन दूत



# पर्यटन विभाग के थाईलैण्ड के बुद्धभूमि कार्यक्रम में लगे पवेलियन पर बौद्ध अनुयायियों की भारी भीड़

## थाईलैण्ड वासी यूपी के बौद्ध स्थलों के भ्रमण के लिए ले रहे टूर पैकज

लखनऊ,जीएनएस। थाईलैंड में भगवान बुद्ध के जीवन दर्शन पर चल रहे बुद्धभूमि कार्यक्रम में बड़ी संख्या में आगंतुक उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग के पैवेलियन स्थित टूर एंड ट्रैवल ऑपरेटर के स्टाल पर प्रदेश के बुद्ध सर्किट के टूर पैकेज और गंतव्य स्थलों के प्रति जिज्ञासा लेकर आ रहे प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि थाईलैंड में 23 फरवरी से 3 मार्च तक चल रहे बुद्धभूमि कार्यक्रम में पर्यटन विभाग ने भगवान बुद्ध के महापरिनिर्वाण स्थल कुशीनगर थीम पर पवेलियन का निर्माण किया गया है। इसमें आने वाले आगंतुकों को उत्तर प्रदेश के प्रमुख बौद्ध तीर्थस्थलों जैसे कुशीनगर, सारनाथ, श्रावस्ती, कपिलवस्तु, संकिसा और कौशांबी से




जुड़ी जानकारी पुस्तक, यात्रा वृतांत और स्टॉल के माध्यम से प्रदान की जा रही है। बुद्धभूमि के स्टाल में ट्रेवल एजेंट और डेस्टिनी ट्रैवल की निदेशक अनामिका मिश्रा ने बताया कि थाईलैंडवासियों में भारत के बौद्ध स्थलों और खासकर यूपी के बौद्ध स्थलों में विशेष रुचि दिखा रहे हैं। हर दिन करीब हजारों की संख्या में लोग इन गंतव्यों के बारे में पूछताछ कर रहें हैं। यहाँ के लोगों में बुद्ध के प्रति बहुत आस्था है और वो उत्तर प्रदेश के प्रसिद्ध बौद्ध स्थल जैसे सारनाथ, कुशीनगर, श्रावस्ती समेत सभी जगह भ्रमण कर भगवान बुद्ध के दर्शन को महसूस करना चाह रहे हैं। इन स्टालों में रोजाना 5000 से 8000 लोग भ्रमण के लिए आ रहें है जिसमें मुख्यतः युवा हैं और प्रसिद्ध बौद्ध स्थल के टूर पैकेज के बारे में जानकारी ले रहें है। सुदीप ने बताया कि हमारे पैकेज में 9 रातों और 10 दिन वाले पैकेज की कीमत औसतन 35 हजार रुपये है। जिसमें बोध गया के साथ प्रदेश के सारनाथ, कुशीनगर, श्रावस्ती, कौशांबी, संकिसा और कपिलवस्तु शामिल है। उन्होने बताया कि हमे उम्मीद हैं कि आने वाले दिनों में थाईलैंड से पर्यटकों की संख्या बढ़ने की संभावना है।

# साड़ी पहन दौड़ती महिलाओ को देख लोग दंग

## -नारी शक्ति की गूँज और भारतीय परिधान की खूबसूरत झलकः कौशल
## -साड़ी पहनकर महिलाओं ने मैराथन में किया शानदार प्रदर्शन

लखनऊ,जीएनएस। सांसद खेल स्पर्धा के तहत मोहनलालगंज लोकसभा की साड़ी युक्त सेमी क्वार्टर मैराथन दौड़ कार्यक्रम का भव्य आयोजन केडी सिंह बाबू स्टेडियम, लखनऊ में संपन्न हुआ। 5 किलोमीटर की दौड़ थी जिसमें हजारों महिलाओं ने साड़ी पहनकर दौड़लगाई। साड़ी में दौड़ती महिलाओं में नारी शक्ति की गूँज और भारतीय परिधान की खूबसूरत झलक दिखी। मोहनलालगंज लोकसभा क्षेत्र मोहनलालगंज के अंतर्गत सांसद खेल स्पर्धा के तहत लोकसभा की पांचो विधानसभा में विभिन्न खेल आयोजन और हर विधानसभा स्तर पर साड़ी युक्त महिला सेमी क्वार्टरमैराथन दौड़ का आयोजन होने के बाद लोकसभा स्तर पर फाइनल के तौर पर ये साड़ी युक्त महिला सेमी क्वार्टर मैराथन दौड़ का



भव्य आयोजन केडी सिंह बाबू स्टेडियम में हुआ जोकि अद्भुत, अकल्पनीय, शानदार रहा। सांसद खेल स्पर्धा के तहत 29 फरवरी, बृहस्पतिवार को हुई इस साड़ी युक्त महिला सेमी क्वार्टर मैराथन का इसके आयोजक केंद्रीय राज्यमंत्री व सांसद कौशल किशोर ने शुभारंभ किया जिसके बाद साड़ी पहनकर प्रतिभाग कर रही हजारों महिलाओं ने उत्साह और जोश के साथ दौड़ लगाई। महिलाओं ने भारतीय संस्कृति और भारतीय परिधान के साथ साड़ी पहनकर जो दौड़ लगाई उसे देखकर सभी दंग रह गए। सांसद खेल स्पर्धा के अंतर्गत मोहनलालगंज लोकसभा में सांसद कौशल किशोर के नेतृत्व में सभी विधानसभाओं में महिलाओं की खेल में भागीदारी बढ़ाने और खासकर घरेलू महिलाएं जो ज्यादा घर से बाहर नहीं निकल पाती उनके लिए भी खेलों का आयोजन हो और वह भी खेल में आगे बढ़े, दबी छिपी प्रतिभाओं को ढूंढने के लिए ये आयोजन किया जा रहा ऐसा केंद्रीय राज्यमंत्री व सांसद कौशल किशोर ने बताया। कौशल किशोर ने कहा कि नारी सिर्फ परिवार के लिए ही नही बल्कि हर क्षेत्र में आगे बढ़कर समाज और देश के विकास में अग्रणी भूमिका निभा रही हैं। मोहनलालगंज लोकसभा क्षेत्र में सांसद खेल स्पर्धा के तहत सभी विधानसभाओं में हुई साड़ी युक्त सेमी क्वार्टर मैराथन और आज की दौड़ महिलाओं के द्वारा अपनी भारतीय संस्कृति को संजोते हुए खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ने का प्रतीक है।

## संक्षिप्त खबरें...

### आरओ और एआरओ परीक्षा लीक मामले की सीबीआई जांच की मांग

लखनऊ,जीएनएस। आजाद अधिकार सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमिताभ ठाकुर ने आरओ एआरओ परीक्षा के पेपर लीक होने के संबंध में सीधे सबूत प्रस्तुत करते हुए परीक्षा निरस्त कराए जाने और इस संबंध में एफआईआर दर्ज कर सीबीआई जांच कराए जाने की मांग की है अपर मुख्य सचिव नियुक्ति तथा लोक सेवा आयोग के सचिव को भेजे अपने पत्र में उन्होंने कहा कि उन्हें जौनपुर के अटाला मस्जिद के निकट स्थित परीक्षा केंद्र के एक अभ्यर्थी ने बताया है कि उन्हें परीक्षा के द्वितीय पाली का प्रश्नपत्र स्वयं उसके मोबाइल नंबर पर समय 12.40 पीएम पर प्राप्त हुआ था। उस अभ्यर्थी ने दो अन्य लोगों के मोबाइल नंबर बताएं हैं जिनके माध्यम से होते हुए उन्हें यह प्रश्न पत्र प्राप्त हुआ। अभ्यर्थी ने बताया है कि स्वयं उसके क्लास में ही 8 से 10 अभ्यर्थियों के पास पहले से प्रश्नपत्र प्राप्त हो चुके थे। अमिताभ ठाकुर ने इसे अत्यंत महत्वपूर्ण साक्ष्य बताते हुए तत्काल परीक्षा निरस्त कर इस संबंध में एफआईआर दर्ज कराए जाने और सीबीआई जांच कराए जाने की मांग की है।

### विश्वकर्मा समाज को अधिकार पाने के लिए एकजुट होना पड़ेगाः राम आसरे

लखनऊ,जीएनएस। आजमगढ़ के दुर्वासा धाम में भगवान विश्वकर्मा मन्दिर का स्थापना दिवस मनाया गया जिसमें बड़ी संख्या में विश्वकर्मा समाज के लोग शामिल हुए। सम्मेलन में मुख्य अतिथि पूर्व मन्त्री राम आसरेविश्वकर्मा रहे। इस अवसर पर राम आसरे विश्वकर्मा ने बताया कि विश्वकर्मा मन्दिर के सामनेविश्वकर्मा घाट का निर्माण मैंने मन्त्री रहते हुए सरकार की निधि से कराया था। मौका मिला तो विश्वकर्मा धर्मशाला तथा मन्दिर को और सुन्दर बनायेंगे। विश्वकर्मा समाज को अपने अधिकार लेने के लिये एकजुट करने का आह्वान किया।सपा सरकार में विश्वकर्मा समाज की पहचान समाजवादी पार्टी ने बनायी। सपा सरकार में मुझे मन्त्री बनाया,विधान परिषद में छ्भेजाघ्। विश्वकर्मा पूजा की छुट्टी स्वीकृत की।उन्होंने सरकार से दुर्वासा धाम को तीर्थस्थल बनाने तथा पर्यटक स्थल घोषित करने की मांग की।

### कर्मचारियों की समस्याओं का होगा निदान,एसीएस नियुक्ति ने किया आश्वस्त

लखनऊ,जीएनएस। राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद की मांगों पर एसीएस नियुक्ति एव कार्मिक डा देवेश चतुर्वेदी के साथ हुई बैठक हुई में सार्थक निर्णय लिये गये।राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के महामंत्री अतुल मिश्रा ने बताया कि बैठक में वीपी मिश्र अध्यक्ष कर्मचारी शिक्षक संयुक्त मोर्चा ,सुरेश कुमार रावत अध्यक्ष एवं गिरीश चन्द्र मिश्रा वरिष्ठ उपाध्यक्ष राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद उपस्थित थे। बैठक में निर्णय लिया गया कि डिप्लोमा फार्मासिस्ट, लैब टेक्नीशियन एवं ऑप्टोमेट्रिस्ट की वेतन विसंगतियों पर चुनाव से पूर्व निर्णय कराए जाएंगे तथा केंद्र की भांति पदनाम परिवर्तन भी कर दिया जाएगा। आउटसोर्सिंग ,संविदा कर्मचारियों को न्यूनतम वेतन सेवा नियमावली पर एक माह में निर्णय कराया जाएगा। सिंचाई विभाग के नलकूप चालक,सींचपाल, सींच पर्यवेक्षक, जिलेदार, ट्यूबवेल टेक्नीशियन संवर्ग के नियमावली उनकी देखरेख में एक माह में जारी करा दी जाएगी। रोडवेज कर्मचारियों को महंगाई भत्ते की बकाया किस्तों का भुगतान करने का आदेश कर दिया गया है, शेष मांगों पर वित्त विभाग एवं परिवहन के प्रमुख सचिव के साथ जल्द बैठक करके निर्णय कर दिया जाएगा। भारत सरकार की भाँति एल टी सी पर जाने पर 10 दिन का अवकाश नकदी कारण देने पर वित्त विभाग से परामर्श करके निर्णय किया जाएगा। कैशलेस इलाज में आ रही दिक्कतों को तत्काल दूर किया जाएगा ।कर्मचारियों के लिए अलग काउंटर व इलाज की व्यवस्था की जाएगी। बायोमैट्रिक अटेंडेंस में संगठनों के पदाधिकारियों को मीटिंग में व संगठन कार्य के लिए जाने पर विशेष छूट दी जाएगी। मान्यता प्राप्त सेवा संघों,महासंघों के पदाधिकारी को विशेष आकस्मिक अवकाश की सुविधा में वृद्धि करने पर निर्णय किया जाएगा। बैठक के अंत में अपर मुख्य सचिव कार्मिक द्वारा सार्थक निर्णय करने के लिए उन्हें धन्यवाद ज्ञापित करते हुए आशा व्यक्त की कि बैठक में बनी सहमति पर चुनाव से पूर्ण निर्णय करायेंगे ।

### अखिलेश को सीबीआई की नोटिस पर शुरू हुई सियासत

लखनऊ,जीएनएस। 29 फरवरी। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को एक मामले में केंद्रीय जांच एजेंसी सीबीआई द्वारा नोटिस दिये जाने के बाद राष्ट्रीय लोकदल ने प्रतिक्रिया दी है। कांग्रेस का भी बयान आया है। सीबीआई की नोटिस को लेकर सियासी बयानबाजी शुरू है। रालोद के रोहित अग्रवाल ने सोशल मीडिया साइट एक्स पर प्रतिक्रिया दी है। सोशलमीडिया साइट एक्स पर रोहित अग्रवाल ने कहा कि जवानी कुर्बान गैंग एक्टिवेट हो जाओ, भैया जी को नोटिस आया है। दूसरी ओर कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि बीजेपी यह काम अखिलेश यादव को घेरने के लिए कर रही है। मीडिया से मुखातिब अजय राय ने कहा कि अखिलेश यादव इंडिया गठबंधन का मजबूत हिस्सा है,इसलिए बीजेपी उन्हें पुराने मामलों के जरिए घेरने की कोशिश कर रही है। सीबीआई सूत्र ने कहा कि सीबीआई ने उत्तर प्रदेश के पूर्व सीएम अखिलेश यादव को रेत खनन से संबंधित उच्च न्यायालय द्वारा संदर्भित एक मामले में एजेंसी के सामने पेश होने के लिए कहा है। उन्हें कल 29 फरवरी को दिल्ली में सीबीआई के समक्ष गवाह के रूप में जांच में शामिल होने के लिए कहा गया है।

# लखनऊ आ जाएं अधिकारी जांच के लिए तैयार हूं

## सीबीआई के समन पर दिल्ली नहीं पहुंचे अखिलेश यादव

लखनऊ,जीएनएस। उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और समाजवादी पार्टी



के मुखिया अखिलेश यादव आज (29 फरवरी) सीबीआई के सामने पेश नहीं होंगे। केंद्रीय एजेंसी ने खनन घोटाला मामले में अखिलेश यादव को तलब किया था। अखिलेश यादव का कहना है कि मैं जांच में सहयोग करने के लिए तैयार हूं लेकिन अधिकारी लखनऊ आ जाएं। यह बात उन्होंने दिल्ली न जाने के बाद कही है। आपको बता दें कि सीबीआई ने सपा प्रमुख अखिलेश यादव को बतौर गवाह बयान दर्ज कराने के लिए नोटिस भेजा था। अखिलेश यादव को आज ही दिल्ली आकर अपना बयान दर्ज कराना था, लेकिन सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, सपा प्रमुख आज सीबीआई के सामने पेश नहीं होंगे। मिली जानकारी के मुताबिक, केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने मामला दर्ज करने के 5 साल बाद अवैध खनन मामले में समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव को बृहस्पतिवार को पूछताछ के लिए एक गवाह के रूप में बुलाया है। अधिकारियों ने बताया कि दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा 160 के तहत जारी नोटिस में एजेंसी ने उन्हें 2019 में दर्ज मामले के संबंध में 29 फरवरी को पेश होने के लिए कहा था। इस धारा के तहत पुलिस अधिकारी को जांच में गवाहों को बुलाने की अनुमति होती है। मामला ई-निविदा प्रक्रिया का कथित उल्लंघन कर खनन पट्टे जारी करने से संबंधित है।

## अकबरनगर में कबाड़ियों का मोलभाव

# 100 करोड़ की जमीन पर बनी दुकानों के सामान का हजारों में कर रहे सौदा

लखनऊ,जीएनएस। अकबरनगर में कबाड़ियों ने मोलभाव शुरू कर दिया है। 100 करोड़ की जमीन पर बनी 24 दुकानों पर कबाड़ी मौजूद हैं। यहीं पर दुकानें तोड़ी गई हैं। इस दौरान बचे सामान का कुछ हजार रूपए में सौदा कर रहे। कार्रवाई के बाद से आस-पास सन्नाटा पसरा हुआ है। बड़ी संख्या में कबाड़ी सामान ढो कर ले जा रहे।ताजमहल और सम्राट फर्नीचर सहित 24 दुकानों तो तोड़ा गया है। इसके बाद से यहां पर सुबह से आस-पास के कबाड़ी इकट्ठा हो गए हैं। इसमें दुकानों के सरिया का ठेका दस से पंद्रह हजार तक में हुआ है। कबाड़ी मुन्ना ने बताया कि 30 रुपए प्रति किलो सरिया की दर है। इसे साढ़े तीन हजार रूपए प्रति क्विंटल बेचेंगे। एक दुकान से 10 क्विंटल सरिया निकलने का



अनुमान है। इसके लिए दुकानदारों को नगदी देकर ही अंदर जा रहे। जितना माल निकल रहा उसका आधा दुकानदार और आधा कबाड़ी वाले ले रहे। दुकानों से सरिया और लोहे का सामान निकाल रहे कबाड़ी आपस में ही भिड़ गए। मौके पर मौजूद पुलिस ने बहस और धक्का मुक्की की रहे कबाड़ियों को भगा दिया। अलग-अलग 24 दुकानों पर 100 से अधिक कबाड़ी पहुंचे हैं, जो सुबह से ही सरिया निकाल कर ले जा रहे।

### अधिवक्ताओं से मारपीट, 6 उप निरीक्षक समेत 18 पुलिसकर्मियों पर मुकदमा दर्ज

लखनऊ,जीएनएस। उत्तर प्रदेश के लखनऊ के विभूति खंड क्षेत्र में हाल ही में कुछ अधिवक्ताओं से मारपीट करने और साजिशन मुकदमे में फंसाने के आरोप में छह उप निरीक्षक समेत 18 पुलिसकर्मियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई। सूत्रों ने बताया कि बुधवार देर रात विभूति खंड थाने में मुकदमा दर्ज किया गया। 23 फरवरी की रात



विभूति खंड स्थित 'समिट बिल्डिंगश् में खाना खाने गए अधिवक्ता अभिषेक सिंह चैहान, रोहित रावत, अभिषेक पांडे, मुकुल सिंह और उनके कुछ अन्य साथियों को, दो पक्षों के बीच झगड़े की सूचना पाकर मौके पर पहुंचे उपनिरीक्षक राहुल बालियान और उनके साथ ही पुलिसकर्मियों ने बुरी तरह पीटा। सूत्रों ने बताया कि इससे अधिवक्ता रोहित रावत का हाथ टूट गया और अभिषेक चैहान की नाक की हड्डी टूट गई। रिपोर्ट में यह भी आरोप लगाया गया है कि पुलिस ने पीड़ित अधिवक्ताओं को रातभर थाने में बैठा कर उनके साथ ''अपमानजनक व्यवहार किया और 'समिट बिल्डिंगश् में दो पक्षों के बीच हुए झगड़े के मामले में साजिशन इन अधिवक्ताओं को भी ''अभियुक्त बना दिया।इस मामले में उप निरीक्षक राहुल बालियान, जसीम रजा, प्रमोद कुमार सिंह, फूलचंद, रितेश दुबे और विनय गुप्ता तथा सिपाही ए. के. पांडे के खिलाफ नामजद तथा 10-12 अज्ञात पुलिसकर्मियों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 147 (उपद्रव करना), 323 (जानबूझकर चोट पहुंचाना), 325 (स्वेच्छा से गंभीर चोट पहुंचाना) और 504 (धमकाना) के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

# राजपाठ नहीं मिला तो मैं होली नहीं मनाऊंगाः राजभर

लखनऊ,जीएनएस। यूपी में लोकसभा चुनाव 2024 खातिर सभी पार्टियां तैयारी में जुटी है। बयानबाजी का भी दौर जारी है। इसके बीच सुहलदेव भारतीय समाज पार्टी के अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर का गुरुवार को बड़ा बयान सामने आया है।उन्होंने कहा है कि यदि राजपाठ नहीं मिला तो मैं होली नहीं मनाऊंगा।

राजभर ने कहा, भर जाति का राज पाठ होली के दिन ही गया था, इसलिए मैं होली नहीं मनाऊंगा। ओम प्रकाश राजभर से मंत्री पद को लेकर सवाल किया, राजभर ने कहा कि आप देखते जाइए क्या होता है? हम तो होली मनाते नहीं है, क्योंकि हमने इतिहास पढ़ा है कि भर जाति का राजपाट होली के दिन ही छीना गया था। जब इस देश में 585 राजा होते थे, तो देश में 165 अकेले भर जाति के राजा थे। ये इतना मस्त हो गए कि होली के दिन खिला पिलाकर राजपाट छीन लिया गया। इसलिए जब तक मैं राजपाट नहीं ले लेता हूं, तब तक मैं होली नहीं मनाऊंगा। ओम प्रकाश राजभर बीते साल जुलाई, 2023 में एनडीए में शामिल हुए थे, राजभर को एनडीए में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शामिल करवाया था। इसके बाद लगातार राजभर दावा करते हुए दिखायी दिए कि उन्हे मंत्रिमंडल में शामिल किया जाएगा। लेकिन अभी तक नतीजा शिफर। मंत्री न बनाए जाने पर राजभर का दर्द एक बार फिर सामने आया। राजभर ने कहा कि लोकतंत्र में प्रदेश का राजा मुख्यमंत्री और देश का राजा प्रधानमंत्री होता हैं। हम तो हमेशा से ही वंचितों को जगाने का काम करते रहते हैं। सुभासपा प्रमुख ने इस दौरान राज्यसभा चुनाव में सपा विधायकों द्वारा की गई क्रॉस वोटिंग पर भी तंज कसा और कहा कि ष्आपने देखा होगा कि उनका दाहिना हाथ कहे जाने वाले मनोज पांडे भी उधर चले गए।



# विश्व के 100 लोगों में शामिल हुईं साहित्यकार शमा परवीन

## दिल्ली में मिला कबीर कोहिनूर सम्मान



बहराइच, जीएनएस। सतगुरु कबीर आश्रम सेवा संस्थान के तत्वाधान में विश्व वंदनीय संत सम्राट सतगुरु कबीर साहब के 56वें महापरिनिर्वाण महोत्सव के अवसर पर डॉ अंबेडकर अंतरराष्ट्रीय केंद्र दिल्ली में सम्मानित किया। साहित्यकार और शिक्षक को सम्मान मिलने पर जिले के लोगों में खुशी है। दिल्ली में भारत भूषण संत डॉ. नानक दास के कुशल नेतृत्व में कई संतों की उपस्थिति में बहराइच उत्तर प्रदेश की मशहूर लेखिका शमा परवीन को सम्मान मिला है। उन्हे बाल साहित्य के लिए कबीर कोहिनूर सम्मान 2024 से सम्मानित किया गया। जिसमें राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, असम के मुख्यमंत्री हिमन विश्व वर्मा व राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने लिखित सन्देश पत्र भेज कर शुभकामनायें प्रेषित की। समारोह में मुख्य अतिथी विश्व शांति दूत आचार्य डॉ. लोकेश मुनि महाराज अहिंसा विश्व भारती, आचार्य विचार दास महाराज, महामंडलेश्वर महंत नवल किशोर रामायणी, पीठाधीश्वर महंत रमैयादास महाराज, महंत स्वामी जितेंद्रानंद सरस्वती, डॉ. परिन सोमानी यूनाइटेड किंगडम, डॉ. विषु हरि नेपाल, डॉ सौरव पांडे जिंबॉब्वे, राज्यऋषि संमता राम महाराज पुष्कर, प्रशांत कोतवाल राष्ट्रीय संगठन मंत्री मौजूद रहे। साहित्यकार को सम्मान मिलने पर जिले के अन्य शिक्षकों और साहित्यकार ने हर्ष जताया है। साहित्यकार ने बताया कि शिक्षा, साहित्य और समाज क्षेत्र में बेहतर कार्य करने पर उन्हें सम्मान मिला है।

# वन कर्मियों और नेपाल से आये शिकारियों के बीच मुठभेड़, दो गिरफ्तार

## अंधेरे का लाभ उठा अन्य शिकारी नेपाल सीमा की ओर हुए फरार



बहराइच, जीएनएस। जनपद के अब्दुल्लागंज रेंज के जंगल में बुधवार रात को कांबिंग के दौरान वन कर्मियों और नेपाली शिकारियों के बीच मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ में दो नेपाली शिकारी भरुआ बंदूक और अन्य सामान के साथ गिरफ्तार किए गए। जबकि अन्य अंधेरे का लाभ उठाकर नेपाल सीमा की ओर फरार हो गए। वन विभाग ने पकड़े गए शिकारियों के विरुद्ध रेंज केस दर्ज कर जेल भेज दिया है। बरामद सामान को सीज कर दिया है। बहराइच वन प्रभाग का जंगल नेपाल सीमा से सटा हुआ है। इस जंगल में आए दिन नेपाली शिकारियों की आमद रहती है। इसको देखते हुए डीएफओ ने वन कर्मियों को कांबिंग के निर्देश दिए। बुधवार शाम को अब्दुल्लागंज रेंज के वन क्षेत्राधिकारी पंकज साहू की अगुवाई में वन दोराग दिनेश पांडेय, सुरेश पासवान, शंभू यादव, मनोज तिवारी, वन रक्षक सुरेश वर्मा, देव वर्मा और रूपईडीहा रेंज के वन क्षेत्राधिकारी अतुल श्रीवास्तव की अगुवाई में टीम जंगल में कांबिंग कर रही थी। कांबिंग के दौरान अब्दुल्लागंज रेंज के कक्ष संख्या पांच में रात को कुछ शिकारियों की आहट मिली। इस पर वन कर्मियों ने घेराव शुरू किया तो शिकारियों की ओर से फायरिंग शुरू कर दी गई।

वन विभाग की ओर से भी शिकारियों को पकड़ने के लिए फायरिंग की गई। वन विभाग और शिकारियों के बीच लगभग आधे घंटे तक मुठभेड़ हुई। इसके बाद विभाग ने दो शिकारियों को गिरफ्तार कर लिया। उनके पास से भरुआ बंदूक और जाल के साथ अन्य धारदार हथियार बरामद हुए। सभी समान को सीज कर शिकारियों को जेल भेज दिया गया है। दोनों शिकारी नेपाल के निवासी हैं।

# मांगें पूरी न होने तक ऑनलाइन कार्य का विरोध करेंगे शिक्षक

बहराइच, जीएनएस। डिजिटलाइजेशन के विरोध में उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ की बैठक ब्लाक संसाधन केंद्र पर अध्यक्ष अखिलेश कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में हुई। जिसमें रजिस्टर व छात्र डिजिटलाइजेशन के विरोध में प्रांतीय नेतृत्व के निर्देशों से शिक्षकों को अवगत कराते हुए आंदोलन को धार देने की रूपरेखा तैयार की गई। ब्लॉक संसाधन केंद्र पर में गुरुवार को आयोजित उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ की बैठक को सम्बोधित करते हुए ब्लाक अध्यक्ष अखिलेश मिश्रा ने कहा कि सरकार नित नए नए आदेश कर शिक्षकों का उत्पीड़न कर रही है, शिक्षकों की समस्याओं को नजरअंदाज कर आये दिन उनपर तुगलकी फरमान थोपे जा रहे है, जिसे शिक्षक बर्दाश्त नही करेगा। मिश्र ने कहा कि छात्र उपस्थित व रजिस्टर के डिजिटलाइजेशन के आदेश को शिक्षक तब तक मंजूर नहीं करेगा जब तक उनकी समस्याओं से सम्बंधित मांगे नहीं मानी जायेगी। बैठक को सम्बोधित करते हुए ब्लाक मंत्री सुशील मिश्रा ने कहा कि टैबलेट का प्रयोग मांगे पूरी होने की दशा में ही होगा। उन्होंने शिक्षकों को प्रांतीय नेतृत्व के निर्देशों से अवगत कराते हुए कहा कि सभी शिक्षक 1 मार्च से 5 मार्च तक हाथों में काली पट्टी बांधकर शिक्षण कार्य करने के साथ ही जनप्रतिनिधियों को ज्ञापन देकर अपनी समस्याओं से अवगत कराएंगे और 11 मार्च को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर धरना प्रदर्शन कर ज्ञापन देंगे। शिक्षक नेताओं ने आंदोलन को गति प्रदान करने के लिए न्याय पंचायत वार टीमें गठित कर शिक्षको, शिक्षामित्रों एवं अनुदेशकों को एकजुटता के साथ जुटने का आह्वान किया।

# संक्षिप्त खबरें...

## पत्नी की हत्या में पति को आजीवन कारावास

बांदा, जीएनएस। जनपद में पत्नी की चारपाई की पाटी से पीट-पीट कर हत्या करने वाले दोषी पति को न्यायालय ने आजीवन कारावास की सजा और 30 हजार रुपये जुर्माने से दंडित किया है। लोक अभियोजक देवदत्त मिश्र ने बताया कि तिंदवारी थाना क्षेत्र के धौसड़ गांव में 15 जुलाई 2019 को आरोपी अशोक कुमार सिंह उर्फ अशोक कुमार पटेल ने अपनी पत्नी सरला की चारपाई की पाटी से पीटकर हत्या कर दी थी। मृतका सरला के भाई देहात कोतवाली क्षेत्र के फतपुरवा गांव निवासी आलोक सिंह ने तिंदवारी थाने में आरोपी पति के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कराया था। इसकी विवेचना तत्कालीन इंस्पेक्टर नीरज कुमार सिंह ने की थी। साक्ष्यों का संकलन कर चार दिसंबर 2019 को न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था। लोक अभियोजक समेत कोर्ट मोहर्रिर शांति देवी, पैरोकार रोहित के प्रयास से सुबूत और गवाहों की गवाही के आधार पर न्यायालय एडीजे गैंगस्टर ने दोषी अशोक कुमार सिंह को सजा सुनाई है।

## खेलते समय नाले में गिरा बच्चा, मौत, पैर फिसलने से हुआ हादसा

उरई/जालौन, जीएनएस। जालौन में अपने साथियों के साथ खेल रहे 8 वर्षीय बच्चे की नाले में गिरकर डूबने से मौत हो गई। इस घटना से इलाके में हड़कंप मच गया। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची, जिन्होंने किशोर के शव को लोगों की मदद से बाहर निकाला और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना जालौन कोतवाली क्षेत्र के ग्राम व्यासपुरा की है। गांव के रहने वाले श्रीराम का 8 वर्षीय बेटा हर्ष गांव के बाहर मलंगा नाले की पुलिया पर बच्चों के साथ बुधवार शाम को खेल रहा था, तभी खेलते खेलते उसका पुलिया के पास पैर फिसल गया, जिससे वह मलंगा नाले में गिर गया। पानी का तेज बहाव होने के कारण वह बह गया और उसकी डूबने से मौत हो गई। इसको देख अन्य बच्चे डर गए और उन्होंने सूचना घरवालों को दी। जानकारी मिलते ही ग्रामीण परिजनों के साथ मौके पर पहुंचे। कड़ी मशक्कत करने के बाद बच्चे के शव को खोजा जा सका। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। परिजनों ने बताया कि हर्ष दो भाई थे। वहीं बच्चे की मौत से घर वालों का रो-रो कर बुरा हाल है।

## साहब...दो साल से पति को गायब कर दिया, अब प्रधान का भाई कर रहा है शोषण

उरई/जालौन, जीएनएस। डकोर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला न्याय की गुहार लगाते हुए एएसपी कार्यालय पहुंची। उसने शिकायती पत्र देते हुए बताया कि उसी के गांव का ग्राम प्रधान का भाई उसका दो साल से शारीरिक शोषण कर रहा है। साथ ही, उसके पति को कहीं गायब कर दिया है। महिला ने मदद की गुहार लगाई है। डकोर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने एएसपी को शिकायती पत्र देते हुए बताया कि उसके गांव के ग्राम प्रधान के भाई से दो वर्ष पूर्व उसके पति ने कुछ रुपये उधार ले लिए थे। इस पर प्रधान का भाई उसके पति से रुपये मांगने आता था। वहीं, रुपये न देने पर उसने उसके पति को कहीं गायब कर दिया। महिला का आरोप है कि पति के गायब होने के बाद से आज तक प्रधान का भाई उसका शारीरिक शोषण कर रहा है। साथ ही, शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी देता है। महिला ने पुलिस से सुरक्षा और न्याय मांगा है।

## एएमयू के भौतिक विभाग में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया गया

अलीगढ़, जीएनएस। अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के भौतिकी विभाग द्वारा राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया, जो भारतीय भौतिक विज्ञानी सर सी. वी. रमन द्वारा रमन प्रभाव की खोज करने के लिए मनाया जाता है, जिसके लिए उन्होंने नोबेल पुरस्कार प्रदान किया गया था। मुख्य अतिथि, एचएनबी गढ़वाल विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. एस.के. सिंह ने सर सी.वी. रमन के वैज्ञानिक कौशल के बारे में बात की और वर्तमान संदर्भ में उनकी खोज की प्रासंगिकता पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि छात्रों को उनके शिक्षकों द्वारा किए गए वैज्ञानिक शोधों से अवगत कराया जाना चाहिए क्योंकि इससे भविष्य के वैज्ञानिकों को तैयार करने में मदद मिलेगी और देश को वैज्ञानिक नवाचारों में आगे ले जाया जाएगा। सम्मानित अतिथि, प्रोफेसर एस. उमाशंकर (भौतिकी विभाग, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान मुम्बई) ने एएमयू के अपने सहयोगियों को याद किया, जिनके साथ उन्होंने विभिन्न विषयों पर कार्य किया था और शोध व्याख्यानों को साझा किया। उन्होंने छात्रों और युवा शिक्षकों से आधुनिक वैज्ञानिक दृष्टिकोण और आलोचनात्मक योग्यता अपनाने और अपनी पढ़ाई में सामने आने वाली हर चीज पर सवाल उठाने का आग्रह किया। उन्होंने संध्याकालीन के सत्र में 'न्यूट्रिनोः हम क्या जानते हैं और क्या नहीं' विषय पर एक व्याख्यान भी दिया। विशेष अतिथि, प्रोफेसर कजरी मजूमदार (उच्च ऊर्जा भौतिकी विभाग, प्राकृतिक विज्ञान स्कूल, टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ फंडामेंटल रिसर्च, मुंबई) ने बताया कि एएमयू के अनेक शिक्षकों का टीआईएफआर के साथ सहयोग है और नए विचारों के लिए हमेशा जगह होती है। उन्होंने छात्रों से विज्ञान को एक मनोरंजक प्रवृत्ति के रूप में पढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने 'हिग्स बोसोनः क्यों और कैसे?' विषय पर व्याख्यान दिया।

# दो फायर स्टेशनों का उद्घाटन, सीएम ने वर्चुअली किया शुभारंभ




अमेठी, जीएनएस। प्रदेश के अलग-अलग जिलों में बने 34 फायर स्टेशनों का आज मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वर्चुवाली उद्घाटन किया। अमेठी में भी दो फायर स्टेशनों का उद्घाटन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वर्चुअली किया। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरी, एसपी अनूप सिंह समेत कई जनप्रतिनिधि और अधिकारी मौजूद रहे।

दोनों फायर स्टेशनों की लागत करीब 13 करोड़ रुपए है। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज प्रदेश के अलग अलग जिलों में बने 34 नए फायर स्टेशनों का उद्घाटन वर्चुअली किया, जिसमें अमेठी के भी दो फायर स्टेशन शामिल रहे। इस दौरान एसपी अनूप कुमार सिंह और जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरि, सीडीओ सूरज पटेल समेत जनप्रतिनिधि और पुलिस के अधिकारी मौके पर मौजूद रहे। अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस इन नए फायर स्टेशनों के उद्घाटन के बाद अब आग पर काबू पाने में फायर ब्रिगेड को बड़ी सहूलियत मिलेगी। गौरीगंज में बने फायर स्टेशन की लागत चार करोड़ 39 लाख रुपए है, जबकि जगदीशपुर में बने फायर स्टेशन की लागत 8 करोड़ 36 लाख 44 हजार रुपए है। वही उद्घाटन को लेकर एसपी अनूप सिंह ने कहा कि आज मुख्यमंत्री ने प्रदेश के 34 नए फायर स्टेशनों के उद्घाटन किया है। इसी कड़ी में अमेठी के भी दो फायर स्टेशनों के उद्घाटन मुख्यमंत्री द्वारा किया गया है। इस दौरान कई जनप्रतिनिधि मौके पर मौजूद रहे।

# बोर्ड परीक्षा केंद्र का डीएम ने किया औचक निरीक्षण

## परीक्षा को नकल विहीन और शांतिपूर्ण संपन्न कराना प्रसाशन की जिम्मेदारी- डीएम



अमेठी, जीएनएस। बोर्ड परीक्षाओं को शांतिपूर्ण और नकल विहीन सम्पन्न कराने के लिए डीएम और एसपी लगातार परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर रहे है। आज अमेठी के गौरीगंज ब्लाक स्थित बाबूराम सिंह इंटर कालेज में चल रही बोर्ड परीक्षा का डीएम निशा अनंत ने औचक निरीक्षण किया। इस दौरान डीएम ने परीक्षा की तैयारियों का जायजा लिया। इसके साथ ही जिला अधिकारी ने बोर्ड परीक्षा को नकल विहीन और शांतिपूर्ण तरीके से परीक्षा सम्पन कराने के लिए अधिकारियों और स्कूल प्रसाशन को निर्देश दिए। दरअसल 22 फरवरी से यूपी बोर्ड की परीक्षाएं शुरू हो गई है। ऐसे में शिक्षा विभाग के अलावा एसपी और डीएम लगातार परीक्षा केंद्रों पर जाकर निरीक्षण कर रहे है और परीक्षा का जायजा ले रहे है। आज परीक्षा के सातवें दिन हाईस्कूल और इंटरमीडिएट में विज्ञान विषय की परीक्षा हो रही है जिसमे 28 हजार 84 बच्चे हाईस्कूल की परीक्षा में पंजीकृत थे। आज विज्ञान विषय की परीक्षा में 28 हजार 84 बच्चों में 1418 बच्चे अनुपस्थिति रहे। वहीं इन्टरमीडिएट की परीक्षा में 338 छात्र छात्राओं में 5 बच्चों ने परीक्षा से किनारा कर लिया। आपको बता दे की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षा आगामी 9 मार्च तक चलेगी। गौरीगंज ब्लाक के मऊ गांव स्थित बाबू राम सिंह इंटर कालेज में चल रहे बोर्ड परीक्षा का डीएम निशा अनंत ने आज औचक निरीक्षण किया। इस दौरान डीएम ने स्कूल के कार्यालय में जाकर पत्रावलियों का बारीकी से निरीक्षण किया।

# लोजीमैट इंडिया में एडवर्ब ने लॉन्च किए तीन रोबोट

## भारत का पहला असिस्टिव डॉग ट्रैकर रोबोट, रक्षा के क्षेत्र में होगा बहुत कारगर



नोएडा, जीएनएस। रोबिटिक एवं ऑटोमेशन समाधानों में ग्लोबल लीडर ऐडवर्ब ने लोजीमैट इंडिया 2024 में तीन रोबोट्स पेश किए हैं, जो विभिन्न उद्योगों में दक्षता, सुरक्षा और स्वीकार्यता को नया आयाम देने जा रहे हैं। शो के दौरान तीन रोबोट्स का अनावरण किया गया। भारत के पहले असिस्टिव डॉग, रीहेबिलिटेशन एवं इमेजिंग के लिए अडवान्स्ड मेडिकल कोबोट और कोलाबोरोटिव रोबोट (कोबोट) जिसे संचालन की दक्षता और सुरक्षा बढ़ाने के लिए डिजाइन किया गया है। भारत का पहला असिस्टिव डॉग रोबोट ट्रैकर एक तकनीकी उपलब्धि है, जिसे फुर्ती और चपलता के लिए डिजाइन किया गया है। यह चार पैर वाला एक रोबोट है जो कुत्ते की तरह लगता है। यह किसी भी जगह पर चल सकता है, इसे चलने के लिए कोई फ्लैट जगह नही चाहिए। यह रोबोट जंगल, पहाड़ या उबड़ खाबड़ जगह पर भी चल सकता है। इसे दो जगह पर ज्यादा इस्तेमाल किया जा सकता है एक तो ऐसे डिफेंस एप्लीकेशन के लिए इस्तेमाल कर सकते हैं जैसे अगर कहीं पर भी हमारे सैनिक नहीं जा सकते हैं वहां यह पहुंच सकता है अगर कहीं पर माइंस बचा हुआ है और वहां पर किसी भी सैनिक को नहीं भेजना चाहते हैं तो वहां पर इस रोबोट को भेज सकते हैं यह वहां पर काफी कारगर सिद्ध होगा। यह काफी जगह पर सर्वलाइंस के लिए भी उसे होता है। यह विभिन्न उद्योगों जैसे निर्माण, तेल अन्वेषण, सुरक्षा और रक्षा में उपयोगी है। स्वचालित रूप से संचालित होने वाला ट्रैकर किसी युनिट के इंस्पेक्शन, पेट्रोलिंग, सर्विलान्स में कारगर है और किसी भी कार्यबल के लिए उपयोगी है। इसी तरह मेडिकल कोबोट हील रीहेबिलिटेशन और इमेजिंग के प्रति अपने आधुनिक दृष्टिकोण के साथ हेल्थकेयर में बड़े बदलाव लेकर आएगा। मनुष्य-रोबोट इंटरैक्शन में विशेषज्ञ हील, स्ट्रोक के मरीजों के लिए फिजिकल एवं रीहेबिलिटेशन थेरेपी में कारगर है तथा रिमोट इमेजिंग प्रक्रियाओं जैसे अल्ट्रासाउण्ड और एमआरआई स्कैन में मदद करता है। ऐडवर्ब ने हील के साथ हेल्थकेयर रोबोटिक सेक्टर में प्रवेश किया है, इसके साथ उद्योग जगत में नई आधुनिक प्रगति की शुरूआत हुई है। इसी तरह कोलाबोरेटव रोबोट सिन्क्रो, कार्यस्थल पर साझेदारियों तथा वेयरहाउस एवं फैक्टरियों में उत्पादकता का नया दौर शुरू करेगा, जिसे मनुष्य के साथ शेयर्ड स्पेस में काम करने के लिए डिजाइन किया गया है। आधुनिक सुरक्षा फीचर्स के साथ इस्तेमाल में आसान सिन्क्रो मैनुफैक्चरिंग से लेकर लॉजिस्टिक्स तक विभिन्न कामों को आसान बनाता है। इसका यूजर-फ्रैंडली इंटरफेस मौजूदा कार्यबल में आसान इंटीग्रेशन को सुनिश्चित करता है,

# आज 100 बायर्स को मिलेगा मालिकाना हक, बिल्डर सोसाइटी में कैंप लगाकर होगी रजिस्ट्री



नोएडा, जीएनएस। अमिताभ कांत की सिफारिश लागू होने के बाद पहली बार 1 मार्च को 100 बायर्स को मालिकाना हक मिलेगा। कार्यक्रम एक्सप्रेस बिल्डर एंड प्रमोटर्स सेक्टर-77 में किया जाएगा। यहां प्राधिकरण, बायर्स और निबंधन विभाग के अधिकारी मौजूद रहेंगे। कैंप लगाकर रजिस्ट्री होगी। सिफारिश के तहत कुल 35 बिल्डरों ने सहमति दी है। ये सभी बिल्डर 2209 करोड़ रुपए प्राधिकरण में जमा कर देते है तो 13 हजार 639 होम बायर्स को उनको मालिकाना हक मिल जाएगा। सिफारिश के तहत अभी इसी बकाया का 25 प्रतिशत जमा किया जा रहा है। ये कुल बकाया के 552.51 करोड़ है। इसके जमा होने पर 3412 रजिस्ट्री हो जाएगी। प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी लोकेश एम ने बताया कि अभी 29.86 करोड़ रुपए प्राधिकरण में जमा हुए है। इसमें करीब 600 बायर्स को मालिकाना हक मिलेगा। एक मार्च को हम 100 बायर्स की रजिस्ट्री करेंगे। इसके लिए कैंप लगाया जाएगा। बाकी रजिस्ट्री के लिए भी बिल्डर सोसाइटी में कैंप लगाए जाएंगे। अमिताभ कांत समिति के प्रस्तावों को कैबिनेट की मंजूरी मिलने के बाद शासनादेश की शर्तों का पालन कर सहमति देने के लिए नोएडा प्राधिकरण के अधिकारी बकायादार बिल्डरों के साथ लगातार बैठकें कर रहे हैं। इस शासनादेश में मुख्य रूप से एक अप्रैल 2022 से 31 मार्च 2022 तक के काल को कोविड काल मानते हुए जीरो पीरियड का लाभ दिया जाना है।

# जालौन पुलिस ने अवैध असलहा फैक्ट्री का किया खुलासा, एक आरोपी गिरफ्तार

## 14 तमंचे और भारी मात्रा में अर्द्धनिर्मित हथियार मिले

उरई/जालौन, जीएनएस। जालौन की डकोर कोतवाली पुलिस को



एसओजी और सर्विलांस टीम की मदद से बड़ी कामयाबी मिली है। पुलिस ने अवैध असलहा बनाने वाली फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है। इस दौरान पुलिस ने असलहा बनाने वाले व्यक्ति को गिरफ्तार किया है, जिसके पास से भारी मात्रा में बने और अर्धनिर्मित असलहा और असलहा बनाने वाले उपकरणों को बरामद किया है। मामले का खुलासा करते हुए जालौन के अपर पुलिस अधीक्षक असीम चैधरी ने बताया कि लोकसभा चुनाव को लेकर अपराधियों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत डकोर कोतवाली पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है। पुलिस ने एसओजी और सर्विलांस टीम की मदद से कस्बे के सरसों के खेत में छापा मारते हुए अवैध असलहा बनाने वाली फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है।

# बड़ोखरखुर्द पहुंचा डेनमार्क का समीक्षा दल

## जल जीवन मिशन योजना का किया निरीक्षण



बांदा, जीएनएस। आज भारत-डेनमार्क ग्रीन स्ट्रेटजिक पार्टनरशिप के तहत डेनमार्क से सहायता प्राप्त यूनॉप्स के जल जीवन मिशन के अंतर्गत चिन्हित मॉडल विलेज के मिड-टर्म-रिव्यू के लिए एक समीक्षा दल का बड़ोखर खुर्द विकास खंड के बड़ोखर खुर्द गांव में हुआ।

यहां पर जल शक्ति मंत्रालय भारत सरकार के अंतर्गत जल जीवन मिशन के सेक्टर पार्टनर द्वारा ग्राम कार्य योजना, ग्राम पेयजल एवं स्वच्छता समिति तथा ग्राम पंचायत विकास योजना के बिंदुओं का निरीक्षण दल द्वारा निरीक्षण किया गया। निरीक्षण दल में मुख्य समीक्षक क्लेस क्लेफोर्ट विदेश मंत्रालय डेनमार्क सरकार, डेनमार्क दूतावास से मिस गिनीसा स्ट्रेटजिक सेक्टर कोआपरेशन प्रोग्राम आफिसर, निकोलाई जूनियर एसोसिएट पालिटिकल एंड इकानॉमिक रहे। भारत और डेनमार्क अपने साझेदारी के 75वां वर्ष मना रहे हैं, ऐसे में जल जीवन मिशन और स्वच्छ भारत मिशन में मुख्य सहयोगी एवं साझेदारी के रूप में डेनमार्क और भारत सरकार एक दूसरे के साथ मिलकर ऊर्जा क्षेत्र में तथा सामुदायिक विकास में मिलकर काम कर रही है। जिलाधिकारी द्वारा यूनॉप्स के कार्य पद्धति पर संतोष व्यक्त करते हुए अपनी परिधि बढ़ाने का आग्रह किया गया। वहीं मुख्य समीक्षक क्लेस क्लेफोर्ट ने एक रेगुलेटरी अथॉरिटी बनाने का सुझाव दिया। टीम ने कलेक्ट्रेट बांदा स्थित अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे कार्यालय में वाटर सप्लाई स्कीम का माडल देखा।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक- डॉ. वरुण कुमार उपाध्याय द्वारा मीडिया टेक्स्ट प्रा.लि.,जी.टी. रोड रोहनियां, वाराणसी से मुद्रित कराकर एन 8/250 टी 24ए, राजेन्द्र विहार कॉलोनी, सुन्दरपुर, वाराणस-221005 से प्रकाशित। स्थानीय सम्पादक- *प्रवीण कुमार राय*
RNI No. : UPHIN/2023/84879 Mob. - 9335988525 Email : pdnewsvns@gmail.com
समस्त विवादों का निस्तारण वाराणसी न्यायालय के अधीन ही होंगे। खबरों के लिए स्थानीय संपादक जिम्मेदार होंगे।

# प्रधानमंत्री बताएं, तमिलनाडु सरकार ने केंद्र की कौन सी परियोजनाएं रोकीं

## मुख्यमंत्री स्टालिन का पीएम मोदी पर पलटवार

चेन्नई,एजेंसी। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन ने बृहस्पतिवार कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को यह बताना चाहिए कि राज्य सरकार ने किन केंद्रीय योजनाओं को रोका है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने जन कल्याण को ध्यान में रखते हुए केवल राष्ट्रीय पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा (एनईईटी) और नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) का विरोध किया था। स्टालिन मोदी के इस दावे पर प्रतिक्रिया दे रहे थे कि तमिलनाडु में केंद्रीय योजनाओं के कार्यान्वयन को लेकर द्रविड़ मुन्नेत्र कषगम (द्रमुक) के नेतृत्व वाली राज्य सरकार की तरफ से सहयोग नहीं मिला है। प्रधानमंत्री ने राज्य के दक्षिण



हिस्से में स्थित तिरुनेलवेली में बुधवार को एक जनसभा के दौरान ये दावे किए थे। स्टालिन ने मोदी के बार-बार तमिलनाडु की यात्रा करने का जिक्र करते हुए कहा कि 'उनके चेहरे पर हार का डर स्वाभाविक है और यह आक्रोश के रूप में प्रकट हो रहा है।' मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री द्रमुक और इसकी सरकार को बदनाम कर रहे हैं। स्टालिन ने शुक्रवार को अपने 71वें जन्मदिवस से पहले पार्टी कार्यकर्ताओं को लिखे पत्र में कहा, 'उनका कहना है कि हम उनके द्वारा शुरू की गई परियोजनाओं को रोक रहे हैं। उन्हें बताना चाहिए वे कौन सी परियोजनाएं लाये थे, जिनमें हमने बाधा डाली।' उन्होंने पूछा कि क्या द्रमुक एम्स या मेट्रो रेल के खिलाफ है और क्या सरकार कभी भी केंद्रीय परियोजना के लिए जमीन आवंटित करने में कतराई है। स्टालिन ने कहा, प्रधानमंत्री फिजूल आरोप लगा रहे हैं। उन्होंने कहा कि द्रमुक ने कुछ केंद्रीय पहलों का विरोध किया, जिनमें एनईईटी और सीएए शामिल थे, क्योंकि ये क्रमशः छात्रों और श्रीलंकाई शरणार्थियों के हितों के खिलाफ हैं। उन्होंने कहा कि द्रमुक ने नयी शिक्षा नीति और रद्द हो चुके तीन कृषि कानूनों का भी विरोध किया। स्टालिन ने कहा कि पार्टी इन दो मुद्दों पर स्पष्ट रूप से अपना विरोध दर्ज कराती रही है। उन्होंने कहा, मोदी एक हृदयहीन सरकार का नेतृत्व करते हैं जो एक राज्य को उचित अनुदान देने से इनकार करती है, उधार लेने से रोकती है, बाढ़ राहत राशि भी मंजूर नहीं करती है। मोदी को द्रमुक की आलोचना करने का कोई अधिकार नहीं है।

## ओडिशा सरकार सभी जिलों में डिजिटल फसल सर्वेक्षण कराएगी

भुवनेश्वर। ओडिशा सरकार ने किसानों की खेती का सटीक रकबा पता लगाने के लिए राज्य भर में एक डिजिटल फसल सर्वेक्षण कराने का फैसला किया है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। यह सर्वेक्षण पहली बार वर्ष 2023-24 के खरीफ फसल सत्र में चार जिलों - नुआपाड़ा, नयागढ़, देवगढ़ और भद्रक में किया गया था। कृषि विभाग में प्रमुख सचिव अरबिंद कुमार पाधी ने कहा कि इस कार्य का विस्तार राज्य के बारी 26 जिलों तक किया जाएगा। उन्होंने कहा, ''सर्वेक्षण से हमें राज्य के विभिन्न हिस्सों में खेती-योग्य भूमि के सटीक आंकड़े प्राप्त करने और उसके हिसाब से योजना एवं नीति बनाने में मदद मिलेगी।'' इस सर्वेक्षण में केंद्र और राज्य सरकार द्वारा संयुक्त रूप से विकसित एक मोबाइल एप्लिकेशन का उपयोग किया जाएगा।

### बिहार में अब बदमाशों की खैर नहीं


# अपराध नियंत्रण विधेयक 2024 विधानसभा में हुआ पास

पटना,एजेंसी। बिहार में अपराध नियंत्रण को लेकर सरकार द्वारा लाए गया बिहार अपराध नियंत्रण विधेयक 2024 विधानसभा से पास हो गया। विधानमंडल से इस बिल के पास होने के बाद उसे मंजूरी के लिए राज्यपाल के पास भेजा जाएगा और राज्यपाल की मंजूरी मिलने के बाद बिहार में अपराध नियंत्रण को लेकर नया कानून लागू हो जाएगा। बिहार विधानसभा में सरकार की तरफ से मंत्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव ने बिहार अपराध नियंत्रण विधेयक 2024 को सदन के पटल पर रखा। मंत्री ने कहा कि राज्य के वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों, महत्वपूर्ण स्थानों, रेलवे परिसर, बस स्टैंड, खेल मैदान, सार्वजनिक संस्था, बैंक परिसर आदि जगहों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने का काम होगा। इससे अपराध आतंक विरोधी कार्रवाई में मदद मिलेगी। विधेयक में 10 धाराएं शामिल की गई हैं। 30 दिनों तक सीसीटीवी फुटेज सुरक्षित रहेगा। मंत्री ने कहा कि लोक सुरक्षा समिति इसपर नियंत्रण रखेगी। अगर संस्थान तीस दिनों के भीतर विधेयक के अनुरूप काम नहीं करते हैं तो अर्थ दंड लगाया जाएगा। लोक व्यवस्था संधारण के उद्देश्य और आसमाजिक तत्वों पर नियंत्रण रखने के उद्देश्य से इस विधेयक को लाया गया है। चार दशक वर्ष पूर्व अपराध नियंत्रण अधिनियम की परिकल्पना की गई थी, तब इस तरह के अपराध नहीं होते थे। राज्य सरकार ने बदलती स्थिति को देखते हुए, जनमानस के अनुरूप नया अधिनियम लेकर आई है। प्रभावी नियंत्रण के लिए बिहार अपराध नियंत्रण अधिनियम 2024 लाया गया है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में इस अधिनियम के लागू होने से अपराधियों को डीएम के द्वारा आदेश जारी किया जा सकेगा। बदलती परिस्थिति में अवैध शराब, अवैध खनन, महिला अपराध, बच्चों के खिलाफ अपराध, यौन शोषण से जुड़े मामले में अलग तकनीकों का इस्तेमाल हो रहा है। राज्य के नागरिकों मे असुरक्षा की भावना विकसित न हो और अपराध पर नियंत्रण के लिए सरकार नया विधेयक लाई है।

# एयरटेल के मालिक सुनील भारती मित्तल को ब्रिटेन का नाइटहुड सम्मान

## भारत-ब्रिटेन के व्यापारिक संबंधों को बढ़ावा देने का श्रेय

नई दिल्ली,एजेंसी।भारती एंटरप्राइजेज के संस्थापक और अध्यक्ष सुनील भारती मित्तल किंग चार्ल्स III द्वारा मानद नाइटहुड, नाइट कमांडर ऑफ द मोस्ट एक्सीलेंट ऑर्डर ऑफ द ब्रिटिश एम्पायर से सम्मानित होने वाले पहले भारतीय नागरिक बन गए हैं। केबीई ब्रिटिश संप्रभु द्वारा नागरिकों को दिए जाने वाले सर्वोच्च सम्मानों में से एक है। इसके जरिए विदेशी नागरिकों को मानद उपाधि से सम्मानित किया जाता है।यूके कैबिनेट कार्यालय द्वारा अनावरण किए गए मानद ब्रिटिश पुरस्कारों की सूची में, मित्तल को ब्रिटिश साम्राज्य के सबसे उत्कृष्ट आदेश के तहत केबीई प्राप्त होता है जो ब्रिटिश सम्राट द्वारा दिए गए सर्वोच्च सम्मानों में से एक है। 66 वर्षीय उद्यमी



ने एक बयान में कहा कि वह किंग चार्ल्स की ओर से मिले सम्मान से बहुत आभारी हैं। ब्रिटेन और भारत के ऐतिहासिक संबंध हैं, जो अब बढ़ते सहयोग और सहयोग के एक नए युग में प्रवेश कर रहे हैं। मैं हमारे दो महान देशों के बीच आर्थिक और द्विपक्षीय व्यापार संबंधों को मजबूत करने की दिशा में काम करने के लिए प्रतिबद्ध हूं।उन्होंने कहा कि मैं यूके सरकार का आभारी हूं, जिसका समर्थन और व्यापार की जरूरतों पर गहरा ध्यान देश को एक आकर्षक निवेश गंतव्य बनाने में महत्वपूर्ण रहा है। किसी भी क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रदान किया जाने वाला केबीई, विदेशी नागरिकों को मानद क्षमता से प्रदान किया जाता है। जबकि यूके के नागरिकों को दी जाने वाली नाइटहुड उन्हें सर या डेम की उपाधि देती है, गैर-यूके नागरिकों को उनके नाम के बाद ख्रें(या महिलाओं के लिए ३ें) सम्मान से सम्मानित किया जाता है। मानद केबीई के पिछले भारतीय प्राप्तकर्ताओं में रतन टाटा (2009), रविशंकर (2001) और जमशेद ईरानी (1997) शामिल हैं, जिन्हें दिवंगत महारानी एलिजाबेथ द्वितीय द्वारा प्रदान किया गया था।

# 1 और 2 मार्च को एमपी में इन्वेस्टर्स समिट, 40 कंपनियां करेंगी करोड़ों का इन्वेस्ट, सीएम मोहन करेंगे शुभारंभ

उज्जैन,एजेंसी। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव कल यानी 1 मार्च से उज्जैन में शुरु होने वाले का इन्वेस्टर्स समिट का शुभारंभ करेंगे। यह पहला मौका है कि उज्जैन में पहली बार रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव का आयोजन हो रहा है। 1 और 2 मार्च को उज्जैन में होने वाली इस समिट में 487 से ज्यादा कंपनियों ने शामिल होने इच्छा जताई है। वहीं 40 कंपनियों ने एक लाख करोड़ रुपये के निवेश पर सहमति दी है। निवेश बढ़ाने के लिए सरकार भोपाल-इंदौर, भोपाल बीना, जबलपुर-कटनी और मुरैना-ग्वालियर-शिवपुरी-गुना इंडस्ट्रीयल कॉरिडोर को भी शोकेस करेगी। बता दें कि प्रदेश में औद्योगिक निवेश को बढ़ाने के लिए पंद्रह साल से इंदौर में लगातार इन्वेस्टर्स समिट हो रही थी। कमल नाथ की डेढ़ साल की सरकार के समय



भी यह समिट इंदौर में हुई थी। लेकिन इस बार पहली बार उज्जैन में यह समिट हो रही है। सीएम मोहन यादव इस समिट का शुभारंभ करेंगे। इसी के साथ 39 दिन का भव्य व्यापार मेले भी लगेगा। विक्रम वर्ष की शुरुआत में पहली बार इतना बड़ा व्यापार मेला लग रहा है। इस व्यापार मेले में सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होंगे। पूरा मेला क्षेत्र को सजा दिया गया है और बाहर से भी इलेक्ट्रानिक उत्पादों एवं व्यापार मेले में खरीददारी करने के लिए लोग पहुंचेंगे। 1 मार्च यानी कल से शुरु होने वाले विक्रमोत्सव के लिए महाकाल की नगरी दुल्हन की तरह सज धज कर तैयार है। प्रमुख चैराहों पर स्वागत द्वार बनाए गए हैं। आयोजन स्थल पर तैयारियों में प्रशासनिक अमला जुटा हुआ है। बुधवार रात को प्रशासनिक अधिकारियों ने कार्यक्रम की तैयारियों का पूर्वाभ्यास भी किया। इन्वेस्टर मीट में आने वाले अतिथियों के लिए तकरीबन 300 कमरे अलग-अलग होटलों में आरक्षित किए गए हैं। सभी को इस कार्यक्रम का इंतजार है। कल से शहर में विक्रमोत्सव की शुरुआत हो जाएगी। इस दौरान व्यापार मेला समिट और कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

## अगर मुझे गिरफ्तार किया गया तो करोड़ों मराठा भूख हड़ताल करेंगे, मनोज जरांगे का दावा

मुंबई,एजेंसी। आरक्षण कार्यकर्ता मनोज जरांगे ने बृहस्पतिवार को दावा किया कि अगर उन्हें गिरफ्तार किया गया तो करोड़ों मराठा भूख हड़ताल करेंगे। महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर के एक निजी अस्पताल में पत्रकारों से बात करते हुए जरांगे ने कहा कि मराठा समुदाय अपने अधिकारों के लिए लड़ रहा है। जरांगे तीन दिन पहले जालना में अपने पैतृक गांव अंतरवाली सरती में अनशन खत्म करने के बाद निजी अस्पताल में इलाज करा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार के पास अब भी सेज सोयरे (कुनबी मराठों के रक्त संबंधी) मसौदा अधिसूचना को लागू करने का मौका है, समुदाय इसकी सराहना करेगा। पात्र कुनबी (ओबीसी) मराठों को प्रमाण पत्र जारी करने के लिए जनवरी में मसौदा अधिसूचना जारी की गई थी। जरांगे ने हाल ही में महाराष्ट्र विधानमंडल द्वारा एक विशेष श्रेणी के तहत मराठा समुदाय को दिए गए 10 प्रतिशत आरक्षण को लेकर एक बार फिर आपत्ति जताई। रविवार को महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस के खिलाफ आपत्तिजनक भाषा का इस्तेमाल करने के लिए जरांगे की आलोचना हो रही है। उन्होंने आरोप लगाया था कि भाजपा नेता उन्हें जान मारने की कोशिश कर रहे हैं। विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर ने मंगलवार को राज्य सरकार को एक विशेष जांच दल (एसआईटी) गठित करने और फडणवीस के खिलाफ जरांगे की टिप्पणियों की व्यापक जांच कराने का निर्देश दिया था। जरांगे ने कहा, मराठा समुदाय और मैं (कुनबी प्रमाणपत्र धारक मराठा) संबंधियों के लिए आरक्षण की मांग नहीं छोड़ेंगे, भले ही मुझे जेल में डाल दिया जाए। ऐसा लगता है कि (एसआईटी की) रिपोर्ट जांच से पहले तैयार होने वाली है। वे जहां चाहें मुझे रखें, मैं कहीं भी जाने के लिए तैयार हूं। उन्होंने कहा, 'मुझे एक रुपये का भी लालच नहीं है। वे मुझे गिरफ्तार कर लें। जिस रास्ते से मुझे जेल ले जाया जाएगा, वहां उसे (सरकार को) मराठा समुदाय के करोड़ों लोग भूख हड़ताल पर बैठे हुए मिलेंगे।'

# धर्मशाला टेस्ट के लिए भारतीय टीम का ऐलान,केएल राहुल हुए बाहर

नई दिल्ली,एजेंसी।भारत और इंग्लैंड के बीच पांचवें टेस्ट मैच के लिए बीसीसीआई ने स्क्वॉड का ऐलान कर दिया है। वहीं इस स्क्वॉड में केएल राहुल नहीं हैं जबकि जसप्रीत बुमराह की वापसी हुई है। दरअसल, केएल राहुल चोट के कारण इंग्लैंड के खिलाफ आखिरी टेस्ट से भी बाहर हो गए हैं। बीसीसीआई की मेडिकल टीम केएल राहुल पर कड़ी निगरानी रख रही है। साथ ही उनकी समस्या के आगे के प्रबंधन के लिए लंदन में विशेषज्ञों के साथ बातचीत भी कर रही है। वहीं बुमराह को रांची टेस्ट में आराम दिया गया था। जिसके बाद वो 7 मार्च को मैदान पर वापसी करेंगे। इसके साथ ही स्पिन गेंदबाज वॉशिंगटन सुंदर को टीम से रिलीज कर दिया गया है। वह 2 मार्च 2024 से मुंबई के खिलाफ शुरू होने वाले रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल मुकाबले के लिए अपनी रणजी ट्रॉफी टीम तमिलनाडु में शामिल होंगे।



जरूरत पड़ने पर वह पांचवें टेस्ट के लिए घरेलू मैच पूरा होने के बाद भारतीय टीम में शामिल हो सकते हैं।

रोहित शर्मा (कप्तान), जसप्रीत बुमराह (उपकप्तान), यशस्वी जायसवाल, शुबमन गिल, रजत पाटीदार, सरफराज खान, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), केएस भरत (विकेटकीपर), देवदत्त पडिक्कल, आर अश्विन, रविंद्र जडेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, मोहम्मद सिराज, मुकेश कुमार, आकाश दीप।

## इंग्लैंड के खिलाफ आखिरी टेस्ट में डेब्यू कर सकते हैं देवदत्त पडिक्कल

नई दिल्ली,एजेंसी।भारत और इंग्लैंड के बीच 7 मार्च से धर्मशाला में पांचवां और आखिरी मुकाबला खेला जाएगा। इस सीरीज में भारतीय टीम अभी तक 4 खिलाड़ियों को डेब्यू करा चुकी है। वहीं अब कहा जा रहा है कि, देवदत्त पडिक्कल को आखिरी टेस्ट में डेब्यू का मौका दिया जाएगा। भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज केएल राहुल अभी तक फिट नहीं हो सके हैं। राहुल हाल ही में अपनी चोट की जांच कराने के लिए लंदन गए थे। हिन्दुस्तान टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार राहुल



के मैच से पहले फिट हो पाने की संभावना नहीं है। धर्मशाला में मुकाबला 7 मार्च से शुरू होगा, जबकि भारतीय टीम यहां 3 मार्च को एकट्ठा होगी। बीसीसीआई के एक सूत्र ने हिन्दुस्तान टाइम्स को बताया कि, पडिक्कल धर्मशाला में डेब्यू करेंगे। राहुल के उपलब्ध होने की संभावना नहीं है और टीम प्रबंधन पडिक्कल पर नजर रखना चाहता है क्योंकि ये आईपीएल से पहले आखिरी अंतर्राष्ट्रीय मैच है। रजत पाटीदार अपने डेब्यू के बाद से एक पारी को छोड़कर खास प्रदर्शन नहीं कर सके हैं। विकेटकीपर बल्लेबाज ने 6 पारियों में 10 की औसत से 32,9,5,0,17,0 रन बनाए हैं। पाटीदार के खराब प्रदर्शन के सामने आते ही पडिक्कल का डेब्यू लगभग तय माना जा रहा था। दूसरी ओर, देवदत्त पडिक्कल ने दिखाया है कि उनके पास रेड-बॉल क्रिकेट में रन बनाने की क्षमता है। उन्होंने रणजी ट्रॉफी में कर्नाटक के लिए और फिर इंग्लैंड लायंस के खिलाफ भारत ए के लिए लगातार अच्छा प्रदर्शन किया। पिछले फर्स्ट क्लास मैचों में उनके नाम चार शतक हैं, जिसमें इंग्लैंड लायंस के खिलाफ भी एक शतक शामिल है।

# खाली होने पर रोहित और कोहली को भी खेलना चाहिए घरेलू क्रिकेटः कीर्ति आजाद

नई दिल्ली,एजेंसी।भारत की 1983 विश्व कप विजेता टीम के सदस्य कीर्ति आजाद ने गुरुवार को क्रिकेटरों के लिये रणजी ट्रॉफी खेलने के बीसीसीआई के निर्देश का समर्थन करते हुए कहा कि यह अच्छी पहल है और रोहित शर्मा तथा विराट कोहली समेत भारतीय टीम के हर सदस्य पर लागू होनी चाहिये। ईशान किशन और श्रेयस अय्यर को रणजी ट्रॉफी नहीं खेलने के कारण केंद्रीय अनुबंध गंवाना पड़ा है।आजाद ने पीटीआई वीडियो से कहा ,'' यह निर्देश बहुत अच्छी पहल है। हर किसी को रणजी ट्रॉफी खेलनी चाहिये। पांच दिन का क्रिकेट ही असली क्रिकेट है। घरेलू क्रिकेट खेलना अच्छी बात है।'' उन्होंने कहा ,'' जब भी खिलाड़ी खाली हो तो उन्हे अपने प्रदेश के लिये रणजी क्रिकेट खेलना चाहिये। चाहे वह रोहित शर्मा हो या विराट कोहली। प्रदेश ने आपको खिलाड़ी बनने का मौका दिया जिससे आप देश के लिये खेल



सके।'' उन्होंने हालांकि कहा कि सिर्फ ईशान और श्रेयस को सजा देना सही नहीं है।उन्होंने कहा ,'' सिर्फ दो को सजा देना सही नहीं है। हर किसी को सजा मिलनी चाहिये। सभी को समान नजर से देखा जाना चाहिये।'' आजाद ने इस पर टिप्पणी से इनकार कर दिया कि क्या ईशान और श्रेयस के लिये रास्ते अब बंद हो चुके हैं। उन्होंने कहा ,'' मेरा सवाल यह है कि क्या वे पर्याप्त घरेलू क्रिकेट खेल रहे हैं। वे टी20 क्रिकेट खेल रहे हैं और हर प्रदेश में टी20 क्रिकेट लीग है। जब हम खेलते थे तब सारे सदस्य प्रदेश के लिये खेलते थे और इसमें गर्व महसूस करते थे लेकिन अब ऐसा नहीं है।'' उन्होंने टी20 क्रिकेट और रणजी ट्रॉफी में संतुलन बनाने के लिये ध्रुव जुरेल और सरफराज खान की तारीफ की।

## 'लापता लेडीज' की स्क्रीनिंग में आमिर खान ने ली एक्स वाइफ किरण राव संग एंट्री

आमिर खान के प्रोडक्शन हाउस में बनी फिल्म 'लापता लेडीज' 1 मार्च को रिलीज होने जा रही है हाल ही में फिल्म की स्क्रीनिंग रखी गई, जिसमें कई स्टार्स शामिल हुए। 'लापता लेडीज' की स्क्रीनिंग की तस्वीरें इस वक्त सोशल मीडिया पर खूब चर्चा में बनी हुई हैं आमिर खान अपनी एक्स वाइफ किरण राव संग दिखे। स्क्रीनिंग में सनी देओल समेत कई दिग्गज सितारे भी शामिल हुए वहीं इस दौरान आमिर ने रेड कार्पेट पर अपनी एक्स वाइफ किरण राव के साथ भी कई सारे तस्वीरें खिंचवाई। आमिर खान की लाडली बेटी आयरा खान भी इस स्क्रीनिंग में अपने पति नूपुर शिखरे के साथ पहुंची. जो पिंक साड़ी में नजर आई फेमस फिल्ममेकर करण जौहर भी आमिर खान की फिल्म की स्क्रीनिंग में शामिल हुए।लापता लेडीज' की स्क्रीनिंग में बॉलीवुड एक्टर सनी देओल भी पहुंचे. जो इस दौरान सूट-बूट में काफी डेशिंग लगे भोजपुरी और बॉलीवुड के स्टार रवि किशन भी इस स्क्रीनिंग में पहुंचे. जिन्होंने आमिर और किरण राव संग पोज दिए। स्क्रीनिंग में लंबे वक्त के बाद आमिर खान को फिल्म 'थ्री इडियट्स' के राजू यानि एक्टर शरमन जोशी के साथ भी देखा गया वहीं फेमस सिंगर सुखविंदर सिंह भी 'लापता लेडीज' की स्क्रीनिंग में पहुंचे।





## ब्रेस्ट कैंसर बना फेमिना मिस इंडिया त्रिपुरा रिंकी चकमा की मौत की वजह, 29 साल की उम्र में हारी जिंगदी की जंग

फेमिना मिस इंडिया त्रिपुरा 2017 की खिताब धारक रिंकी चकमा का 29 वर्ष की आयु में कैंसर के खिलाफ उनकी बहादुर लड़ाई के बाद दुखद निधन हो गया। शुरुआत में 2022 में स्तन कैंसर का पता चला, ट्यूमर को हटाने के लिए उनकी सर्जरी की गई। कीमोथेरेपी से गुजरने के बावजूद, कैंसर उसके फेफड़ों और अंततः उसके मस्तिष्क तक फैल गया, जिससे मस्तिष्क में ट्यूमर हो गया। उनकी साहसी लड़ाई के बावजूद, उनके स्वास्थ्य में गिरावट आई और वह कीमोथेरेपी जारी नहीं रख सकीं। पेजेंट के आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट ने उनकी कृपा और दृढ़ संकल्प के लिए उनका सम्मान करते हुए उनके निधन की पुष्टि की।इंस्टाग्राम पर एक हार्दिक बयान में, संगठन ने उनके निधन पर शोक व्यक्त किया और उन्हें एक असाधारण महिला बताया, जो लालित्य और उद्देश्य का प्रतीक थी। नोट में लिखा गया- गहरे दुख के साथ, हम फेमिना मिस इंडिया त्रिपुरा 2017 रिंकी चकमा के निधन की खबर साझा करते हैं। एक उल्लेखनीय महिला, रिंकी वास्तव में एक ताकत थी, जो अनुग्रह और उद्देश्य का प्रतीक थी। फेमिना मिस इंडिया 2017 प्रतियोगिता में त्रिपुरा का प्रतिनिधित्व किया , उन्हें मिस ब्यूटी विद ए पर्पस के खिताब से सम्मानित किया गया, जो उनके प्रभावशाली प्रयासों और दयालु भावना का प्रमाण है।2022 में, रिंकी के जीवन में एक बड़ा बदलाव आया जब उसे स्तन कैंसर का एक असामान्य रूप, मैलिग्नेंट फीलोड्स ट्यूमर का विनाशकारी निदान मिला। ट्यूमर को हटाने के लिए सर्जरी के बाद, उसे कीमोथेरेपी सहित गहन उपचार से गुजरना पड़ा। दुर्भाग्य से, कैंसर मेटास्टेसिस हो गया और उसके मस्तिष्क तक फैल गया। जैसे-जैसे उनका स्वास्थ्य बिगड़ता गया, कीमोथेरेपी जारी रखना असंभव हो गया। 22 फरवरी को मैक्स अस्पताल साकेत में भर्ती कराया गया, उन्हें गहन चिकित्सा इकाई में वेंटिलेटर पर रखा गया था।हाल ही में, रिंकी ने इंस्टाग्राम पर अपने मेडिकल खर्चों के लिए वित्तीय सहायता की अपील की। उनकी करीबी दोस्त और फेमिना मिस इंडिया 2017 की उपविजेता प्रियंका कुमारी ने रिंकी के इलाज के लिए धन जुटाने के लिए सोशल मीडिया पर रिंकी की मेडिकल रिपोर्ट साझा की। उन्होंने अपनी पोस्ट में लिखा, ''हाय, हम अपनी दोस्त रिंकी चकमा के लिए फंड जुटा रहे हैं। उनके परिवार की सारी पूंजी खत्म हो गई है क्योंकि वह पिछले दो वर्षों से कैंसर से जूझ रही हैं। पहले उन्हें स्तन कैंसर था जिसके लिए उनका ऑपरेशन किया गया था, लेकिन बाद में यह उनके फेफड़ों और मस्तिष्क में फैल गया। वह दिल्ली के एम्स में कीमो सेशन ले रही थीं। दुर्भाग्य से, उसका स्वास्थ्य बिगड़ गया, और वह आगे कीमोथेरेपी का सामना करने में असमर्थ थी, इसलिए उसे तब तक छुट्टी दे दी गई जब तक उसका स्वास्थ्य ठीक नहीं हो जाता।रिंकी चकमा की प्रतियोगिता यात्रा मिस इंडिया त्रिपुरा 2017 प्रतियोगिता में उनकी जीत के साथ शुरू हुई। मिस इंडिया पेजेंट में फाइनलिस्ट के रूप में, उन्होंने दो उप-शीर्षक जीतकर पहचान अर्जित कीः मिस कंजेनियलिटी और ब्यूटी विद ए पर्पस। विशेष रूप से, उसी वर्ष मानुषी छिल्लर ने मिस वर्ल्ड और मिस इंडिया वर्ल्ड दोनों खिताब जीते।